छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 3 दिसंबर 2023

वर्ष - 33 | अंक -214 | पृष्ठ - 12 |

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :-
bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

हार-जीत का दावा करने में जुटे राजनीति दल पृष्ठ 3

मड़ई
अगहन बृहस्पत म लछमी माता के कहिनी पृष्ठ 4


भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया से अंतिम टी-20 भी जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित करने पर पृष्ठ 10

देश विदेश
- गाजा पट्टी में 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया
- गौहर खान पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ के नए अध्यक्ष
- दक्षिणी फिलीपींस में सैनिकों के साथ झड़प में 11 आतंकवादी ढेर

पृष्ठ 9

## सार संक्षेप

### उपराष्ट्रपति आज रायपुर में



**रायपुर।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल पहली बार एक दिवसीय छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे । मिली जानकारी के अनुसार नवा रायपुर में स्थित हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के छात्रों और शिक्षकों से चर्चा करेंगे। वहीं, मतगणना से पहले भाजपा के बड़े नेताओ का दौरा भी संभावित बताया जा रहा है।

### मोदी छवि सुधारने के लिए ले रहे हैं सेल्फी का सहारा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी गिरती छवि के कारण परेशान हैं और 224 के आम चुनाव उनकी परेशानी की सबसे बड़ी वजह है इसलिए सेल्फी का सहारा लेकर अपनी छवि सुधारने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि सेल्फी और सेल्फ के प्रति मुग्ध प्रधानमंत्री लोकसभा चुनावों से पहले बेहद असुरक्षित हैं। वह अपनी गिरती छवि को बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने कहा छवि बचाने के लिए सबसे पहले, सेना को सेल्फी पॉइंट स्थापित करने के लिए कहा गया था।

### कश्मीर में इस साल नवम्बर व सितम्बर सबसे खूनी

**जम्मू।** इस साल अभी तक सितम्बर के साथ ही नवम्बरी का महीना सबसे खूनी दर्ज किया गया है। नवंबर महीने में 7 स्थानीय आतंकवादियों सहित सत्रह लोग मारे गए हैं। इससे पहले सितम्बर महीने में भी 17 मौतें कश्मीर ने देखी थी। सितंबर और नवंबर को छोड़कर, आतंक संबंधी घटनाओं के कारण हताहतों की संख्या 17 से नीचे दर्ज की गई। उपलब्ध आंकड़ों से पता चलता है कि नवंबर में जम्मू कश्मीर में 7 स्थानीय आतंकी, 2 गैर-स्थानीय आतंकी, 2 घुसपैठिए, 5 सैनिक और एक बीएसएफ जवान मारे गए। नवंबर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच 5 मुठभेड़ें हुईं, जो शोपियां, समनु कुलगाम, कालाकोट राजौरी और अरिहाल पुलवाम के कैथोहलान इलाके में हुईं। इसके अलावा परिगाम पुलवाम में भी गोलीबारी हुई, जहां आतंकवादी घेराबंदी तोड़ने में कामयाब रहे।

### आर्थिक लाभ के लिए राष्ट्रवाद से समझौता नहीं : धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राष्ट्र की प्रगति में तेजी लाने के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि इसके लिए प्रत्येक नागरिक को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए। श्री धनखड़ ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद स्मारक व्याख्यान माला-223 में कहा 'एक आर्थिक शक्ति के रूप में भारत का उदय' विषय पर कहा कि गैर-आवश्यक वस्तुओं के आयात के लिए विदेशी मुद्रा का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यापार, उद्योग और व्यवसाय से आर्थिक राष्ट्रवाद को बनाए रखा जाना चाहिए। उन्होंने प्रत्येक नागरिक को इसके प्रति संवेदनशील बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। श्री धनखड़ ने कहा कि लाभ के लिए आर्थिक राष्ट्रवाद से समझौता नहीं किया जाना चाहिए। इससे अर्थव्यवस्था को भारी उछाल मिलेगा।

सर्वदलीय बैठक में शामिल हुए 23 दल : विपक्ष से सदन चलने में सहयोग करने की अपील

# सरकार हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार : जोशी



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। संसद का शीतकालीन सत्र 4 दिसम्बर शुरू होकर से 22 दिसम्बर तक चलेगा। यह मौजूदा लोकसभा का आखिरी सत्र होगा। उससे पहले शनिवार को सरकार ओर से सर्वदलीय बैठक बुलाई गई। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने बैठक के बाद कहाकि सरकार सदन में सभी विषयों पर चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। सर्वदलीय बैठक में हुई चर्चा की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि इस बैठक में 23 राजनीतिक दलों के 30 नेता शामिल हुए। इसकी अध्यक्षता रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की। इस बैठक में राज्यसभा में भाजपा के नेता पीयूष गोयल भी मौजूद रहे। जोशी ने कहाकि बैठक में सभी दलों से अनुरोध किया गया कि संसद में बहस के लिए उचित माहौल बनाए रखा जाना चाहिए। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। बशर्ते चर्चा के नियमों एवं प्रक्रियाओं का पालन किया जाना चाहिए। सरकार सदन में ढांचागत बहस की अपेक्षा रखती है। जोशी ने कहाकि बैठक में कई तरह के सुझाव सामने आए। विपक्षी दलों की ओर से अल्पकालिक चर्चा और शून्यकाल को लेकर मांग की गई। उन्होंने कहाकि सरकार दोनों सदनों में शून्यकाल हमेशा से चलाती आ रही है। रही अल्पकालिक चर्चा तो इसके लिए नियमों के मुताबिक बहस का माहौल बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहाकि सरकार हर विषय पर चर्चा के लिए तैयार है। पिछली बार भी जब विपक्ष ने मणिपुर पर चर्चा कराने की मांग कर नोटिस जारी किया था। उस समय भी सरकार चर्चा के लिए तैयार थी। बशर्ते नियमानुसार सभापति और लोकसभा अध्यक्ष से अनुमति लेनी होती है। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल, कांग्रेस नेता जयराम रमेश, गौरव गोगोई और प्रमोद तिवारी, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के फौजिया खान, आरएसपी नेता एन के प्रेमचंद्रन सहित कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

**3 कानूनों में बदलाव व एथिक्स कमेटी की रिपोर्ट पर चर्चा**

शीतकालीन सत्र के दौरान आईपीसी, सीआरपीसी और एविडेंस एक्ट बदलने वाले तीन महत्वपूर्ण बिल पास करने पर विचार किया जा सकता है। इसके अलावा एथिक्स कमेटी, जिसने तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों की जांच की थी, सेशन के पहले दिन अपनी रिपोर्ट रखेगी।

### दानिश अली ने आचार समिति की नोटिस पर जताई आपत्ति पीड़ित को ही आरोपी बनाकर ध्यान भटकाने का हो रहा काम



बसपा सांसद दानिश अली ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को खत लिखकर आचार समिति की नोटिस पर आपत्ति जमाई है। इसमें उन्हें 7 दिसम्बर को समिति के सामने हाजिर होकर चंद्रयान-3 मिशन पर चर्चा के दौरान कथित कदाचार को लेकर मौखिक सबूत देने को कहा गया है।

उन्होंने अपने खत में भाजपा सांसद रमेश बिधूडी द्वारा उनके खिलाफ की गई सांप्रदायिक टिप्पणी और भाजपा नेताओं द्वारा उनके खिलाफ की गई शिकायतों को समिति द्वारा एक साथ जोडे जाने पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहाकि पीड़ित को ही आरोपी बनाकर मुख्य मामले से ध्यान भटकाने का दुखद प्रयास किया जा रहा है। उनका यह खत लोकसभा सचिवालय की विशेषाधिकार और नैतिकता शाखा के एक अधिकारी के नोटिस के जवाब में था, जिसमें उन्हें 7 दिसम्बर को समिति के सामने हाजिर होने के लिए कहा गया है।

महुआ के समर्थन में उतरी कांग्रेस

### अधीर रंजन ने आचार समिति के रवैए पर उठाए सवाल

पैसा लेकर सदन में सवाल पूछने के मामले में आचार समिति द्वारा टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की सदस्यता खत्म करने की सिफारिश सोमवार को लोकसभा में पेश की जाएगी। माना जा रही है कि सदन के बहुमत से महुआ की सदस्यता खत्म कर दी जाएगी। इससे पहले इस मामले में टीएमसी और कांग्रेस एक साथ आती नजर आ रही है। उन्होंने कहाकि नहीं लगता कि महुआ मोइत्रा ने कुछ गलत किया है।

शनिवार को महुआ की सदस्यता खत्म करने को लेकर कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को खत लिखकर आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा कर दिया है। बिरला को लिखे चार पेज के पत्र में अधीर ने आचार समिति के रवैए पर सवाल खड़ा करते हुए संसदीय समितियों के नियमों व प्रक्रियाओं की समीक्षा की मांग की। उन्होंने कहाकि मानवाधिकार समिति और आचार समिति की भूमिका स्पष्ट नहीं है। इसके अलावा अनैतिक व्यवहार क्या है, इसकी कोई विशिष्ट परिभाषा नहीं है। अधीर ने कहाकि पैसा मागने की घटना की जांच जारी है, लेकिन यह पूरी तरह से गोपनीय होनी चाहिए। यह बेहद संवेदनशील मामला है। लेकिन आचार समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने न सिर्फ इसे सार्वजनिक कर दिया बल्कि इस पर अपनी-अपनी राय भी दे डाली।

# एग्जिट पोल से कांग्रेस-भाजपा के नेताओं की धड़कनें तेज

**बागियों और तीसरे मोर्चे पर निगाह, दोनों दलों ने चार्टर्ड प्लेन किया बुक**

**रायपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव को लेकर आए विभिन्न एग्जिट पोल ने कांग्रेस-भाजपा के नेताओं की धड़कनें तेज कर दी हैं। एग्जिट पोल में भले ही छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनती दिख रही हो, लेकिन कुछ सीटों पर मुकाबला कांटे का ही बताया जा रहा है। एग्जिट पोल ने दो से पांच सीटों पर निर्दलीय व तीसरे मोर्चे के प्रत्याशियों के जीतने की भी संभावना जताई है। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में बहुमत के साथ सरकार बनाने के लिए 46 सीटें जीतनी होंगी। ऐसे में यदि कोई पार्टी दो-चार सीटों से चूकती है तो निर्दलीय व तीसरे मोर्चे से बनने वाले विधायकों पर नजर रहेगी। हालांकि प्रदेश का चुनावी इतिहास हमेशा कांग्रेस-भाजपा के बीच ही केंद्रित रहा है और तीसरी ताकतों ने सेंध लगाने के लिए प्रयास किए, लेकिन वे सफल नहीं हो पाए।



पिछली बार विधानसभा चुनाव 2018 में प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कांग्रेस 68 सीट के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी, भाजपा को 15 सीट मिली थी। जबकि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) को पांच और बहुजन समाज पार्टी (बसपा) को दो सीटें मिलीं थीं। कांग्रेस भारी बहुमत में थी इसलिए तीसरे मोर्चे की जरूरत नहीं पड़ी। इस बार मामला कुछ अलग ही बनता दिख रहा है।

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार अगर दोनों ही दलों की सीट 45 या इसके आसपास तक पहुंची तो त्रिशंकु विधानसभा की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। इस बार बस्तर में कांग्रेस के पूर्व नेता अरविंद नेताम की हमर राज पार्टी की पार्टी चुनावी मैदान में है, जबकि प्रदेश के कुछ आइएएस अफसरों की ओर खड़ी की गई छत्तीसगढ़ महतारी पार्टी भी मोर्चे पर है। इसके अलावा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जकांछ), आम आदमी पार्टी (आप), बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआइ) सहित लगभग 60 राजनीतिक दल मैदान में हैं।

**कांग्रेस-भाजपा दोनों चिंतित**

कांग्रेस-भाजपा दोनों ही दल के नेता भले ही जीत को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं मगर पार्टियों को अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त की भी चिंता सता रही है। यही कारण है कि जीतने के बाद किसी भी जीते हुए प्रत्याशी को पार्टियां एक घंटे भी अकेले नहीं छोड़ना चाहेंगी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस-भाजपा दोनों ने चार्टर्ड प्लेन बुक कर लिया है। कांग्रेस सभी प्रत्याशियों को जीत का प्रमाण पत्र लेने के बाद रायपुर के वीआइपी रोड स्थित एक होटल में ठहराने की योजना बना ली है। इसके बाद उन्हें बैंगलुरू ले जाया जा सकता है। जबकि भाजपा भी अपने विधायकों को दिल्ली ले जा सकती है। मतदाताओं के रूझान के अनुसार एग्जिट पोल से इतर कांग्रेस-भाजपा दोनों पार्टियों का 35-35 सीटों पर आसानी से जीत का आकलन किया जा रहा है मगर 20 ऐसी सीटे हैं जिनमें कड़ा मुकाबला है।

**महिलाओं की भागीदारी से पार्टियां है उत्साहित**

प्रदेश की 90 में से 71 सीटों में इस बार मतदान बढ़ा है। इनमें 51 सीटें ऐसी हैं जहां महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत वर्ष 2018 की तुलना में बढ़ा है। इससे कांग्रेस-भाजपा दोनों ही पार्टियां उत्साहित हैं और दावा है कि तीन दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम उनके अनुकूल आएगा। भाजपा का दावा है कि महतारी वंदन योजना में हर महीने ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

# तमिलनाडु में ईडी अधिकारी 20 लाख की रिश्वत के साथ गिरफ्तार

**चेन्नई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। तमिलनाडु सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक निदेशालय (डीवीएसी) के अधिकारियों ने राज्य सरकार के एक कर्मचारी से 20 लाख रुपए की उगाही करने के आरोप में केंद्रीय एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया और मदुरै में उसके कार्यालय की तलाशी ली। डीवीएसी अधिकारियों ने एक सरकारी डॉक्टर से रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में अंकित तिवारी को गिरफ्तार किया, जो आय से अधिक संपत्ति के मामले में आरोपी हैं। अधिकारियों ने उनकी कार से 20 लाख रुपए नकद जब्त किए, जो उन्हें कथित तौर पर रिश्वत के रूप में मिले थे। इसके बाद ईडी अधिकारी को पूछताछ के लिए



डिंडीगुल स्थित वीएंडएसी कार्यालय ले जाया गया। बाद में उन्होंने शुक्रवार देर रात ईडी के मदुरै कार्यालय और उनके आवास पर तलाशी ली और कई अन्य दस्तावेज जब्त किए और बाद में अधिकारी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

### कांग्रेस ने साधा मोदी सरकार पर निशाना

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए नरेंद्र मोदी सरकार पर केंद्रीय एजेंसियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने और उन्हें राजनीतिक उपकरण की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि भाजपा के सुपरस्टार प्रचारकों में से एक इस बार तमिलनाडु में मुसीबत में हैं। कुछ सप्ताह पहले राजस्थान में एक ईडी के अधिकारी को 15 लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए दबोचा गया था।

# चार राज्यों में मतों की गिनती आज

**नई दिल्ली,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। पांच राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव 30 नवम्बर को संपन्न हुए थे और इन सभी चुनाव के लिए मतों की गणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार तीन दिसम्बर यानी रविवार को होनी थी। अब आयोग ने केवल मिजोरम में मतों की गिनती चार दिसम्बर सोमवार को कराने का निर्णय लिया है। रविवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, तेलंगाना और राजस्थान के चुनाव परिणाम घोषित किए जाएंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि मिजोरम के कई दलों तथा संगठनों ने राज्य में विधानसभा चुनाव के मतों की गिनती रविवार तीन दिसम्बर के बजाय चार दिसम्बर को कराने का अनुरोध किया है। आयोग के अनुसार इन संगठनों का कहना है कि तीन दिसम्बर को रविवार है और इस दिन का राज्य के लोगों के लिए विशेष महत्व है इसलिए मतगणना अन्य किसी दिन करायी जानी चाहिए। आयोग ने कहा है कि इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए राज्य में सोमवार यानी चार दिसम्बर को मतगणना कराने का निर्णय लिया गया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि अन्य चार राज्यों के विधान सभा चुनाव के मतों की गिनती के कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन राज्यों में तीन दिसम्बर यानी रविवार को ही मतगणना होगी।

### मतगणना का प्रत्येक चक्र पूरा होने पर ऑनलाइन अपडेट होंगे परिणाम : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी



**रायपुर,।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विगत दिवस मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में बैठक लेकर मतगणना संबंधी तैयारियों की समीक्षा की और मतगणना कार्य को सुगम तथा पारदर्शी ढंग से पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने कहा कि मतगणना के प्रत्येक चक्र (राउंड) के पूरा होने पर परिणाम को ऑनलाइन अपडेट किया जाएगा। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने वेब आधारित एनकोर एप्लीकेशन तैयार किया है। श्वह्रष्टह्रक्रश्व (इनेबलिंग कम्यूनिकेशन ऑन रियल टाइम एनवायरमेंट) के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी मतगणना के प्रत्येक चक्र के बाद परिणामों को अद्यतन (अपडेट) करेंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में 90 विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतगणना 3 दिसंबर रविवार को होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में एनकोर एप्लीकेशन ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

देश में सोना खरीदना हुआ मुश्किल

# सोने की कीमतें अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर

**मुंबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। शादी के सीजन और कीमती धातु की बढ़ती वैश्विक दरों के बीच भारत में सोने की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। चेन्नई में सुबह के कारोबार में 24 कैरेट सोने की कीमत 64,530 रुपए प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गई। मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और कोलकाता में कीमती धातु की कीमत 63,760 रुपए प्रति 10 ग्राम पर थी, जो पिछले दिन की तुलना में 810 रुपए अधिक थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने की कीमतें सात महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं। शुक्रवार को हाजिर कीमतें 1.6 प्रतिशत बढ़कर 2,069.10 डॉलर प्रति औंस हो गई। भारत बड़ी मात्रा में सोने का आयात करता है और बढ़ती वैश्विक कीमतों



- 24 कैरेट सोने की कीमत 64,53 रुपए प्रति 1 ग्राम तक पहुंची

का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। वैश्विक बाजार में सोने की कीमतें बढ़ रही हैं क्योंकि प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर में गिरावट जारी है और वर्तमान में यह तीन महीने के निचले स्तर के करीब है, जिससे अन्य विदेशी मुद्राओं में सोना खरीदना सस्ता हो गया है। ऐसी उम्मीदें भी बढ़ रही हैं कि फेडरल रिजर्व आने वाले महीनों में दरों में कटौती कर सकता है। कम ब्याज दरों की उम्मीद वित्तीय साधनों को सोने की तुलना में निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाती है, जिसे सुरक्षित निवेश माना जाता है। शादी के मौसम के बीच घरेलू बाजार में सोने की मांग मजबूत बनी हुई है क्योंकि दुल्हन और दूल्हे को बड़ी मात्रा में कीमती धातु उपहार में दी जाती है।

# पुरानी पेंशन को लेकर 10 को फिर महारैली

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। 'पुरानी पेंशन' के मुद्दे पर केंद्र और राज्यों के सरकारी कर्मचारी एकजुट हो रहे हैं। दिल्ली का रामलीला मैदान, पुरानी पेंशन के लिए सरकारी कर्मियों की लड़ाई का गवाह बन रहा है। अभी तक इस मैदान पर तीन रैलियां हो चुकी हैं। अब दस दिसंबर को 'नेशनल मिशन फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम भारत' के बैनर तले निर्णायक 'पेंशन जयघोष महारैली' आयोजित होगी। ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मंजीत पटेल का कहना है कि 'पेंशन जयघोष महारैली' एक निर्णायक रैली होगी। अगर उस समय तक केंद्र सरकार, पुरानी पेंशन बहाल नहीं करती है, तो उस रैली में अनिश्चितकालीन हड़ताल की घोषणा की जाएगी। नई दिल्ली के रामलीला मैदान में दस अगस्त को केंद्र सरकार के कर्मियों की पहली रैली हुई थी। इसमें कई राज्यों के कर्मचारी संगठनों ने भी शिरकत की थी। 10 दिसंबर की रैली में भी केंद्र और राज्यों के कर्मचारी संगठन हिस्सा

- दिल्ली के रामलीला मैदान में जुटेंगे सरकारी कर्मचारी

लेंगे। लंबे समय से इस रैली की तैयारियां चल रही हैं। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के सदस्य डॉ. मंजीत बताते हैं कि दस दिसंबर की रैली में करीब डेढ़ दर्जन केंद्रीय संगठन और अनेक प्रदेशों की एसोसिएशन/फेडरेशन, शिरकत करेंगे। केंद्र सरकार के लिए यह रैली एक अल्टीमेटम है। अगर सरकार ने दिसंबर में ओपीएस बहाली को लेकर कोई पुख्ता घोषणा नहीं की, तो जनवरी 2024 से हड़ताल शुरू होगी। केंद्र सरकार की तरफ से जुलाई में ऑल इंडिया एनपीएस एंप्लाइज फेडरेशन से सुझाव मांगे गए थे। सरकार को लिखित में सुझाव दिए गए। 'पुरानी पेंशन बहाली' की लड़ाई अब अंतिम दौर की तरफ बढ़ रही है। अगर सरकार, कर्मचारियों की इस मांग को नहीं मानती है, तो उस स्थिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल हो सकती है। ओपीएस के लिए गठित नेशनल ज्वाइंट काउंसिल ऑफ एक्शन (एनजेसीए) की संचालन समिति के राष्ट्रीय संयोजक एवं स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद 'जेसीएम' के सचिव शिवगोपाल मिश्रा ने कहा, अब स्ट्राइक बैलेट का नतीजा आ गया है।

**मौसम** *तेज हवा व बारिश का अलर्ट जारी*

# 5 दिसम्बर को आंध्र में तट से टकराएगा तूफान मिचौंग

**नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बन रहा कम दबाव का क्षेत्र शनिवार को डीप डिप्रेशन में बदल गया। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, अगले 24 घंटे में यह चक्रवात का रूप ले लेगा। इस तूफान का नाम मिचौंग रखा गया है।**

*मौसम विभाग ने बताया, 3 दिसंबर से तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। 5 दिसंबर की सुबह तूफान आंध्र प्रदेश के नेल्लोर और मछलीपट्टनम तट को पार करेगा। उस समय तूफान की स्पीड 80-90 किमी प्रति घंटे होगी। यह 100 किमी प्रति घंटे तक भी पहुंच सकती है। चक्रवात के असर से नागपट्टनम जिले के वेलानकन्नी बीच पर समुद्र 100 मीटर पीछे चला गया है, जहां किनारे की चौड़ाई बढ़ गई है। वहीं, तमिलनाडु के कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। विशाखापत्तनम साइक्लोन वार्निंग सेंटर के अनुसार 3 दिसंबर से तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश तट पर*

**अगले 24 घंटे में चक्रवात का रूप ले लेगा**

*हवाएं और बारिश बढ़ जाएगी। दक्षिण तटीय आंध्र प्रदेश में मध्यम वर्षा और कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है। तमिलनाडु में भारी बारिश की आशंका है। इस बीच तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने 12 जिला प्रशासन प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की। सीएम ने अधिकारियों को भारी बारिश से आगाह किया। उन्होंने अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए।*

***समुद्र में न जाने की चेतावनी***

*मौसम विभाग ने बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्व के हिस्सों तथा दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी में मछुआरों को मछली पकड़ने और किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने की चेतावनी जारी की है।*

# अब मायावती ने की जातिगत जनगणना की मांग

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने केंद्र सरकार से देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग की है। सुश्री मायावती ने शनिवार को एक ट्वीट में कहा कि संसद के आगामी चार दिसम्बर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र से पहले आज सर्वदलीय बैठक में बीएसपी ने सरकार से देश में जातीय जनगणना कराए जाने की मांग पुनः की। सुश्री मायावती ने कहा, अब जबकि इसकी मांग देश के कोने-कोने से उठ रही है, केन्द्र सरकार द्वारा इस बारे में अविलम्ब सकारात्मक कदम उठाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी, बदहाल सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा, स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था से त्रस्त तथा जातिवादी शोषण-अत्याचार से पीड़ित देश के लोगों में जातीय जनगणना के प्रति जो अभूतपूर्व रुचि और जागरूकता है, वह भाजपा की नींद उड़ाए है तथा कांग्रेस अपने अपराधों पर पर्दा डालने में व्यस्त हैं।

# अंतर्राज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह को जीपीएम पुलिस ने किया गिरफ्तार





**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस ने अंतर्राज्यीय मोटर साइकिल चोर गिरोह के दो सदस्यो को पकड़ने में बड़ी कामयाबी मिली है, आरोपियों के निशानदेही से 4 चोरी की मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। वही पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में चोरी और हत्या के गंभीर अपराध भी दर्ज है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 जिले के शांतिपूर्ण एवम् निर्विवाद सम्पन्न होने के बाद पुलिस के आलाधिकारियों के द्वारा साइबर सेल को विशेष अभियान चला कर नकाबजनी, सेंधमारी एवं चोरी के मामलों में संलिप्त अज्ञात आरोपियों के खोजबीन लगातार की जा रही है ,तभी थाना मरवाही के एक मामले में दानीकुण्डी (मरवाही) के साप्ताहिक बाज़ार से चोरी हुये मोटर साइकिल बजाज प्लेटिना CG12-AW-1632 के पतासाजी दौरान जरिये मुखबिरो के जरिये साइबर सेल को जानकारी मिली कि हत्या और चोरियों के मामलों में पूर्व में चालान हुये शातिर अपराधी खेलन उर्फ़ गडारी मरवाही क्षेत्र में अपने साथी के साथ घुमता फिरता दिखा हैं, जिसकी लगातार पतासाजी कर दिनांक 01.12.2023 को दानीकुण्डी के पास उसके साथी अनुज प्रताप पोर्ते के साथ हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दिनांक 24.11.2023 को ग्राम दानीकुण्डी मरवाही के साप्ताहिक बाज़ार से साइकिल बजाज प्लेटिना CG12-AW-1632 को चोरी करना बताया और इसके अलावा पूर्व में दो मोटर साइकिल रायपुर शहर से हीरो पैशन प्रो, होंडा साइन और एक मोटर साइकिल मध्यप्रदेश से हीरो एचएफ डीलक्स को चोरी करके अपने साथी अनुज प्रताप के गाँव में छिपाकर रखना बताया हैं। दोनों आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई चार नग मोटर साइकिल जप्त किया गया हैं ।गिरफ्तार आरोपी खेलन पाल वर्मन उर्फ़ गडारी से पूछताछ में उसने बताया कि वो पूर्व में मध्यप्रदेश अंतर्गत कई बार चोरी और मारपीट के मामलों में चालान हो चुका है और दो बार हत्या के अपराध में गिरफ्तार हो चुका हैं । फिलहाल मरवाही पुलिस पकड़े गए दोनो आरोपी खेलन पाल वर्मन निवासी वार्ड 13 कुरजा थाना बिजुरी जिला अनुपपुर (म.प्र.) स्थाई पता ग्राम बरगांव थाना शाहपुरा जिला डिंडोरी (म.प्र.)

व अनुज प्रताप पोर्ते उम्र 35 साल निवासी ग्राम धौरामुड़ा पतेरापारा थाना पसान जिला कोरबा (छ.ग.) को गिरफ्तार कर लिया है और उनके निशानदेही से चोरी की 4 मोटरसाइकिल भी बरामद कर लिया है।

# कलेक्टर की उपस्थिति में मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा किया गया मॉकड्रिल

## आज प्रातः 8 बजे से केआईटी गढ़उमरिया में होगा मतगणना कार्य



**रायगढ़**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को होने वाले मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल की उपस्थिति में आज मतगणना स्थल केआईटी गढ़उमरिया में मॉक ड्रील किया गया। इस दौरान मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को मतगणना कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री गोयल ने कहा कि मतगणना तिथि 03 दिसम्बर को मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 6.30 बजे मतगणना कक्ष में उपस्थित होना अनिवार्य है। इसके अलावा मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा मतगणना दिवस पर सुबह 6.45 बजे बजे स्ट्रांग रूम के खुलने तथा 07.00 बजे मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को ब्रीफिंग करने आदि प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी दी जाएगी। सुबह 08 बजे सर्वप्रथम डाक मत पत्रों की गणना की जाएगी एवं सुबह 08.30 बजे से कंट्रोल यूनिट से मतगणना कार्य प्रारंभ होगा। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम से गणना कक्ष तक के सीसी टीवी कैमरा का अवलोकन किया।

साथ ही कम्प्यूटर कक्षए गणना स्थल एवं मीडिया सेंटर का निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा, निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी, सभी रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी मतगणना सुपरवाइजर, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर उपस्थित रहे।

# मतगणना सेंटर में मोबाइल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट, गुटका ले जाना प्रतिबंधित

**रायगढ़**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए मतगणना सेंटर में आवश्यक व्यवस्था किए जाने के निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए है। जिसमें मतगणना सेंटर के भीतर मतगणना के परिणाम का योग करने के लिए प्रत्येक अभ्यर्थी एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता को एक-एक एनालॉग केलकुलेटर प्रदाय किया जाएगा।

**विधानसभा आम निर्वाचन-2023**

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने जानकारी देते हुए बताया कि मतगणना सेंटर के भीतर पासधारी अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ताओं, मतगणना अभिकर्ताओं को मतगणना सेंटर पर जिन सामग्रियों को ले जाने की अनुमति होंगी, इनमें कोरा कागज, मतपत्र लेखा प्रारूप 17 सी भाग-1 की प्रति, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा प्रदाय किए गए ईवीएम एवं वीवीपेट की सूची जो विधानसभा के विभिन्न मतदान केन्द्रों में प्रयोग में लायी गई है, प्लास्टिक पेन/पेसिंल, मतगणना परिसर के बाहरी गेट पर खानपान की व्यवस्था हेतु नियुक्त व्यवस्थापक द्वारा भोजन पैकेट उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे मतगणना सेंटर के भीतर नियुक्त मतगणना अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कर अन्य मतगणना अभिकर्ताओं को प्रदाय किया जाएगा।

मतगणना सेंटर में मोबाइल फोन, आई पेड, लैपटॉप, स्मार्ट वाच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीडी, सिगरेट, गुटका ले जाना प्रतिबंधित रहेगा।

# मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन आज से

**तखतपुर** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। मां परमेश्वरी महोत्सव का आयोजन तीन दिसंबर से देवांगन भवन जनकपुर रोड रावण भाटा में आयोजित है। कथा वाचक चापा वाले पंडित किशन राव हैं। 3 दिसंबर को कलशयात्रा, मूर्ति स्थापना, घट स्थापना, कथा पुराण, कथा परिचय, सेवा गीत, 4 को सृष्टि उत्पत्ति, कथा व सात दानव वध कथा, सेवा गीत, झांकी कार्यक्रम, 5 को दीपचंद, माता हरणी, जन्म विवाह व गोत्र उत्पत्ति कथा, झांकी कार्यक्रम, 6 को महिषासुर, जन्म व वध कथा, जगराता कार्यक्रम, 7 को गर्भ चरित्र कथा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, 8 को प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं पुरस्कार वितरण, 9 को बड़की, मंझली, छोटकी माता जन्म कथा, सेवा गीत, 10 को सहस्त्रधारा, हवन, शोभायात्रा, विसर्जन, भोग-भण्डारा, महाप्रसाद होगा। यह जानकारी तिलक देवांगन ने दी।

# ऑनलाइन कमाई करने के चक्कर में शिक्षक ने गवाए 29 लाख

**कॉइनस्विच ऐप /co working.com नाम की वेबसाइट इंस्टाग्राम और टेलीग्राम और व्हाट्सएप के माध्यम से हुई ठगी**






**गौरेला पेंड्रा मरवाही** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। लगातार पुलिस विभाग द्वारा ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए विभिन्न तरीके से जन जागरूकता अभियान चला रही है, बावजूद जल्दी एवं शॉर्टकट रुपए कमाने के चक्कर पर लोग आज भी ठगे जा रहे हैं ऐसा ही एक मामला पेंड्रा थाना के एक शिक्षक के साथ हुआ जिसने ऑनलाइन कमाई के चक्कर पर कमाई करने के चक्कर में 29 लख रुपए गवा दिए।

मामला पेंड्रा थाना का है, जहां प्रार्थी मनोज कुमार प्रजापति जो एक शिक्षक है, उन्होंने एक कंप्लेंट दर्ज किया है कि उनके साथ लगभग 29 लाख का फ्रॉड हुआ है फ्रॉड की शुरुआत हुई थी, मामले में जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने बताया कि पहले उनको एक ट्रेडिंग एप में ट्रेडिंग करने के लिए बोला गया जो कि पहले उनसे फ्री ट्रेडिंग कराई गई, और कुछ मुनाफा दिखाया गया कि आपको आपके एकाउंट में इस ट्रेडिंग के कारण कुछ मुनाफा हुआ है, जैसे की 1500 रुपए का, फिर उसके बाद फिर जो उन्होंने ट्रेडिंग कराई उसे उन्होंने ट्रेडिंग का फीस लिया, फीस देने के पश्चात जब उनको कुछ और मुनाफा हो गया जैसे की? 4000 का पहला मुनाफा हुआ उस मुनाफे को जब वह निकालने के लिए अप्लाई किया तो जो सामने वाला जो वेबसाइट है, उन्होंने बोला कि टैक्स की दिक्कत है, आप रकम बहुत छोटा है ,नहीं निकल सकता तो ऐसे बहुत सारे प्रकार के उनसे बहाने बनाए गए कि आपको जो ट्रेडिंग का पैसा है वह नहीं दिया जा सकता उसके बाद फिर उन्होंने और पैसे डाले और उसके पश्चात फिर ऐसे पैसे डालते - डालते जो टोटल अमाउंट इन्वेस्टेड है, वह अराउंड 29 लाख हो गया उन्होंने कुछ पैसे बैंक से भी लोन लेकर लगाए थे, और कुछ पैसे अपने रिश्तेदारों से भी लेकर लगाए थे तो जब उनको लगा कि यह अमाउंट जो मैंने इन्वेस्ट किया है वह मुझे नहीं मिल सकता वह फ्रॉड का शिकार हो गए हैं, उसके पश्चात वह पेंड्रा थाने में आए और अपनी शिकायत दर्ज कराई ,इस पूरे फ्रॉड करने में जो फ्रोस्टर है उन्होंने कुछ ऐप है जैसे कि कॉइनस्विच ऐप को working.com नाम की वेबसाइट इंस्टाग्राम और टेलीग्राम और व्हाट्सएप और साथ ही साथ जो फोन कॉल्स का उसे करके उसको यह भरोसा दिलाया था कि जो वह ट्रेडिंग कर रहे हैं वह सुरक्षित है जो पैसा लगा रहे हैं, वह सुरक्षित है परंतु जब वह उस रकम को निकालने में असमर्थ रहे तो उनको पता चला कि वह फ्रॉड का शिकार हो गए, हैं पूरी जानकारी उनसे ली गई है और लगभग 14 लाख रुपए का अमाउंट हमने होल्ड कराया है, विभिन्न बैंकों से और साथ ही साथ रेंज साइबर सेल बिलासपुर से लगातार संपर्क में है हम की जितने ज्यादा जानकारी हो सके हम इस अपराध में ले सके और जो अमाउंट है जो प्रार्थी को हम दिला सके साथ-साथ जो आरोपी है, उनको भी अपने गिरफ्त में ले सके इस प्रकार से जो फ्रॉड की गई है, मामले में एक बार फिर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने अपील की यह सभी के लिए एक सबक साबित होना चाहिए कि किसी प्रकार के लालच में ना आए और अलग तरीके से लोग आजकल साइबर फ्रॉड करने लगे हैं जिससे विभिन्न प्रकार के और किसी प्रकार के अननोन कॉल या अननोन वेबसाइट और जहां पर जब भी पैसे के डिमांड करता है कोई उसे हमेशा सजग रहे हैं और अपने पैसों को बचाएं...

# व्यावसायिक विषय रिटेलिंग की छात्राओं ने सीखा रिटेल आउटलेट का संचालन

**मनेन्द्रगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (शिक्षा विभाग ) मनेन्द्रगढ़ की कक्षा 9वीं से 12वीं में अध्ययन कर रही छात्राओं ने औद्योगिक भ्रमण किया । रिटेल विषय के प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने बताया कि व्यावसायिक पाठ्यक्रम के अंतर्गत 9वीं से 12वीं में अध्यनरत छात्राओं को किसी व्यावसायिक संस्थान में जाकर औद्योगिक भ्रमण कराना है जिसके तहत छात्राओं ने जी बाजार महासेल में जाकर अपना औद्योगिक भ्रमण पूरा किया। इस पूरी प्रक्रिया में छात्राओं के प्रशिक्षक कुलदीप नामदेव ने पूरा मार्गदर्शन कराया और छात्राओं को सिखाया की संस्थान में ग्राहकों का अभिवादन कैसे करें, सामान को रेट पर कैसे व्यवस्थित रखें, ग्राहकों को बिक्री के लिए उचित मार्गदर्शन, उन्हें आकर्षित करने की योजना, रिटेल आउटलेट में सभी वस्तुओं को सुसज्जित करना और साथ-साथ बिलिंग प्रक्रिया भी छात्राओं ने किया। इंटर्नशिप कार्यक्रम के दौरान बहुत से छात्राओं ने संस्था के संचालक राकेश साहू जी से रिटेल की बारीकियां को समझने के लिए प्रश्न किया। इस भ्रमण के दौरान विद्यालय में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही मैडम मीना सिंह और महेश्वरी साहू ने छात्राओं का सहयोग किया 7 औद्योगिक भ्रमण में स्कूल के वरिष्ठ व्याख्याता विजय राव गोपाल, राम रक्षा द्विवेदी एवं प्राचार्य सत्येंद्र सिंह का अमूल योगदान रहा और इन्होंने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

**कलेक्टर गोयल ने प्रशिक्षण का किया निरीक्षण, प्रश्नोत्तर के माध्यम से सभी की जिज्ञासा का किया समाधान**

# सामान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मतगणना के लिए दी गई प्रशिक्षण



**रायगढ़**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। सामान्य प्रेक्षक डॉ.रूपार्जलि कार्तिक, सी.एन.लोंगफाई एवं ससीम कुमार बरई की उपस्थिति में आज शासकीय नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में त्रुटिरहित मतगणना के लिए मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के निरीक्षण में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल भी पहुंचे। यहां उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को कहा कि मतगणना एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने मतगणना से संबंधित बरती जाने वाली सावधानी से अवगत कराते हुए प्रश्नोत्तर के माध्यम प्रशिक्षण की तैयारी का आँकलन किया। इस दौरान उन्होंने मतगणना कक्ष में आने वाली व्यवहारिक गतिविधियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य प्रात: 8 बजे शुरू होगा, मतगणना कार्य में संलग्न सभी अधिकारी-कर्मचारी निर्धारित समय में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। इस बात का ध्यान रखें कि मोबाइल फोन एवं इलेक्ट्रानिक डिवाईस गणना स्थल पर प्रतिबंधित किया गया है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने मतगणना से संबंधित प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना के प्रत्येक चरण की जानकारी चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित प्रपत्रों में देनी होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना का कार्य भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक की उपस्थिति में होगा। सभी विधानसभा क्षेत्रों में कंट्रोल यूनिट से गणना 14 टेबल में होगी, पोस्टल बैलेट गणना हेतु रायगढ़ विधानसभा में 03 टेबल होंगें, अन्य तीनों विधानसभा क्षेत्रों में 2-2 टेबल होंगें। प्रत्येक राउंड के बाद मतगणना की घोषणा की जाएगी और नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही अभ्यर्थियों को इसकी प्रति भी दी जानी है।

प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रस्तुतिकरण के जरिए मतगणना की तकनीकी प्रक्रिया के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में डाक मतपत्रों की गणना, ईवीएम मशीन से मतगणना, मशीनों को राउंडवार लाने, सीलिंग परीक्षण, बॉक्स से मशीन को निकालकर परिणाम बटन के माध्यम से अभ्यर्थीवार मतों को दर्ज करना, रिटर्निंग आफिसर के माध्यम से टेबुलेशन के लिए भेजे जाने वाली विभिन्न प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई।

# स्कूली छात्रों को दी गई योग की जानकारी



**तखतपुर** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। शासकीय हाई स्कूल लाखासर में आर्ट ऑफ लिविंग की प्रशीक्षिका हमीदा बेगम ने हाई स्कूल के छात्र-छात्राओं को दैनिक जीवन में योग का महत्व बताया साथ ही विद्यार्थियों के लिए योग किस तरह से लाभदायक है इसकी जानकारी दी। योग ध्यान एवं प्राणायाम के माध्यम से उन्हें अच्छे नागरिक बनने और एक सफल छात्र के गुणों को अपनाने प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन योग करने से छात्रों की बुद्धि तीक्ष्ण होती है उनका मन शांत और एकाग्र रहता है जिससे पढ़ाई में मन लगता है। योग के अनेक आसान सिखाये गए जिनमे प्रमुख भुजंगास, धनुरासन, वृक्षासन, मयूरासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, शवासन, नाड़ी शोधन प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम आदि थे अंत मे ध्यान कराया गया। कार्यक्रम में शाला परिवार के सदस्य निवेदिता तिवारी, रंजीता तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### एग्जिट पोल से ...

एक हजार रुपये मिलने की योजना और 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर मिलने की योजना में महिलाएं अधिक मतदान की हैं। जबकि सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस का दावा है कि किसानों की कर्ज माफी, महिला स्व सहायता समूहों की कर्ज माफी, हर वर्ग की महिलाओं को गैस सिलेंडर में 500 रुपये की सब्सिडी और गृह लक्ष्मी योजना में हर महिला को 15 हजार रुपये सालाना देने की घोषणा से महिलाओं का मत कांग्रेस के पक्ष में गए हैं।

### मतगणना का प्रत्येक चक्र ...

के संबंध में भी जानकारी दी गई। इस दौरान श्रीमती कंगाले ने बताया कि मतगणना की सटीक जानकारी के लिए भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं। इसके लिए रिजल्ट्स डाट ईसीआई डाट गवर्न डाट इन पर लॉग इन करना होगा। इसके अलावा भारत निर्वाचन आयोग की वोटर हेल्प लाइन एप्लीकेशन पर भी निर्वाचन परिणामों को देखा जा सकता है।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री नीलेश महादेव क्षीरसागर , श्री बिपिन मांझी सहित सभी उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

क्या है एनकोर एप्लीकेशन - यह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित एक वेब आधारित काउंटिंग एप्लीकेशन है जिसका उपयोग रिटर्निंग अधिकारी द्वारा मतगणना दिवस पर मतदान केन्द्रवार एवं मतगणना चक्रवार प्राप्त मतों की एंट्री करने में किया जाता है। एप्लीकेशन के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रत्येक राउंड पूर्ण होने के बाद मतों का प्रतिशत आयोग की वेबसाइट में प्रदर्शित किया जाता है। इस एप्लीकेशन के माध्यम से डाक मतपत्रों में प्राप्त मतों की जानकारी भी अद्यतन की जाती है। सभी चक्र एवं मतदान केन्द्रवार परिणाम की एंट्री पूर्ण होने पर अंत में रिटर्निंग अधिकारी द्वारा संबंधित विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित अभ्यर्थी की घोषणा की जाती है।

# आज रश्मि व धर्मजीत के बीच जीत का फैसला





**तखतपुर** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के मतगणना परिणाम पर अब लोगों की निगाहें टिकी हुई है पूरे प्रदेश में तीन दिसम्बर को विधानसभा चुनाव के वोटों की गिनती की जाएगी और इसके लिए अभी से राजनीतिक दल एक बार फिर गुणा भाग करने पर जुट गए है अपनी अपनी जीत के दावे सभी प्रत्याशी कर रहे है पर कौन जितेगा यह ईवीएम मशीन बताऐगी। मतणगना का रूझान प्रात॰ 11 बजे से मिलना शुरू हो जाएगा। और लगभग शाम 4 बजे तक मतगणना की परिणाम स्पष्ट हो जाएगा एक तरफ एक्जीट पोल में बताई गई सीटों के आधार पर भी राजनीतिक पार्टीयां अपना अपना विश्लेषण कर रहे है और उसके अनुरूप किस विधानसभा से क्या स्थिति होगी उसका भी एक बार फिर से चिंतन कर रहे है। छत्तीसगढ़ में दो चरणों में मतदान सम्पन्न हुआ।

जिसमें तखतपुर विधानसभा में दूसरे चरण के 17 नवम्बर को वोट डाले गए थे तखतपुर विधानसभा में कांग्रेस की ओर से विधायक श्रीमती रश्मि सिंह मैदान पर थी तो वहीं भाजपा की ओर से विधायक धर्मजीत सिंह मैदान पर थे। विधायक श्रीमती रश्मि सिंह दूसरी बार चुनाव मैदान पर है तो धर्मजीत सिंह चार बार के विधायक रहे है और यह उनका सांतवा चुनाव था।

दोनों प्रत्याशीयों ने अपने चुनाव प्रचार में पूरी ताकत झोंक दिए थे इसके साथ ही बूथ मैनेजमेंट पर भी दोनों ने ध्यान दिया था अब मतदाता किसे अपनी प्रतिनिधि नियुक्त करेंगे यह 3 दिसम्बर को स्पष्ट हो जाएगा। तखतपुर विधानसभा में 2 लाख 43 हजार मतदाता है।

जिसमें से 1 लाख 78 हजार मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया दोनों पार्टीयों की ओर से कई घोषणा किया गया था जिसमें मतदाताओं ने अपने सोच और समझ का उपयोग करते हुए लाभ हानि का आंकलन कर मतदान किया है जो 3 दिसम्बर को सबके सामने होगा।

**// सूचना //**

मैं गोवर्धन अग्रवाल , प्रो .मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स निवासी-बिल्हा , जिला-बिलासपुर (छ .ग .) यह सूचित करता हूं कि ग्राम-हरदी, तहसील-बिल्हा , जिला-बिलासपुर (छ .ग .) के खसरा क्रमांक 76/1, 41 रकबा 3.966 हेक्टेयर पर डोलोमाईट पत्थर उत्खनन पट्टा स्वीकृत है। जिसके नियमित संचालन के लिये जिला स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण बिलासपुर छ .ग . के पत्र क्रमांक 2101/डी .ई .आई .ए .ए ./ई .सी ./ बिएसपी / 2016, बिलासपुर , दिनांक 30/12/2016 के माध्यम से पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। पर्यावरण स्वीकृति पत्र में दी गई नियम के अनुसार उक्त सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है।

**मेसर्स शिवशंकर मिनरल्स**
**प्रो. गोवर्धन अग्रवाल**
**जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

# देश

**उवाच** लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी नेता तैयार रहें। हम यहां प्रतिभा को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के लिए हैं कि जम्मू-कश्मीर के लोगों का प्रतिनिधित्व सबसे वास्तविक प्रतिनिधियों द्वारा किया जाए। जम्मू-कश्मीर को बहुत नुकसान हुआ है।

–गुलाम नबी आजाद, डीपीएपी के अध्यक्ष



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 24॰ | 12॰ |
| मुंबई | 29॰ | 26॰ |
| कोलकाता | 26॰ | 21॰ |
| चेन्नई | 26॰ | 25॰ |

# हार-जीत का दावा करने में जुटे राजनीति दल

■ कांग्रेस का मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान व तेलंगाना में सरकार बनने का दावा ■ भाजपा को राजस्थान व मध्य प्रदेश में बड़ी जीत की उम्मीद ■ चुनाव परिणाम पर रहेगी सभी राजनीतिक दलों की नजर

**नई दिल्ली/भोपाल,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। चार राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी हार जीत की गणना करने में जुट गए हैं। नतीजों को लेकर सभी राजनीतिक दल अपनी-अपनी जीत के दावे कर रहे हैं। कांग्रेस का दावा है कि चार राज्यों मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना में उनकी सरकार बनने जा रही है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने दावा किया कि मिजोरम में वह गठबंधन की सरकार बनाएंगे।



वहीं भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी का कहना है कि राजस्थान में हमें बड़ी जीत मिलेगी और एग्जिट पोल के नतीजों में भी ऐसा दिखाया गया है। छत्तीसगढ़ में टक्कर की लड़ाई होगी लेकिन हम वहां भी सरकार बनाएंगे। बता दें कि चुनाव नतीजों से पहले ही जोड़-तोड़ की राजनीति भी शुरू हो गई है। कर्नाटक के डिप्टी सीएम और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार का कहना है कि हमें विश्वास है कि तेलंगाना में हमारी पार्टी आसानी से जीत दर्ज करेगी। हमें ये भी पता है कि हमें फंसाने की कोशिश की जा रही है। हमारे उम्मीदवारों ने बताया है कि सीएम ने उनसे संपर्क साधा है लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है। तेलंगाना में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति का मानना है कि उनकी पार्टी लगातार तीसरी बार पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने में सफल रहेगी। बीआरएस सांसद के केशव राव ने दावा किया कि बीआरएस सत्ता में लौटेगी, उन्हें इसका पूरा भरोसा है। राव ने एग्जिट पोल के आंकड़ों और भावी सियासी संभावनाओं पर बात करने से इनकार कर दिया। मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत कल तीन दिसम्बर को मतगणना के साथ ही न केवल राज्य के लगभग ढाई हजार से ज्यादा प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला हो जाएगा, बल्कि दोपहर बाद तक राज्य की नई सरकार को लेकर स्थिति भी साफ होने लगेगी। राज्य के सभी 52 जिला मुख्यालयों पर कल सुबह आठ बजे से मतगणना शुरु होगी, जिसके बाद पूर्वान्ह से ही प्रत्याशियों के भाग्य से जुड़े रुझान सामने आने लगेंगे। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मतगणना के हर राउंड के परिणाम प्रदर्शित किए जाएंगे। सुबह आठ बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती शुरु होगी, उसके आधे घंटे बाद ईवीएम में दर्ज मतों की गणना होगी। पोस्टल बैलेट की गणना समाप्त होने के बाद हर उम्मीदवार को मिले डाक मतों की घोषणा की जाएगी।

### मिजोरम में कल आएंगे चुनाव परिणाम

चुनाव आयोग ने मिजोरम में विधानसभा चुनाव के नतीजे जारी करने की तारीख तीन दिसम्बर से बदलकर 4 दिसम्बर कर दिया है। चुनाव आयोग के इस कदम का मिजोरम की राजनीतिक पार्टियों ने भी स्वागत किया है। जोराम पीपल्स मूवमेंट के नेता लालधिंगलोवा ने कहा कि मिजोरम एक ईसाई बहुल राज्य है और यहां रविवार को 90 फीसदी गतिविधियां बंद रहती हैं। ऐसे में चुनाव आयोग का फैसला स्वागतयोग्य है। उन्होंने कहा कि इससे वोट नहीं बदलेंगे बल्कि सिर्फ मतगणना की तारीख बदलेगी। मिजोरम में कल मतगणना होगी। भाजपा के अध्यक्ष वनलालहुमुआका ने कहा कि इस बार भाजपा के पांच सीट जीतने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि अपने राज्य में उन्हें बड़े सुधार की उम्मीद है... हम 40 निर्वाचन क्षेत्रों में तैयारी कर रहे हैं लेकिन हम कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे इसका फैसला पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व आने वाले दिनों में करेगा। उन्होंने हमें चुनाव लड़ने के लिए 23 सीटें दी हैं...बीजेपी इस बार एग्जिट पोल के अनुमानों से बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। मिजोरम में एग्जिट पोल करना बहुत मुश्किल है। तेलंगाना कांग्रेस के सांसद उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि हमें मतगणना के लिए जाने नहीं दिया जा रहा है, इसलिए हमने चुनाव आयोग से अपील की है कि हमें भी चुनाव सर्टिफिकेट दिया जाए। साथ ही हैदराबाद में ओल्ड सिटी में बड़े पैमाने पर फर्जी मतदाताओं ने वोट किया है, जिसके वीडियो फुटेज भी हैं। हमने चुनाव आयोग से इस तरफ ध्यान देने की अपील की है।

वहीं दूसरी ओर राजस्थान में भाजपा प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा के समर्थकों ने शनिवार लगभग सुबह आठ बजे मंदिर की तलहटी से कनक दंडवत लगाते हुए बाबा नीलकंठ के दरबार में पहुंचे। जहां उन्होंने सामूहिक महाआरती की और भाजपा प्रत्याशी शंकरलाल शर्मा के विजयी होने की मन्नत मांगी। प्रवीण शर्मा ने बताया कि हम लोग भारतीय जनता पार्टी के समर्थक हैं और कल परिणाम आने वाले हैं। उससे पूर्व ही शंकरलाल शर्मा की भारी मतों से जीत की मनोकामना मांगने आए हैं।

## निर्दलीय प्रत्याशियों से चर्चा की कोई जरूरत नहीं : कमलनाथ

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में मतगणना से पूर्व कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने दावा किया कि उन्हें प्रदेश के मतदाताओं पर भरोसा है और कांग्रेस को निर्दलीय प्रत्याशियों से चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं है। कमलनाथ ने कहा कि उन्हें एग्जिट पोल से कोई मतलब नहीं है, उन्हें मतदाताओं पर भरोसा है। निर्दलीय प्रत्याशियों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशियों से बात करने की कांग्रेस को कोई जरूरत नहीं है। भारतीय जनता पार्टी पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि अगर भाजपा के पास इतनी सीट हैं तो पार्टी निर्दलीयों से बात करने का नाटक क्यों कर रही है।



# छत्तीसगढ़ में 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**रायपुर,** 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के नतीजे रविवार यानी तीन दिसम्बर को आएंगे। मतगणना के लिए प्रदेश के 33 जिलों में चुनाव आयोग ने तैयारी कर ली है। आज 1181 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला होना है। मतगणना के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए 14 टेबल लगाए गए हैं। प्रदेश की 90 विधानसभा सीटों में से कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में मतगणना होगी। इसके बाद कसडोल में 29 चक्र होंगे। वहीं सबसे कम मनेंद्रगढ़ और भिलाई नगर में 12 चक्रों में मतगणना होगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि मतों की गिनती सुबह आठ बजे से शुरू होगी, जिसमें सबसे पहले सेवा मतदाताओं के मतों की गणना होगी। सबसे पहले ईटीपीबीएस से प्राप्त मतों के क्यूआर कोड की स्कैनिंग की जाएगी। उसके बाद डाक मतपत्रों की गिनती शुरू होगी। साढ़े आठ बजे के बाद सभी टेबलों पर एक साथ मतगणना शुरू होगी। 1181 अभ्यर्थियों के राजनीतिक भाग्य का फैसला सात और 17 नवंबर को ईवीएम में बंद हुआ था। कल यानी तीन दिसंबर को मतों की गिनती के साथ ही इनकी किस्मत का फैसला होगा। कंगाले ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच मतगणना केंद्रों में होने वाली मतों की गिनती के दौरान बिना प्राधिकार पत्र के किसी भी व्यक्ति को मतगणना कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतगणना के दौरान अभ्यर्थी किसी भी टेबल पर जाकर मतगणना को देख सकेंगे जबकि अभ्यर्थी के अभिकर्ता सिर्फ निर्धारित टेबल पर ही मतगणना का निरीक्षण करेंगे। मतगणना की पूरी कार्रवाई मतगणना प्रेक्षक और सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति और निगरानी में होगी। इस दौरान हर एक राउंड के खत्म होने पर अभ्यर्थी या उनके अभिकर्ता की उपस्थिति और प्रेक्षक की निगरानी में रैंडम आधार पर किसी दो कंट्रोल यूनिट की जांच की जाएगी। मतदान के बाद ईवीएम को सभी जिला मुख्यालयों के स्ट्रांग रूम में त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे में रखा गया है।



■ दांव पर लगी कई दिग्गजों की प्रतिष्ठा
■ कवर्धा में सबसे अधिक 30 चक्रों में होगी मतगणना

पूरी मतगणना प्रक्रिया की रिकार्डिंग भी की जाएगी। इस दौरान प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर को छोड़कर मतगणना कक्ष में किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा कोई भी अन्य व्यक्ति अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जैसे आईपेड, रिकॉर्डर, वीडियो कैमरा जैसे अन्य उपकरण नहीं ले जा सकेंगे।

## सार संक्षेप

### तेलंगाना में मतगणना आज

**हैदराबाद।** तेलंगाना विधानसभा की 119 सीटों पर हुए चुनाव के लिए रविवार को होने वाली मतगणना की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। केंद्रों पर कड़े सुरक्षा प्रबन्धों के बीच सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू होंगी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) विकास राज ने मीडिया को बताया कि कल सबसे पहले सुबह आठ बजे डाक मतपत्रों से गिनती शुरू होगी और साढ़े आठ बजे से इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में पड़े वोटों की गिनती की जाएगी। राज ने कहा कि छह निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर, जहां मतदान केंद्रों की संख्या 5 से अधिक है, प्रत्येक मतगणना केंद्र में 14 मतगणना टेबल होंगी। मतगणना के दिन प्रत्येक मतगणना केंद्र केंद्रीय सुरक्षा बलों और राज्य सशस्त्र पुलिस बल के त्रिस्तरीय घेरे होंगे।

### बिहार में असफल है शराबबंदी : जीतन मांझी

**पटना।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के प्रमुख जीतन राम मांझी ने शनिवार को बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि बिहार में शराबबंदी कानून पूरी तरह असफल है। अगर हमारी सरकार आई तो गुजरात की तर्ज पर शराबबंदी कानून लाया जाएगा या इसे वापस ले लिया जाएगा। शराबबंदी कानून के तहत जितने लोग जेल में बंद हैं उसमे अधिकांश दलित और गरीब हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पकड़े जाने पर जुर्माना देने का प्रावधान किया है, लेकिन प्रतिदिन 4-5 रुपए कमाने वाले 2, और 3, कहां से देगा, इसी वजह से वह जेल चला जाता है। बिहार का शराबबंदी कानून कहीं से सही ही नहीं है। यदि मेरी सरकार आएगी तो हम लोग या तो गुजरात के तर्ज पर इस कानून को लागू करेंगे या यूं ही खुला छोड़ देंगे। जिन राज्यों में शराबबंदी नहीं है, वहां आखिर क्या हो रहा है।

### अवैध सामग्री की जब्ती का आंकड़ा सात सौ करोड़ पार

**जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-223 के मद्देनजर चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक नगदी एवं अवैध सामग्री की जब्ती करने का आंकड़ा सात सौ करोड़ रुपए को पार गया। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने शुक्रवार को बताया कि निर्वाचन विभाग के निर्देश पर प्रदेश में विभिन्न एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा गत नौ अक्टूबर को आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 73 करोड़ रुपए मूल्य की अवैध नगदी और अवैध सामग्री जब्त की गई है। प्रदेश में गत विधानसभा आम चुनाव में पूरी आचार संहिता के दौरान की गई जब्ती के मुकाबले अब तक दस गुना बढ़ोतरी हो चुकी है। विधानसभा चुनाव-218 के दौरान आदर्श आचार संहिता की अवधि में प्रदेश में कुल 7.8 करोड़ रुपए मूल्य की जब्ती की गई थी।

# बिहार में भाजपा को घेरने की तैयारी में जदयू

**पटना,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल जदयू लोकसभा चुनाव के पहले भाजपा को घेरने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। हाल ही में पटना में भीम संसद की सफलता के बाद जदयू भाजपा को घेरने के लिए जिलों में संविधान बचाओ मार्च करने जा रही है। जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने बताया कि मार्च का उद्देश्य केंद्र सरकार की संविधान विरोधी कार्य करने, संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग करने तथा इतिहास को मिटाने की कोशिश करने के खिलाफ लोगों को जागरूक करना तथा ऐसे कार्यों का विरोध करना है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में डॉ.भीम राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर छह दिसम्बर को इस मार्च का आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन पार्टी के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है।

■ छह दिसम्बर को रैली का किया आयोजन



# राजस्थान में मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**जयपुर,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 मतगणना के लिए 1,121 एआरओ की ड्यूटी लगाई गई है। जयपुर, जोधपुर और नागौर में दो-दो केंद्रों पर और शेष 30 निर्वाचन जिलों में एक-एक केंद्र पर वोटों की गिनती की जाएगी। मतगणना की सभी तैयारियां की जा चुकी हैं। सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों, पुलिस आयुक्त एवं पुलिस अधीक्षकों को मतगणना केंद्र में सुरक्षा मापदण्डों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। मतगणना का दिन शुष्क दिवस घोषित किया गया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्त ने बताया कि मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। केवल अधिकृत पासधारक व्यक्ति ही प्रवेश कर सकेंगे। मतगणना सेंटर पर प्रत्येक विधानसभा के लिए पृथक-पृथक मतगणना हॉल बनाए गए हैं। जहां आयोग के निर्देशानुसार, टेबलों की व्यवस्था पोस्टल बैलेट एवं ईवीएम की मतगणना के लिए की गई है। मतगणना कर्मियों का रेण्डमाईजेशन त्रिस्तरीय होगा। प्रथम रेण्डमाईजेशन हो चुका है। द्वितीय स्तर का रेण्डमाईजेशन मतगणना के प्रारंभ से 24 घंटे पूर्व किया गया तथा तृतीय रेण्डमाईजेशन मतगणना के दिन सुबह पांच बजे होगा। आयोग द्वारा सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जो जिलों में पहुंच चुके हैं। द्वितीय एवं तृतीय रेण्डमाईजेशन प्रेक्षक की उपस्थिति में किया जाएगा। गुप्ता ने बताया कि ईवीएम की मतगणना टेबल पर काउंटिंग सुपरवाइजर, काउंटिंग असिस्टेंट, काउंटिंग स्टाफ तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। इसी प्रकार, पोस्टल बैलेट की गणना टेबल पर एक सहायक रिटर्निंग अधिकारी, एक काउंटिंग सुपरवाइजर, दो काउंटिंग असिस्टेंट तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर रहेगा। माइक्रो ऑब्जर्वर केन्द्र सरकार के विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी होंगे। प्रदेश में गणना के लिए 2,552 टेबल लगाए गए हैं।

ईवीएम मतगणना हेतु कुल 4,180 राउंड होंगे। सबसे अधिक 34 राउंड शिव विधानसभा क्षेत्र में तथा सबसे कम 14 राउंड अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में होंगे। गुप्ता ने बताया कि ईवीएम/पोस्टल बैलेट की टेबल पर अभ्यर्थी के काउंटिंग ऐजेन्ट रहेंगे, जिनके बैठने का क्रम (1) मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय राजनैतिक दल, (2) ऐसे मान्यता प्राप्त अन्य राज्यों के राज्यीय दल, जिन्हें उस विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव चिन्ह नियत किया गया है, (3) अमान्यता प्राप्त रजिस्ट्रीकृत दल (4) निर्दलीय रहेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना हॉल तक मशीनें पहुंचने के लिए विधानसभा क्षेत्र वार पृथक-पृथक मार्ग/रास्ता/व्यवस्था निर्धारित की गई है, जिसका सीसीटीवी कवरेज होगा। इलेक्शन ऑब्जर्वर के अतिरिक्त किसी को भी मतगणना हॉल में मोबाइल ले जाने की अनुमति नहीं है।

केवल रिटर्निंग अधिकारी, सहायक



■ जयपुर, जोधपुर व नागौर में दो-दो केंद्रों पर की जाएगी वोटों की गिनती
■ विधानसभा चुनाव की मतगणना के लिए 1,121 एआरओ की लगाई ड्यूटी

## मतगणना स्थल पर ट्रेंड, टीवी पर भी जारी होंगे रुझान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिकृत मीडियाकर्मियों के लिए मतगणना केंद्र पर एक पृथक कक्ष में मीडिया सेन्टर बनाया गया है। जहां पर टेलीफोन, कम्प्यूटर एवं इंटरनेट आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। मीडिया कर्मियों के लिए आयोग द्वारा प्राधिकार पत्र जारी किए गए हैं। मतगणना स्थल पर मीडियाकर्मियों को मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम से अवगत कराने के लिए मीडिया सेंटर में बड़ी एलईडी स्क्रीन पर आयोग की आईटी एप्लिकेशन ट्रेंड-टीवी के माध्यम से प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई है। इससे मीडियाकर्मियों को एक ही स्थान पर राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना के नवीनतम रूझान एवं परिणाम उपलब्ध होंगे।

# तेलंगाना में खरीद-फरोख्त के प्रयासों को रोकने के लिए कांग्रेस सतर्क



■ वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों के रूप में हैदराबाद भेजा

**हैदराबाद,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए रविवार को होने वाली मतगणना और अधिकांश एग्जिट पोल में कांग्रेस को बढ़त मिलने के मद्देनजर पार्टी अपने उम्मीदवारों को अपने प्रतिद्वंद्वियों द्वारा संभावित खरीद-फरोख्त के प्रयासों से बचाने के लिए सभी सावधानी बरत रही है।

कथित तौर पर पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व स्थिति पर बारीकी से नजर रखने के लिए कुछ वरिष्ठ नेताओं को पर्यवेक्षकों के रूप में हैदराबाद भेज रहा है। वे समय-समय पर पार्टी प्रत्याशियों को आवश्यक निर्देश देंगे। अभ्यर्थियों को हैदराबाद पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

कांग्रेस नेतृत्व के निर्देश पर कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार शनिवार रात हैदराबाद पहुंचेंगे। बेंगलुरु में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि वह पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी निभाएंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) कांग्रेस उम्मीदवारों को लुभाने की कोशिश कर रही है, हालांकि उन्होंने विश्वास जताया कि कोई भी दलबदल नहीं करेगा। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य और विशेष पर्यवेक्षक रमेश चेन्निथला, स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष के. मुरलीधरन, बंगाल कांग्रेस नेता दीपा दास मुंशी, कर्नाटक के मंत्री के.जे. जॉर्ज, एन.एस. बोसराजू तथा अन्य के भी आज दिन में हैदराबाद पहुंचने की संभावना है।

## उम्मीदवारों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

यह एक संकेत है कि सभी उम्मीदवारों को हैदराबाद में एक निर्दिष्ट स्थान पर जाने के लिए कहा जा सकता है जहां केंद्रीय पर्यवेक्षक भी मौजूद हो सकते हैं। इस बीच, तेलंगाना के एआईसीसी प्रभारी माणिकराव ठाकरे ने सभी पार्टी उम्मीदवारों के साथ ऑनलाइन बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने टीपीसीसी अध्यक्ष ए. रेवंत रेड्डी और कुछ अन्य प्रमुख नेताओं के साथ भी बैठक की।

## राजस्थान में दिव्यांग मतदाताओं ने किया 76.16 प्रतिशत मतदान

**जयपुर,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में गत 25 नवम्बर को हुए विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए राज्य के 76.16 प्रतिशत दिव्यांग मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के निर्वाचन विभाग के अनुसार प्रदेश में पांच लाख 60 हजार 450 दिव्यांग मतदाताओं में से चार लाख 26 हजार 833 मतदाताओं ने अपने वोट डाले। इनमें चार लाख 15 हजार 177 दिव्यांग मतदाताओं ने मतदान केंद्र में ईवीएम के माध्यम से अपने मत का प्रयोग किया जबकि इस बार पहली बार शुरु की गई होम वोटिंग के माध्यम से 11 हजार 656 दिव्यांग मतदाताओं ने घर बैठे मतदान किया। इस बार दिव्यांगों ने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया जो विधानसभा आम चुनाव-2018 के मुकाबले चार गुना से भी अधिक रहा। वर्ष 2018 के चुनाव में दिव्यांग मतदाताओं का प्रदेश में कुल 19.02 प्रतिशत मतदान रहा था। प्रदेश में इस बार सबसे अधिक दिव्यांगों का मतदान बांसवाड़ा जिले में 88.96 प्रतिशत रहा। इसके बाद क्रमशः कोटा 85.80 प्रतिशत, करौली 85.50 प्रतिशत, अजमेर 84.58 प्रतिशत एवं हनुमानगढ में 84.18 प्रतिशत रहा।

# भाजपा को बिहार में एक भी सीट नहीं लेने देंगे : अखिलेश सिंह

**पटना,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने शनिवार को दावा किया कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को बिहार में एक भी सीट नहीं जीतने देंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म की राजनीति करती है, जो भारतीय संविधान की आत्मा के प्रतिकूल है। कांग्रेस उसे नफरत फैलाने की इजाजत नहीं देगी। इसलिए 2024 के आम चुनाव में भाजपा को प्रदेश से एक भी सीट नहीं मिलनी चाहिए, ये हमारा दायित्व है। सिंह सदाकत आश्रम में शनिवार को आयोजित मिलन समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। हमारी कोशिश कांग्रेस को 1990 की स्थिति में ले जाने की है। इससे पहले तामिलनाडु के डीजीपी रहे बीके. रवि को इस मिलन समारोह के जरिये कांग्रेस में विधिवत शामिल किया गया।



■ भाजपा पर लगाया धर्म की राजनीति करने का आरोप

सिंह ने रवि को कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर बोलते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने रवि की राजनीतिक पृष्ठभूमि की चर्चा की एवं पूर्व डीजीपी को सलाह दिया कि वे बड़े ओहदे से जरूर आये हैं लेकिन लोगों के बीच कार्यकर्ता की हैसियत से काम करके अपनी विश्वसनीयता स्थापित करनी होगी। इस मौके पर रवि ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होने का निर्णय लिया।

**चुनाव** | *पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग की सख्ती का दिखा असर*

# चुनावी हिंसा की घटनाओं में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई

**नई दिल्ली, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। पांच राज्यों में हाल में संपन्न हुए विधानसभा चुनावों में निर्वाचन आयोग की सख्ती और प्रयासों का असर दिखा। अब तक 11 राज्यों में हुए चुनावों में केवल 6 मतदान केंद्रों पर ही पुनर्मतदान हुआ है। वहीं, चुनावी हिंसा की घटनाओं में भी उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर कहीं भी।**

बड़ी हिंसा की घटना सामने नहीं हाई। वहीं, 2019 में हुए आम चुनावों में त्रिपुरा में ही 168 जगहों पर पुनर्मतदान हुआ। वहीं, आयोग सख्ती के कारण 5 राज्यों में 2000 करोड़ रुपए की नशीली दवाएं, नकदी, उपहार और कीमती वस्तुएं जब्त हुईं। 45 हजार से ज्यादा शिकायतें मिलीं। इसमें पहले सौ मिनट में ही 99 फीसदी का समाधान कर दिया गया। मिजोरम में भी हिंसा की एक भी बड़ी घटना नहीं हुई है। वहीं, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी नक्सल प्रभावित इलाकों में भी लोगों ने जमकर मतदान किया। मध्य प्रदेश में 2018 में 74.97 तो 2023 में 76.22 प्रतिशत मतदान हुआ, छत्तीसगढ़ में पिछली बारे के 76.45 प्रतिशत से इस बार कुछ कम यानी 76.32 फीसदी मतदान हुई।

राजस्थान में 74.06 प्रतिशत से बढ़कर 74.96त्न, मतदान हुआ। मिजोरम में 77.4 फीसदी रहा। तेलंगाना में पिछली बार के मतदान 73.37 फीसदी के मुकाबले इस बार केवल 70.71 प्रतिशत मतदान हुआ है। चुनाव आयोग इन चुनावों में आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के उल्लंघन को लेकर सतर्क है। इसके लिए आयोग आगामी लोकसभा चुनावों से ही एमसीसी के सख्त अनुपालन को लेकर कड़े कदम उठाएगा। इस दिशा में तेजी से कार्रवाई भी शुरू कर दी है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा चुनाव आयोग एक सांविधानिक संस्था है। उन्होंने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन पर राजनीतिक दलों की एमसीसी समझ पर सवाल उठाया है। अमर उजाला से उन्होंने कहा है कि चुनाव में राजनीतिक दलों की चुनावी आदर्श आचार संहिता की समझ और उनके द्वारा किए जा रहे कार्य बताते हैं कि या तो उनमें समझ की कमी है, या वह अनर्गल प्रलाप राजनीतिक लाभ के लिए कर रहे हैं। मतगणना को लेकर विधानसभा चुनावों में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार कानून-व्यवस्था की पूर्ण पालना सुनिश्चित की जाएगी। रिटर्निंग अधिकारी किसी भी राजनैतिक व्यक्ति, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त नहीं करेंगे और न ही किसी तरह से कोई पक्षपात करेंगे।

मतगणना स्थल में प्रवेश करने के लिए वैध प्राधिकार पत्र होने के बाद भी यदि आरओ को मतगणना हॉल में किसी व्यक्ति की उपस्थिति के बारे में उचित संदेह है, तो वह उसकी तलाशी ले सकता है।



■ 11 राज्यों में केवल छह केंद्रों पर हुए पुनर्मतदान
■ दो हजार करोड़ रुपए की नशीली दवा व नकदी की गई जब्त

### हाना

दूरिहा के ढोल सुहावना
दूरिहा में ढोल बाजथे त बने लगते पास में बाजही त कान बने नई लागे। वइसने जेन काम के या मनखे के बहुत प्रशंसा सुनबे अउ उही मनखे या चीज जब तीर में आथे त आतेक बने नई लगे तब ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. छंटइया- चयन करने वाला
2. छंटई- साफ करने की क्रिया या चयन करना, या अलग करने की क्रिया
3. छंटवई- चयन कराने, अलग कराने या साफ कराने की क्रिया या भाव
4. छंटवउनी-चयन कराने, अलग कराने या साफ कराने की क्रिया या भाव
5. छंटवाल- चयन कराया हुआ
6. छंटवै- छंटवइ
7. छंटवौनी- छंटवउनी
8. छंटहा- चयन किया हुआ
9. छंटाक- एक सेर का सोलहवा हिस्सा
10. छंटाना-अलग थलग पड़ जाना।

## मेला मड़ई

छत्तीसगढ़ म मड़ई महोत्सव या मेला ल एक प्रमुख त्योहार माने जाथे। मड़ई त्यौहार लोगन के जीवन ल खुशी ले भर देथे। ये त्यौहार न मजेदार, मनमोहक रहिथे संगे संग ये राज्य के समृद्ध परंपरा अउ संस्कृति के दर्शन कराथे।

खास तौर से गोंड जनजाति मन ही ये त्यौहार ल बहुत उत्साह अउ आनंद के संग मनाथें। मड़ई मेला के ये त्यौहार दिसंबर ले मार्च के महीना तक मनाये जाथे। छत्तीसगढ़ म मुख्य रूप से कांकेर जिला के कुरना अउ चारामा समुदाय, भानुप्रतापपुर के मन, अंतागढ़, पखांजूर, कोंडागांव, नारायणपुर अउ बस्तर के जनजाति मन मड़ई मेला के त्यौहार ल खास तौर ले मनाथें।

ये तिहार म गांव के मन, रिश्तेदार अउ दोस्त मन भी शामिल होथें। ये मड़ई मेला के त्यौहार म अलग-अलग जनजाति के मन अपन -अपन घर ले बाहिर एक बड़े खुला मैदान म इकट्ठा होथें। ये मेला म दूरदराज ले व्यापारी मन आथें अउ सस्ता म अपने सामान बेचथें। ये मड़ई मेला म बहुत अकन दुकान लगथें। लइकामन बर झूला लगे रहिथे, सियान मन घलो झुलथें। मिठाई के दुकान, कपड़ा अउ जूता-चप्पल के दुकान लगे रहिथे।

ये त्योहार के शुरुआत प्राचीन भारत म होय रहिस हे। आज भी ये उत्सव ल विभिन्न जगह म परम्परागत तरीका ले मनाये जाथे। येला आदिवासी मन शुरू करे रहिन हें। आदिवासी मन ल भारत के प्राचीन निवासी के रूप में भी जाने जाथे। आदिवासी मन के ये संस्कृति कई सौ बछर जुन्ना आये। उंखर प्राचीन परंपरा उंखर उत्कृष्ट वेशभूषा अउ अद्भुत नृत्य म झलकथे। मड़ई महोत्सव केवल छत्तीसगढ़ के ही नहीं बल्कि भारत के सब ले लोकप्रिय त्योहारों में से एक हे।

ये त्योहार के दौरान स्थानीय जनजाति के मन पीठासीन देवता के पूजा करथें। त्यौहार के शुरुआत म छत्तीसगढ़ के आदिवासी मन एक खुल्ला मैदान में एक जुलूस के शुरुआत करथें। ये जुलूस ल देखे बर बड़े संख्या म भक्त अउ सामान्य पर्यटक एकत्र होथें। जब मड़ई मेला के शुरुआत होथे त समारोह देखे बर आए डहरचलहा अउ अवइया जवइया मन, देवता ल प्रणाम करथें।

मडई महोत्सव त्यौहार म घलो दूसर त्यौहार सरिख जानवर के बलि चढ़ाये जाथे। आमतौर से ये त्यौहार म एक बकरा के बलि देय जाथे। जब मड़ई के जुलूस समाप्त हो जथे, ओखर बाद शाम के कई सांस्कृतिक कार्यक्रम होथे। येमा लोक नृत्य, नाटक अउ गाना शामिल हे। ये कार्यक्रम ल देखे बर तीर तार के गांव के मन अउ स्थानीय मनखे मन एकत्रित होथे।

ये मड़ई भारत देश म एक स्थान ले दूसर स्थान म लेगे जाथे। मड़ई के मिलन भी होथे। एक समय म छत्तीसगढ़ के बस्तर आदिवासी क्षेत्र ले येखर शुरुआत होथे। ओखर बाद ये मड़ई महोत्सव कांकेर जिला में चल देथे। भानुप्रतापपुर, नारायणपुर अउ अंतागढ़ म रुकथे। ओखर बाद ये त्यौहार केशकाल, भोपालपट्टनम अउ आखिर म मार्च म कोंडागांव पहुंचथे। इहां ये समाप्त हो जथे।

ये आदिवासी क्षेत्र म मनाये के तरिका आये। मैदानी क्षेत्र में भी मड़ई होथे। ये ह घर ले निकल के देवस्थान जाथे या फेर देव स्थान ले ही निकलथे। मड़ई के बजार के सब ल अगोरा रहिथे।

**सुधा वर्मा**

# अगहन बृहस्पत म लछमी माता के कहिनी

एक घव देवी लछमी हर विष्णु भगवान ले कहिस- इही संसार म सबले जियादा काखर पूजा होथे?

विष्णु भगवान हर कहिस - लछमी इही संसार म मोर जियादा भक्त हवय। ऐखर सेती मोर जियादा पूजा होथे।

लछमी देवी कहिस-भगवान इही संसार म मोर भक्त जियादा हवय। आपमन स्वयं देख लेवव। भगवान विष्णु हर कहिस-चलव हमन संसार म जाके देख लेथन के काखर इही संसार म जियादा पूजा अउ मान गउन होथे।

देवी लछमी अउ विष्णु हर भेस बदल के राजा सोमनाथ के नगर म पहुंचीस। उंहा राजा हर विष्णु यज्ञ करवावत रिहिस। त भगवान विष्णु हर बाह्मन के भेस म उंहा जाके यज्ञ म चल दीस। अपन पूजापाठ ल देख के खुस होय लगिस।

इही नगर म उही बेरा लछमी देवी हर तको डोकरी बह्मनीन के भेस म एकठिन झोला ल ओरमाय खुसरगे अउ विष्णु पुरान होवत जघा कना जाय लगिस। त सिपाही मन वोला रोकिन अउ कहिन- डोकरी दाई तैंहर झन नींग काबर इहां राजा हर विष्णु यज्ञ करावत हावय। इही यज्ञ हर सात दिन ले चलही। यज्ञ हर खतम हो जाही त तैंहर आबे।

डोकरी के भेस म लछमी देवी हर किहिस -बने हे बाबू फेर मोला थोरकुन पीये बर पानी दे दे त मैं पानी पी के रेंगतेव। अइसना कहिके अपन झोला ले सोन के बड़का गिलास ल निकारिस अउ पानी रितोय पाछू पानी ल पी के गिलास ल उही मेर मढ़ा दीस अउ रेंग दीस।



सिपाही मन हर देखिस त कहे लगिन- डोकरी दाई तोर सोन के गिलास ल लेग। डोकरी हर कहिस मोर कना अब्बड़ अकन हवय बाबू मय हर काय करहुं? तुमन ले लेवव। अइसना कहिके रेंगे लगिस। त सिपाही हर अइसना चमत्कार ल देख के डोकरी दाई ल उही मेर बइठार दिस अउ खायबर परसाद ल लान के दीस। त डोकरी दाई हर परसाद ल झोंके बर अपन झोला ले सोन के थारी ल निकालिस अउ परसाद ल खाके थारी ल उही मेर मढ़ा के रेंगे लगिस। सिपाही मन ओला उही मेर बइठार दीन अउ राजा ल जा के जम्मो गोठ ल बताइस।

राजा हर पूजा ल छोड़ के आगे अउ कहिस-तैंहर मोर महल म चल दाई। डोकरी के भेस म लछमी दाई कहिस- मैंहर तोर घर जाहुं फेर तोर महल म होवत विष्णु यज्ञ ल बंद करवाहुं तभे मैंहर जाहुं। नइ त मैं रेंगत हवव। अइसना कहिके वोहर रेंगे लगिस अउ रेंगत-रेंगत रददा म सोन के बर्तन-भाड़ा ल फेकत जावत रिहिस। राजा के मंत्री हर राजा तीर जा के कहिन- वो डोकरी ल रोक लेवव। ऐहर त सिरतोन में लछमी दाई लागत हवय। राजा हर वो डोकरी दाई करा जाके कहिन- चलव दाई मोर घर महल म मैंहर इही विष्णु यज्ञ ल बंद करावत हंव। राजा हर यज्ञ म जा के पंडित मन ले कहिन-मैंहर माफी मांगत हवव। इही यज्ञ ल बंद करे ल परही। राजा के आदेस पावत यज्ञ हर बंद होगे अउ डोकरी दाई के सेवा सत्कार म राजा लगगे। डोकरी दाई बर आनी-बानी के जेवन बने लगिस। जम्मो जेवन करे बर वोहर अपन झोला ले नवा बर्तन निकाले। राजा के महल हर सोन के बर्तन ले भरगे।

बाह्मन के भेस म विष्णु भगवान हर लछमी के महिमा ल देख के लछमी देवी के जै-जैकार करिस अउ कहिस-देवी लछमी संसार म तुंहर मान गउन जियादा हवय। तैंहर अपन भक्त मन ल सुख- संपदा के भंडार ले भरत हस अउ आगू तको भर देबे। अइसना कहिके विष्णु भगवान अंतरधियान होगे।

> **राजा के महल हर सोन के बर्तन ले भरगे। बाह्मन के भेस म विष्णु भगवान हर लछमी के महिमा ल देख के लछमी देवी के जै-जैकार करिस अउ कहिस-देवी लछमी संसार म तुंहर मान गउन जियादा हवय। तैंहर अपन भक्त मन ल सुख- संपदा के भंडार ले भरत हस अउ आगू तको भर देबे। अइसना कहिके विष्णु भगवान अंतरधियान होगे।**

**डॉ.जयभारती चंद्राकर,**
**सहायक प्राध्यापिका**

## अगहन महिना म बृहस्पतवार के महत्तम

हमर छत्तीसगढ़ प्रांत म अगहन महिना के अब्बड़ महत्तम हवय अउ अगहन बृहस्पत व्रत अउ पूजा ल करे के परम्परा तको हवय। अगहन महिना म खेत मन के धान के बाली बाढ़ते अउ पाक जथे। धान के कटई ले आय खुसहाली बर इही धन के देवी माता लछमी के पूजा अर्चना ल करे जथे।

अगहन महिना दाई लछमी के महिना आय। घर-घर के दुवारी-अंगना म लछमी दाई के चरन अउ पूजा-पाठ के अब्बड़ विधान हवय। इही महिना किसान मन के धान कटाई के महिना आय। धान हर लछमी दाई के चिन्हा हवय। धान के बने आवक हर खुसी अउ समृद्धि ल लानथे।

इही अगहन महिना म लछमी दाई ल अपन घर म बइठार के महिना भर पूजा-पाठ करे के विधान हवय। जेखर ले बछर भर लछमी दाई के किरपा परसादे हर बने रहिथे। अन्न धन ले भरे भंडार हर भरे रहिथे। लछमी दाई के सेवा जतन ले जम्मो सुख-समृद्धि धान-पान अउ जन-मन म सुख-शांति ह बाढ़थे। लछमी दाई के आय ल कुलछनी हर भाग जथे। कुटुंब म मया-पिरित अउ सुख शांति हर छा जथे। लोग लइका मन म हँसी- खुसहाली रहिथे।

लछमी पुरान म तको अगहन महिना के महत्तम के बरनन करे गे हवय।

### पूजा के विधि विधान

अगहन महिना के पहिली बुधवार के दिन अंगना ल गइया के गोबर ले लीप के अरवा चाउर पिसान के रेहन बना के लछमी दाई के चरन बनाये जथे। अंगना ले बनाये चउक ल घर भीतरी जिहां लछमी माता के स्थापना राखे गे हे तिहां ठउर तक ले लछमी माता के चरन बनाय जथे।

पूजा म राखे के सामग्री- करसा, आमापान, केरापान, अवरा पान, नवा धान,नवा चाउर, पीढ़वा, दीया-बाती,फूल-पान,चंदन,गंगाजल,हरदी, कुमकुम, पिवर चाउर,गोंदा फूल। भोग बर मोहन भोग, काजू,किशमिश, बादाम, केरा, जाम, सिंघाड़ा, सीताफर, मौसमी फर, मिठाई।

छप्पन भोग- अपन श्रद्धा के अनुसार। चिला, फरा,चौसेला, बोबरा, गुलगुला, मालपुआ, दूध फरा, तसमई, खीर,सोंहारी,पूरी,बरा-भजिया,भात -दार, साग जम्मो छप्पन भोग चघाय जथे।

### पूजापाठ के नियम

अगहन महिना के पहिली बुधवार ले पूजा के तियारी ल करे जथे। संझाकुन घर ल गोबर ले लीप के अरवा चाउर के चउक अंगना म पूरे जथे अउ मुहाटी म दीया बार के हुमन जग दिये जथे। तुलसी चउंरा म दीया बार के लछमी दाई के अराधना करे जथे।

लछमी दाई के स्थापना के ठउर म करसा म धान अउ चाउर ल भर के ओखर उप्पर म दीया ल बारे के चरन अउ माता के फोटो ल बइठार के पूजा करे जथे।तेल के दीया संझा बुधवार ले अखंड दीया ल बारे जथे। बृहस्पत के दिन मुंधहरा ब्रम्हमुहूर्त म उठ के नहा-धोके अंगना म दीया ल बार के लछमी दाई के चरन के पूजा करके हूम जग दे के आरती ल लछमी माता के स्थापना मेर करे जथे। फूलपान,चाउर चघा के मोहन भोग लगाय जथे।

इही पूजा म तीन बेर मुंधहरा, दुपहरी अउ संझाकुन पूजा कर के आरती करे के विधान हवय।

### दुपहरी पूजा म कहिनी कहे के महतम

बृहस्पत के दिन दुपहरी पूजा म कहिनी कहे अउ सुने के अब्बड़ महत्तम हवय। देवी लछमी हर प्रसन्न होथे अउ देवी के किरपा परसाद हर बछर भर पूरथे। लछमी दाई के कहिनी सुने अउ सुनाय ले वोहर अब्बड़ खुस होथे। अन्न-धन, सुख संपत्ति हर आथे।

### बालगीत

## चिटिक घाम आ

जाड़ जनावत हे, चिटिक घाम आ।
झन नखरा देखा, सोज लाम आ।
उत्ती कोती ताकत रहिथंव,
परछी, अंगना झांकत रहिथंव,
कहां बिलमथच, जान तहीं हा,
बइठांगुर बन, फांकत रहिथंव।
तोर अगोरा हे, कभू काम आ,
जाड़ जनावत हे, चिटिक घाम आ।
झन नखरा देखा, सोज लाम आ।।
चुरुमुटु तैंहा, चपटे हावच,
बादर, धुंध मा, हपटे हावच,
सीत, ओस ले, बांचे खातिर,
घुरघुरात तैं, सपटे हावच।
मुचमुच झन मिटका, मोर धाम आ,
जाड़ जनावत हे, चिटिक घाम आ।
झन नखरा देखा, सोज लाम आ।।
जुड़ पुरवाही, परय गाल मा,
हुहु-हुहु हाहा, बोल चाल मा,
लहू जमत हे, हाड़ गलत हे,
अबक-तबक हे, अमित हाल मा।
बनके झटकुन तैं, अब अराम आ।
जाड़ जनावत हे, चिटिक घाम आ।
झन नखरा देखा, सोज लाम आ।।

**- कन्हैया साहू 'अमित' शिक्षक- भाटापारा**

# हमर गुरूजी

अंधियार गहरावत हे। मनखे छटपटावत हे। प्रकाश के अगोरा म हाथ लमाये बइठे हे लोगन। प्रकाश हमर जिनगी म कइसे हमाही, एकर चिंतन मनन अऊ प्रकाश लाने के उदिम बहुतेच कम मनखे मन कर पाथे। जेन मनखे हा प्रकाश ल भुंइया म बगरा के, दुनिया ला जगजग ले अंजोर कर देथे उही मनखे हा जग म गुरूजी के नाव ले पूजाथे। गुरूजी ह अइसन परानी आय जेहा जिनगी भर, दिया कस बरके जग के अंधियारी ला दुरिहाथे अऊ ललकारथे। लोगन ल बने रद्दा म रेंगाये अऊ ओकर ठऊर तक अमराये के बूता करइया मनखे ला जग हा, गुरूजी के नाव ले जानथे।

हमर बीच अइसने साहित्यकार गुरूजी श्री गजानंद प्रसाद देवांगन रिहीन। गनेश चतुर्थी 1940 म रायपुर के बाम्हनपारा म बहुत साधारन परिवार म जनम धरइया गुरूजी हा कतको पारिवारिक समस्या के बीच शिक्षा के प्रचार-प्रसार म अपन जिनगी ला होम कर दिस। गुरूजी के सरकारी पद इंकर बर केवल उदर-पोसन के माध्यम रिहीस। इंकर जिनगी के मकसद, अटके-सटके, गिरे-परे निर्बल मनखे ला उचाके बने रद्दा म रेंगाके, ओकर जिनगी ला सार्थक बनाना रिहीस हे।

**9 दिसम्बर पुण्यतिथि**

तीन सौ के लगभग हिन्दी कबिता, डेढ़ सौ के लगभग छत्तीसगढ़ही कबिता, तीन सौ भजन , दू सौ कहानी अऊ अतके असन आलेख रचके अपन बिचार ला आकाशवाणी, समाचार पत्र के माध्यम ले लोगन तक पहुंचइया गुरूजी के पांच किताब प्रकाशित हो चुके हे अऊ दू किताब प्रकाशन बर तियार होवत हे।

देवांगन जी के बिसाल हिरदे अऊ ऊंचई ला सम्मान देवत सरकार हा छुरा नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल ला, गुरूजी के नाव कर दे हे। मगरलोड, नवापारा, छुरा म कतकोन साहित्यकार मनला ओकर नाव ले हरेक बछर सम्मानित करे जाथे। इंकर नाव म नवागांव म दिशाबोध साहित्य समिति के निर्माण करे गेहे। छुरा म इंकर स्मरण ला जिंदा रखत, स्मरण साहित्य समिति के संचालन बीते सात बछर ले संचालित होवत हे।

9 दिसम्बर 2011 के दिन दुनिया ले बिदा लेवइया गुरूजी, अभू घला अपन रचना के माध्यम ले हमर बीच जिंदा हे अऊ जगा-जगा गियान के दिया बार के अंजोर बगरावत हे। एक कोती दिशा के ग्यान देवइया गुरूजी , साहित्यजगत म दिशाबोध के नाव ले जनावत रिहीन , त दूसर कोती उन्नीस सौ तिहत्तर ले अपन स्कूल म सबले पहिली योग के शिक्षा दे के ,प्रदेश के पहिली स्कूली योगगुरू बन गिन । ऊंकर बारहवीं पुण्यतिथि म साहित्य अऊ योगजगत के विनम्र श्रद्धांजलि।

**श्रीमति संजू एच.एस. देवांगन, छुरा .**

## पिंवरागे धनहा डोली खार

पिंवरागे धनहा डोली खार
हरुना धान लहलहावत हे
बाली निकले सुघ्घर सुघ्घर
मुड़ी माथ ल नवावत हे।

लुए टोरे के दिन आगे
बनी बनिहारिन खेत जावत हे
लुए टोरे बर हंसिया धरके
लु लुके करपा मढ़ावत हे।

पात धरके चापे चाप
कनिहा ल सोझियावत हे
मगन होके लुए बनिहारिन
सुघ्घर ददरिया गावत हे।

पिंवरागे धनहा डोली खार
हरुना धान लहलहावत हे
मिंज कूटके कोठी म भरके
किसनहा खुशी मनावत हे!!

**-सोनु नेताम 'माया'**
**रुद्री नवागांव धमतरी**

# लीम चौरा

चिरई मन के चुहुल-पुहुल होवत रहय। नान्हे चिरई मन ए डारा ले ओ डारा फुदक-फुदक के खेलत-कूदत रहय। कउवा, पड़की, खुसरा,सल्हइ कतको चिरई मन लीम के डारा म संग-संग हंसी खुशी ले रहय। डारा के खाल्हे गली के लईका मन ह सकला के बांटी, भौरा, बिल्लस, चूड़ी लुकउला, गोटा, डंडा पिचरंगा सब अपन-अपन खेल खेलयं। रमा, रहीम,भोलू,गोलू ,मनप्रीत सब लइका मन संग म खेले अउ खुश रहय। पेड़ के डारा जइसने अलग-अलग चिरई चुरगुन मन म अलग होके घला एक संग म खेले खावयं। तइसने सबो लइका मन धुर्रा म सने जात धरम ले दुरिहा सङ्गे संग ननपन के मजा इही लीम चौरा के तीर लेवयं।

इस्कूल ले आके घर के खूंटी म बस्ता टांग के सब झन लीम चौंरा के तीर जुरियायं। लीम चौरा जइसे उंकर बर घर ले दुरिहा अपन पन के भाव रखत खुशी के संसार रहिस।

लइका त लइका सियान मन घला लीम चौरा म संग बइठ के एक दूसर के सुख-दुख म सहभागी बनयं। कमरछट के सगरी, होली के नगाड़ा अउ ताजिया इही लीम चौंरा के तीर मनावयं। अब्बू के बीते के बाद नोनी सकीना के बिहाव के मंडप इही लीम चवरा के तीर सब झन मिलजुल के गड़ा के बेटी के बिदाई करे रिहिस। मंगलू के क्रियाकरम बर बिचारी गरीबीन मंगनिन का करतिस, भान नई होइस सबो मिल आगू ले आगू कलेवा भात अउ सगा सम्बन्धी बर पूरा तैयारी इही लीम चौरा के तीर सब झन मिल के करिन।

जवनहीन मन काम बुता म जावयं त लइका मन ल धर के सियान दाई मन इही लीम चौरा म खेलावय। लीम चौरा ह पुरखा ले उंकर दुख-सुख म संग देवत परमान बन के सउहत खड़े रहिस।

जब लाकडाऊन रिहिस त इही लीम चौरा म गुरुजी के मोहल्ला क्लास लगा के ज्ञान के अंजोर बगरात रहिस। सबो झन एक दूसर ले मया करयं। खुसी - खुसी दिन बीतत रहिस। तइसने गांव म मंत्री जी के पांव पड़िस चुनाव के बेरा अवइया रहिस अपन वोट के चक्कर म मांग पूरा करत एक समाज बर भवन बनाये के घोषणा कर दिन।

गांव म चौक लीम चौरा के ठउर ल इकर बर चुने गिस।

अब लीम चौरा ह एक धरम बिसेस के हो जाही, ए बात दूसर धरम के मन ल मंजूर नई रहिस। रात-दिन अब दोनों समाज के बीच झंझट बढ़े ल लगगे। दुनों समाज के सियान मन अपन- अपन जिद म आके झगड़ा ल बढ़ा डरीन।

अब आये दिन के झगड़ा म लीम चौरा ह सुन्ना परगे।मनखे मन के कांय-कांय ले चिरई चुरगुन मन घला लीम डारा ल छोड़े लगिस। अब मतभेद अतिक बढ़ गए रहिस त गांव म लईका मन ल संग खेले कूदे बर घला मनाही रहिस।

एक दिन सियान मन के मुँहू ले लीम के कांटे अउ नवा बिल्डिंग के चर्चा चलत रहिस।ये बात ल सुनके रमा सियान मन ले लुका -छिपा के इस्कूल के भीतरी सबो लईका मन ले मिलिस। उंहा सब ला सकेलत कहिस- अब हमर लीम कटा जाही फेर हमन कभू संग नई हो सकन हमन के बीच के दीवार ह अब मिट नई सकय।

अब्दुल होनहार लइका रहिस रमा के बात ल आगू बढ़ावत कहिस। दीदी अइसन झन कहा हमन ल कुछु करे ल परही। भोलू बीच म किहिस अब्दुल भाई हमन वानर सेना अस जुरिया के काम करथन।

हां, वानर सेना! सबीना के आंखी म बिस्वास चमके लगिस। वइसने वानर सेना जइसने इंदिरा जी ह आजादी बार लइका मन ल जोड़ के बनाये रहिस। सब सुर म सुर मिलावत एक मत होंगे। रमा तब किहिस- हमर वानर सेना अब सुंदर लाल बहुगुणा के कारज ल करबो। गुरुजी बताए रिहिस ओमन के पेड़ म चिपके के चिपको आंदोलन ले जंगल के रखवाली होही।

गोलू अस कतको लइका मन मने-मन ददा के मार ल डर्रावत रहयं। फेर घर म कैद रेहे ले अउ रात-दिन के किटिर-काटर ले एक उदिम करे जाय। सब के निश्चय ह ओमन ल संबल दिस।

बिहाने जब लीम ल काटे बर आइन त सबो लइका मन रुख ल पोटार के खड़ा होगे। देखत-देखत बस्ती भर के मन सकलागे सब के उदिम काम नई आइस। इस्कूल म आज लइका मन नई पहुचे रहिस। हेडमास्टर ल अचरज होइस हेडमास्टर जब लीम चौरा तीर पहुंचीस त देखिन वो मन लीम ल पोटार के खड़े हवय अउ कटइया मन हथियार धर के घला निहत्था। संगठन म कतिक शक्ति होथे अउ दृढ़ इच्छाशक्ति ल मन के दुविधा दुरिहा जाथे। आज ये बात के भान तो हो गए रहिस।

गुरुजी जब जानिस त ओला अपन शिक्षा के ऊपर गरब होइस अउ लगिस आज सिरतो उंकर शिक्षा ह सार्थक होगे। गुरुजी सियान रहिस गांव के सब झन उंकर इज्ज़त करय। उंकर बात ल कोनो टाले अइसन कमे होवय। गांव के सियान मन ल बुला के गुरुजी कहिस- जे निर्माण के नेंव म झगड़ा हवय तेकर छत के छंइहां कइसे सुखदाई रइही।

लीम चौरा मया अउ प्रेम के ठउर आय एला पहिचानो अउ फेर भवन बनाना हवय त इस्कूल के तीर खाली जमीन म सबो के काम आय अइसन मंगल भवन बनना चाही। खाली समय म इस्कूल के लइका मन के उत्सव के काम आही अउ बाकी जरूरत के बेरा समाज के सब जन के काम। लीम के चौरा के संग तुंहर दया-मया, प्रेम अउ मिलाप ह घला बने रही।

सियान मन मानगे अब लइका मन गुरुजी ल घेर के तीर म आगे। गुरुजी उंकर मुड़ म हाथ फेरत इस्कूल तीर चलिन। जइसे हाथ ले उंकर काम ल सहूंरात असीस देवत हे।


इस्कूल के तीर जगह के चयन होइस अब सर्वजन बर बड़का मंगल भवन गुरुजी के उदिम ले बने लगिस। गांव के दुनों समाज के मन मिल के भूमिपूजन करिन। मया के मोटरी इंहा बन्धाये रहय इहि सोच लइकामन गुरुजी के संग मंगल भवन के आगू लीम के पेड़ लगाइस। अब गांव म सब मिल-जुल के रहय। लीम चौरा म चिरई, चुरगुन के चुहुल-पुहुल संग लइका मन के किलकारी अउ सियान जवान मन के मेल मिलाप भरे सब बर शीतल छंईहां के ठांव होगे।

**द्रोणकुमार सार्वा**
**मोखा ( गुंडरदेही )**

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
रविवार 03 दिसंबर 2023

उल्टा पुल्टा

पति- प्यास लगी है पानी लेकर आओ।
पत्नी – क्यों न आज तुम्हें मटर पनीर और शाही पुलाव बनाकर खिलाऊं...
पति – वाह वाह...! मुंह में पानी आ गया..
पत्नी – आ गया न मुंह में पानी, बस इसी से काम चला लो।



# छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदला

## रावल मल जैन दंपत्ति हत्याकांड के आरोपी की अपील पर हुई सुनवाई

## दो सह अभियुक्त की पांच-पांच साल की सजा को बदलकर उन्हें दोष मुक्त किया







**बिलासपुर,**2 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में दुर्ग जिला कोर्ट के फैसले को बदल दिया है। हाई कोर्ट ने रावल मल जैन दंपती की हत्या के आरोपित बेटे को राहत देते हुए फांसी की सजा को उम्रकैद में बदल दिया है। जिला अदालत ने आरोपित बेटे फांसी की सजा सुनाई थी। याचिकाकर्ता ने निचली अदालत के फैसले को चुनौती देते हुए छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले में दो सह अभियुक्त शैलेंद्र और गुरु दत्ता की पांच-पांच साल की सजा को बदलकर उन्हें दोष मुक्त कर दिया है।पुलिस द्वारा दर्ज एफआइआर के अनुसार एक जनवरी 2018 को संदीप जैन ने दुर्ग के गंजपारा स्थित मकान में अपने पिता रावल मल जैन और मां सुरजा बाई की गोली मारकर हत्या कर दी थी। उस समय यह मामला काफी चर्चित हुआ था।

मामले की सुनवाई करते हुए दुर्ग जिला कोर्ट ने संदीप जैन को फांसी की सजा सुनाई थी। इसके खिलाफ संदीप ने अपने वकील नके माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी।

याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस इनके चंद्रवंशी के डिवीजन बेंच में हुई। याचिका की सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने मुख्य अभियुक्त व याचिकाकर्ता संदीप जैन की फांसी की सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया है।

### संपत्ति से बेदखली का सता रहा था डर

पुलिस की पूछताछ में आरोपी संदीप ने पुलिस को बताया था कि उसके पिता रावल मल जैन रूढ़ीवादी विचारधारा के थे। उनको महिला मित्रों से मिलना पसंद नहीं था। वे कई बार उसे अपनी संपत्ति से बेदखल करने की धमकी भी दे चुके थे। इससे कारण ही उसने अपने पिता को मारने की साजिश रची थी।

### देसी पिस्टल व कारतूस से की थी हत्या

संदीप ने पिता की हत्या करने के लिए एक देसी पिस्टल और कारतूस खरीदा था। देसी पिस्टल और कारतूस कालीबाड़ी दुर्ग निवासी भगत सिंह गुरूदत्ता (47 वर्ष) और गुरूनानक नगर दुर्ग निवासी शैलेंद्र सागर (47 वर्ष) ने बेचा था। इसलिए मामले में दोनों आरोपितो को जिला न्यायालय ने पांच-पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई थी। जिसे हाईकोर्ट ने बदलकर उन्हें दोषमुक्त कर दिया है।

# नेशनल कैम्प के लिए बुलबुल रवाना



**बिलासपुर,** 2दिसंबर (देशबन्धु)। नेशनल लेबल कब बुलबुल केम्पूरी राज्य प्रशिक्षण केन्द्र गंगानगर कोलकाता पश्चिम बंगाल में 2 से 6 दिसंबर 2023 तक आयोजित है जिसमें सम्मिलित होने जिले से 06 बुलबुल तथा प्रभारी श्रीमती कल्पना सिंह एवं श्रीमती स्मृति शर्मा रवाना हुए। उक्त शिविर में हस्तकला, पेपर कटिंग, लोकनृत्य, लोकगीत,मास्क मेकिंग, प्रदर्शनी ,फूड प्लाजा आदि प्रतियोगिताओं में जिले के बुलबुल राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। सहायक राज्य संगठन आयुक्त स्काउट भूपेंद्र शर्मा, जिला संगठन आयुक्त स्काउट विजय यादव, संयुक्त सचिव सुश्री लता यादव, स्काउटर सुरेश साहू, श्रीमती रत्ना कश्यप सहित पालकों ने शुभकामनाएं देते हुए दल को रवाना किए।

# आज से छाएगी बदली, कल बारिश के आसार

बिलासपुर,2 दिसंबर (देशबन्धु)। मौसम में बदलाव के चलते बदली का असर अभी चक्रवाती तूफान 3 व 4 को दिखाएगा अपना असर भी बिलासपुर सहित क्षेत्र में बना हुआ है। आज मौसम शुष्क रहा। आगामी 3 दिसंबर से मौसम परिवर्तित होगा और बदली छाएगी, 4 दिसंबर को प्रदेश के कुछ स्थानों पर चक्रवाती तूफान के प्रभाव से हल्की बारिश होने की संभावना है।

1 दिसंबर को बिलासपुर का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रहा और न्यूनतम तापमान 19.4 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। प्रदेश में सबसे कम न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री कांकेर में दर्ज किया गया। रायपुर मौसम केन्द्र के अनुसार इस समय पश्चिमी विक्षोभ एक चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में दक्षिण हरियाणा और उसके आसपास 3.8 किलोमीटर से 4.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है तथा इसका अक्ष 5.8 किलोमीटर पर 72 डिग्री पूर्व और 30 डिग्री उत्तर है। इसके प्रभाव से प्रदेश में कल 2 दिसंबर को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। चूंकि प्रदेश में लगातार बंगाल की खाड़ी से हवा आ रही है इसके कारण न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना फिलहाल नहीं है। इसके अलावा एक अवदाब दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर पश्चिम-उत्तर- पश्चिम दिशा में आगे बढ़ रही है जो पुडुचेरी से 760 किलोमीटर दूर पूर्व-दक्षिण पूर्व की ओर, चेन्नई से पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर 780 किलोमीटर दूर, बापतला से दक्षिण-पूर्व की ओर 960 किलोमीटर दूर और मछलीपट्टनम से दक्षिण-पूर्व की ओर 940 किलोमीटर दूर स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए और अधिक प्रबल होकर गहरा अवदाब दाब के रूप में 2 दिसंबर को परिवर्तित होने की संभावना है।

क्या है पश्चिमी विक्षोभ लाल सागर, मेडिटेरियन सागर या कैस्पियन सागर से एक द्रोणिका अथवा ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 5.8 किलोमीटर पर बनता है और यह पश्चिम से पूर्व की ओर गमन करता है। इस तरह मध्य क्षोभमंडल में विक्षोभ बन जाता है तथा पश्चिम से पूर्व की ओर जाता है इसलिए इसे पश्चिमी विक्षोभ कहते हैं।

## सार-संक्षेप

### नेहरू युवा केंद्र ने कैच द रैन क्विज कॉम्पीटिशन का आयोजन



**बिलासपुर,**2 दिसंबर (देशबन्धु)। नेहरू युवा केंद्र बिलासपुर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में कैच द रेन फेस -3 जल संरक्षण पर क्विज कॉम्पिटिशन स्वामी आत्मानंद महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल में आयोजन किया गया, जिसमें जल के सदुपयोग के बारे मे, एवं जल को अधिक से अधिक मात्रा में बचाने के लिए क्विज कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला युवा अधिकारी सौरभ कुमार निषाद एवं एम.एल.सोनी के मार्गदर्शन में किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में रेखा गुल्ला नेशनल हॉकी खिलाड़ी,प्रभारी प्राचार्य अरविंद कुमार कौशिक,श्रद्धा आंनद, एवं राजश्री कौशिक कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के गरिमामयी उपस्थित में सम्पन्न हुआ। क्वीज कॉम्पिटिशन में 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया था जिसमे प्रथम स्थान महिमा तिर्की,द्वितीय स्थान दिप्ति मंछानी,एवं तृतीय स्थान में निशा राठौर रही।सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का आभार व्यक्त एवं संचालन धनेश रजक पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक एवं नीरज कंठाले राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक द्वारा किया गया।

### विकलांग विमर्श आधुनिकता की मांग डॉक्टर पाठक



**बिलासपुर,**2 दिसंबर (देशबन्धु)। अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय कवि संगम बिलासपुर इकाई के तत्वावधान में चाहिल निवास, यदुनंदन नगर-तिफरा में विकलांग विमर्श सह काव्य गोष्ठी का आयोजन डा विनय कुमार पाठक-राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद के मुख्य आतिथ्य, डा अरुण कुमार यदू वरिष्ठ कवि एवं समीक्षक की अध्यक्षता एवं डा राघवेन्द्र दुबे प्रांतीय अध्यक्ष, तुलसी साहित्य अकादमी के विशेष आतिथ्य में सोत्साह संपन्न हुआ। इस अवसर पर डा पाठक ने कहा कि दिव्यांग विमर्श आधुनिकता का तकाजा है, बीसवीं सदी के छठवें दशक के प्रारम्भ में स्त्री, दलित आदिवासी विमर्श जो लिंग और जाति पर आधारित विमर्श हैं, वहीं लिंग,जाति से रहित विशुद्ध मानवतावादी दृष्टि पर आधारित विकलांग विमर्श नव्य विमर्श के रुप में देश-विदेश में चर्चित रहा है। डा. यदू जी ने अध्यक्षीय वक्तव्य में कहा कि बीसवीं सदी के प्रथम दशक में विकलांग विमर्श अखिल भारतीय विकलांग चेतना परिषद बिलासपुर की उपज है जिसे पूरे भारत ने स्वीकारा है। डा राघवेन्द्र दुबे ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के प्रथम दशक में विकलांग और दूसरे दशक में किन्नर विमर्श समकालीन समीक्षा का उत्कर्ष है, इस तरह से वंचित व वर्जित विमर्श मुख्य धारा से जुड़ कर सच्चे अर्थों में मानवता का मान रख रहे हैं। विकलांगता में दिव्यांगता के विमर्श गोष्ठी को आगे बढ़ाते हुए कार्यक्रम के संयोजक अंजनी कुमार तिवारी-अध्यक्ष, राष्ट्रीय कवि संगम मंच बिलासपुर ने इसे सामाजिक सरोकार का महत्वपूर्ण मानवीय कार्य बताया तथा इसके लिए जन सहभागिता व जन जागरण की आवश्यकता महसूस किया। इस विमर्श सह काव्यपाठ आयोजन में दिनेश्वर जाधव ने आदि से अनन्त तक है इनका ज्ञान भले ही विकलांग हैं।

# एसपी के निर्देश पर सरप्राइस चेकिंग



**बिलासपुर**,2 दिसंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्रीमती अर्चना झा, नगर पुलिस अधीक्षक सिविल लाइन संदीप कुमार पटेल (भापुसे), नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार (भापुसे) के मार्गदर्शन में बिलासपुर के प्रमुख चौराहों में, सभी ग्रामीण थानो में सरप्राइज चेकिंग लगाकर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की गई।

ग्रामीण क्षेत्रों में शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा शहरी क्षेत्रों में रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक सरप्राइज वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।चेकिंग के दौरान ड्रिंक एंड ड्राइव, ब्लैक फिल्म लगाने वाले कार, बिना नंबर गाड़ी, तीन सवारी आदि यातायात नियमों को नहीं मानने वाले की जांच कर कार्यवाही की गई है।शराब पीकर वाहन चलाने वालों का मौके पर ही ब्रेथ एनालाइजर मशीन से चेक किया गया व नियत सीमा से अधिक शराब पी कर गाड़ी चलाने वालों की गाड़ियों को जप्त किया गया है, 185 रूड्ढ एक्ट के अंतर्गत कुल 19 वाहनों को जप्त किया गया है, जिसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 188 वाहनों पर एमवी एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही कर कुल ? 88,100 शमन शुल्क वसूला गया।वाहनों की सरप्राईज चेकिंग का उद्देश्य अपराधिक गतिविधि वाले व्यक्तियों पर अंकुश लगाना तथा ड्रिंक एंड ड्राइव से होने वाली दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है।

# नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार




**बिलासपुर,**2 दिसंबर (देशबन्धु)। नाबालिग के पिता द्वारा थाना तोरवा में अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर अपहरण करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी गई थी। जिस पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 412 / 2023 धारा 363 भादवि कायम किया गया था मामले की गंभीरता को देखते हुये तत्काल आरोपी की धरपकड़ करने के निर्देश दिये गये थे, जिसके परिपालन में अपहृत नाबालिग एवं अज्ञात आरोपी की पता तलाश की जा रही थी जो नाबालिग को दिनांक 01.12.2023 को कटनी रेल्वे स्टेशन से आरोपी जसबीर , हरदीप सिंह परवीर के कब्जे से बरामद किया गया जो प्रकरण की विवेचना में नाबालिग के कथन में आरोपी जसबीर सिंह उर्फ परवीर के द्वारा नाबालिग को बहलाफुसला कर एवं रेलवे स्टेशन में कुछ नशे की गोली खिलाअपहरण कर बलात्कार करने की पुष्टि होने पर आरोपी जसबीर सिंह उर्फ परवीर को गिरफतार किया गया है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा जुर्म स्वीकार करने से गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, उनि. दिनेश पुरैना, आरक्षक अजय शर्मा, म.आर. गोपालिनी साहू का सराहनीय योगदान रहा।

# विधानसभा वार लगाई गई मतगणना दलों की ड्यूटी

## प्रेक्षकों की मौजूदगी में हुआ द्वितीय रेंडमाइजेशन



**बिलासपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। मतगणना के कार्य में लगे कर्मियों की ड्यूटी विधानसभा वार आज लगाई गई। एनआईसी कक्ष में रेंडमाइजेशन द्वारा उन्हें विधानसभा आवंटित किया गया। कलेक्टर अवनीश शरण व चुनाव आयोग के सभी गणना प्रेक्षक और रिटर्निंग अफसर इस दौरान उपस्थित थे। विधानसभा अंतर्गत किस टेबल में उन्हें गणना ड्यूटी करना है, इसकी जानकारी उन्हें 3 दिसंबर को सवेरे दी जाएगी। तृतीय रेंडमाइजेशन करके उन्हें टेबल आवंटित किया जाएगा। एनआईसी के उप निदेशक मनोज कुमार सिंह ने चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर में रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया संपन्न की।

# मारपीट करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर**,2 दिसंबर (देशबन्धु)। मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने वाले फरार आरोपी को सिविल लाइन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।घटना का विवरण इस प्रकार है की प्रकरण के प्रार्थी मोनू देवांगन पिता अंजोरी लाल देवांगन निवासी मरार गली मगरपारा बिलासपुर द्वारा दिनांक 10-07-2023 को थाना उपस्थित आकार रिपोर्ट दर्ज कराया की प्रार्थी अपने मोटर साइकिल से अपने भाई भागवत देवांगन उसलापुर स्टेशन छोड़ने के लिए घर से गाड़ी निकाल रहा था।

उसी समय आरोपीगण मोहल्ले में बीच रोड पर खड़े थे जिनको प्रार्थी द्वारा किनारे हटने बोलने पर आरोपीगण द्वारा मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार करते हुए हाथ मुक्के एवं ईट पत्थर से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाए हैं। मारपीट से प्रार्थी के भाई भागवत के सिर में गंभीर लगी है जिसका इलाज हेतु अस्पताल भर्ती किए हैं। प्रार्थी के उक्त रिपोर्ट पर थाना सिविल लाइन में उपरोक्त धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य द्वारा थाना स्तर पर टीम बनाकर आरोपियों की खोजबीन की गई। आरोपी के घर मगरपारा में दबीस दिया गया। आरोपी लूक छिप रहा था जिसे बड़ी मशक्कत के बाद हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ किया गया जो घटना घटित करना स्वीकार किया। जिसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।प्रकरण की कार्यवाही में थाना प्रभारी सिविल लाइन प्रदीप आर्य, सहायक उपनिरीक्षक अवधेश सिंह, आरक्षक देवेंद्र दुबे, राजेश नारंग, सोनू पाल, सतपुरन, राहुल, अविनाश का विशेष योगदान रहा।

# सिरगिट्टी में रावत नाच महोत्सव आज

**बिलासपुर,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। प्रतिवर्षानुसार सिरगिट्टी में कल 3 दिसंबर को रावत नृत्य महोत्सव का आयोजन खेल मैदान सिरगिट्टी में संध्या 6 बजे से डा भवानी शंकर नाथ उप पुलिस महानिरीक्षक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के मुख्य आतिथ्य में डा सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में तथा अमित यादव युवा अध्यक्ष बिलासपुर जिला यादव समाज, पुष्पेंद्र साहू पार्षद, सूरज मरकाम पार्षद, रवि साहू पार्षद,लक्ष्मी यादव पार्षद,संजय यादव, डा राजेश यादव, अविनाश यादव,नीरज यादव, राजकुमार यादव, राकेश यादव,नंदकुमार यादव आदि के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न होगा।

# बाइक सवार की ठोकर से घायल व्यक्ति की मौत




**बिलासपुर** , 2 दिसंबर (देशबन्धु)। बीती रात लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत उसलापुर ओवरब्रिज के ऊपर अपने परिवार सहित रिश्तेदार के घर से खाना खा कर अपने घर उसलापुर राजघराना लौट रहे पति पत्नी और बच्ची को एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक सवार ने सामने से ठोकर मार दिया, जिससे गंभीर रूप से घायल पति की मौत हो गई है।

वही पत्नी और बच्ची घायल हो गए है। मामले में पुलिस अपराध दर्ज कर जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार उसलापुर निवासी विजेंद्र लाल अपनी पत्नी रेशमा लाल और बेटी अल्फा लाल के साथ एक स्कूटी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 केए 8976 में सवार होकर अन्य परिजनों के साथ रात 11ः30 बजे घर लौट रहे थे, जो अभी उसलापुर ओवरब्रिज के ऊपर ही पहुँचे थे, तभी सामने से आ रही पल्सर क्रमांक सीजी 10 बीएम 9894 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें ठोकर मार दिया, जिससे विजेंद्र उसकी पत्नी और बच्ची सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोंटे आई, जहाँ विजेंद्र के सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। दूसरी बाइक में मौजूद अन्य रिश्तेदारों ने सूचना पुलिस को दी और घायल पत्नी और बच्ची को हॉस्पिटल पहुँचाया, जहाँ उनका उपचार चल रहा है। मामले में मौके पर मौजूद मृतक की बहन रश्मि मार्टिन की रिपोर्ट पर पुलिस ने पल्सर बाइक चालक के खिलाफ धारा 279, 304,337 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# एटीएम में चोरी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर,**2 दिसंबर (देशबन्धु)। मशीन के शटर में काले कलर का प्लास्टिक पट्टी लगाकर 6000 रूपये चोरी करने वाले आरोपी को तोरवा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

तोरवा पुलिस ने बताया कि दिनांक 30.11.2023 को रात्रि 09ः00 बजे गेंदराम आंचल निवासी देवरीखुर्द पावर हाउस एटीएम में 6000 रूपये निकालने गया था पैसा कटने का मैसेज आने तथा पैसा नहीं निकलने पर पर शिकायत करने पर बैंक द्वारा जांच एटीएम फुटेज की जांच करने पर प्रार्थी आशीष रंजन पिता स्व. राजेश्वर प्रसाद उम्र 33 साल साकिन भारतीय स्टेटे बैंक शाखा क्षेत्रीय कार्यालय बलराम टॉकीज के पास बिलासपुर छ.ग. के द्वारा दिनांक 30.11. 2023 को 02 अज्ञात व्यक्तियो द्वारा एटीएम मशीन के शटर में प्लास्टिक का काले कलर का पट्टी लगाकर 6000 रूपये चोरी करने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि रिपोर्ट पर थाना तोरवा में अपराध क्रमांक 616 / 2023 धारा 380, 34 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया ।

इसकी सूचना जिले के पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह (भापुसे) अति0 पुलिस अधीक्षक (शहर) राजेन्द्र जायसवाल एवं नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली श्रीमती पूजा कुमार (भापुसे) को दी गई थी। जिस पर तत्काल अज्ञात आरोपी की पता तलाश कर धरपकड करने के निर्देश प्राप्त हुए थे जिसके परिपालन में थाना प्रभारी तोरवा कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम तैयार कर एसीसीयू के साथ मिलकर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 02 अज्ञात व्यक्तियो की पता तलाश की जा रही थी ।जो पता तलाश दौरान आरोपी दीपक बरेठ एवं मोनू कुमार चौहान की पहचान कर उन्हें पकड़ा गया पूछताछ पर अपराध करना स्वीकार करने पर उनके कब्जे से चोरी की गई रकम 4600 रूपये बरामद किया गया।

शेष 1400 रूपये रकम आरोपियो द्वारा खर्च करना बताये आरोपियों को गिरफतार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय भेजा गया है।

प्रकरण की संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर, सउनि विदेशी राम साहू एसीसीयू से प्र.आर. देवमुन सिंह पुहुप, आरक्षक तदबीर सिंह, आरक्षक यशपाल टंडन आरक्षक उदय पाटले का सराहनीय योगदान रहा।


## ललित सुरजन को दी गई श्रद्धांजलि



**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। पत्रकारिता, साहित्य और जन आंदोलन को अपना जीवन समर्पित करने वाले व देशबन्धु समाचार पत्र के प्रधान संपादक रहे स्व. ललित सुरजन को उनकी पुण्यतिथि पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। भाकपा के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा ने कहा कि 2 दिसंबर 2020 को ललित सुरजन हम सबको छोड़ कर चले गए। जीवंत पर्यंत उन्होंने पत्रकारिता, साहित्य और जन आंदोलन को अपना मुख्य हिस्सा बनाया। श्री सुरजन अपनी लेखनी के माध्यम से समाज के निचले तबकों, शोषित-पीड़ित की आवाज उठा कर, संघर्ष कर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास करते रहे। उन्होंने पत्रकारिता की अलख जगाई। वे देश और प्रदेश की पत्रकारिता के स्तंभ थे। छत्तीसगढ़ में वे प्रगतिशील लेखक संघ, छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन, विश्व शांति एवं एकजुटता जैसे संगठनों का पर्याय बने रहे। पत्रकारिता और साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने कई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया और सम्मानजनक जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

# जमीन की भूख में 19 वर्षों से गायब है ग्राम पंचायत रतिजा का मिसल और नक्शा

### राजस्व और प्रमाण पत्र संबंधी कार्यों के लिए भटक रहे ग्रामवासी



**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। कोयलांचल दीपका में एसीबी कंपनी को लाभ पहुंचाने के लिए फर्जी आदिवासी बनकर बेशकीमती जमीनों की फर्जी रजिस्ट्री कराने और इसका मुआवजा में बड़ी गड़बड़ी करने का मामला अभी किसी अंजाम तक नहीं पहुंच सका है कि एक और नया सनसनीखेज मामला सामने आया है। पूरे का पूरा एक पंचायत का मिसल और नक्शा पूरी तरह से गायब हो चुका है। पिछले 19 वर्षों से इस पंचायत के लोग भटक रहे हैं किन्तु निराकरण ऊर्जाधानी से लेकर न्यायधानी और राजधानी तक लंबित है।

पाली अनुविभाग के अंतर्गत आने वाले और पटवारी हल्का नंबर-7 तहसील हरदीबाजार के अधीन ग्राम पंचायत रतिजा के रहवासी बड़ी कंपनियों की आपसी लड़ाई का खामियाजा भुगत रहे हैं। यहां के रहवासियों का जमीन संबंधी रिकॉर्ड मिसल बंदोबस्त, नक्शा रहस्यमय तरीके से गायब हो चुका है। इसके लिए कुछ ग्रामीणों द्वारा अपने स्तर पर प्रशासन से गुहार तो लगाई गई किन्तु अधीनस्थ अधिकारियों की बदौलत मामला अनसुलझा है। रिकार्ड गायब होने को एक बड़ी साजिश माना जा रहा है जिसमें भू-माफियाओं और दलालों की गहरी संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता।

जमीनों के मामले में मिसल बंदोबस्त और नक्शा काफी महत्वपूर्ण दस्तावेज होते हैं। इनके अभाव में जमीनों का सीमांकन, नामांतरण, बटांकन जैसे महत्वपूर्ण कार्य वर्षों से नहीं हो पा रहे हैं तो वहीं विद्यार्थियों का जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने से उन्हें शिक्षा और छात्रवृत्ति संबंधी सरकारी योजना के लाभ से वंचित होना पड़ा है। अभी दर्जनों ग्रामवासियों ने 28 नवंबर को पाली एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया है कि ग्राम पंचायत रतिजा का मिसल व अधिकार अभिलेख शासन द्वारा छीन लिये जाने के कारण यहाँ के लोगों का स्थायी जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा नहीं करा पा रहे हैं। कई लोगों को जाति प्रमाण पत्र के अभाव में पढ़ाई भी छोड़ना पड़ गया है।

### कोल वाशरी के लिए नया रतिजा बना लिया, मामला अब कोर्ट जाएगा

बताया गया कि वर्ष 23 से 24 के मध्य ग्राम रतिजा में कोल वाशरी प्रारंभ की गई। कोल वाशरी खोलने के लिए एसीबी और मारुति कंपनी के मध्य विवाद शुरू हुआ और सरकारी जमीन पर कोल वाशरी प्रारंभ कर उक्त क्षेत्र को नया रतिजा का नाम दे दिया गया। इस तरह अपने लाभ के लिए नया रतिजा बना तो लिया लेकिन इसके बाद से ही मूल ग्राम पंचायत रजिता से जुड़े दस्तावेज, मिसल बंदोबस्त, नक्शा रहस्यमय तरीके से गायब हो गए हैं। पटवारी से लेकर आरआई, तहसीलदार, एसडीएम और कलेक्टर जनदर्शन तक दरवाजा खटखटाया जा चुका है किन्तु मामला ठण्डे बस्ते में है। इधर मसला उछलने पर ऊर्जाधानी भू-विस्थापित किसान कल्याण समिति के अध्यक्ष सपुरन कुलदीप ने रतिजा के सरपंच व ग्रामीणों के साथ बैठक किया। तय हुआ है कि इस मामले में आवश्यक पत्राचार कर शासन को अवगत कराया जाएगा और निराकरण न होने पर जल्द ही इस मामले को हाईकोर्ट ले जाया जाएगा।

### ग्राम पंचायत रतिजा पर एक नजर

ग्राम का कुल क्षेत्रफल 133.91 हेक्टेयर, कुल राजस्व भूमि 133.91 हे., ग्राम में उपलब्ध शासकीय भूमि 568.211 हे., गौचर भूमि कुल क्षेत्रफल 42.122 हे., छोटे झाड़ वनभूमि का क्षेत्रफल 42.122 हे, बड़े झाड़ वनभूमि क्षेत्रफल 58.655 हे., कुल ग्रामीणों की भूमि 465.9 हे., कृषि योग्य कुल भूमि 557.2 हे., कुल सिंचित भूमि 5.225 हे. तथा कुल असिंचित कृषि योग्य भूमि 349.884 हे. है। पंचायत के प्राथमिक और माध्यमिक शाला में कुल 3 विद्यार्थियों की दर्ज संख्या है। इस पंचायत में कुल 454 परिवार निवासरत हैं जिनमें अनुसूचित जाति वर्ग के 33, अनुसूचित जनजाति वर्ग के 115, अन्य पिछड़ा वर्ग के 1231 व सामान्य वर्ग के 9 लोग शामिल हैं। इस तरह से ग्राम पंचायत रतिजा की एक बड़ी आबादी एससी-एसटी, ओबीसी की है और इन्हें अपने जमीन संबंधी रिकॉर्ड नहीं मिलने से काफी परेशानी हो रही है।

## लेमरू में घुसे हाथियों को ग्रामीणों ने खदेड़ा

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। वनमंडल कोरबा अंतर्गत लेमरू रेंज के रपता बस्ती में अचानक शुक्रवार रात को पहुंचे 26 हाथियों के दल ने उत्पात मचाकर घर तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन इसकी सूचना समय पर मिल जाने से वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी तत्काल मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के साथ मिलकर उत्पाती हाथियों को मशाल जलाकर खदेड़ा गया। खदेड़े जाने पर हाथियों का दल जंगल की ओर भाग निकला और विमलता पहुंच गए। वर्तमान में हाथियों का यह दल यहां के जंगल में विचरण कर रहा है। वन विभाग हाथियों की निगरानी करने के साथ ही आसपास के गांवों में सतर्कता के लिए मुनादी भी करा रहा है।

## सिंधी पंचायत का चुनाव कराने भावनानी मनोनीत

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। पूज्य सिंधी पंचायत की कार्यकारिणी की बैठक विगत दिनों सिन्धु भवन, रानी रोड कोरबा में संपन्न हुई। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल वर्ष 2022-23 की समाप्ति एवं आगामी सत्र 2024-25 के अध्यक्ष के पद के निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से मुख्य चुनाव अधिकारी महेश भावनानी, सहायक चुनाव अधिकारी मनोज जेठानी, आनंदराम बुधवानी को मनोनीत कर निर्वाचन संबंधित कार्यवाही करने हेतु अधिकृत किया गया। सिंधी समाज के सभी सदस्यों की आम बैठक 26 दिसंबर मंगलवार को शाम 5 बजे सिंधु भवन में होगी जिसमें पूज्य सिंधी पंचायत एवं सभी सहयोगी संगठनों के आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया जाएगा।

## सार-संक्षेप

### हिस्ट्रीशीटर चोर से 11 स्पोर्ट्स साइकिल और एक बाइक जब्त

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। चोरी की सायकल और मोटरसायकल बेचने के लिए ग्राहक की तलाश में लगे एक शातिर और पुराने चोर को गिरफ्तार करने में पुलिस को सफलता मिली है।

पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश, थाना प्रभारी कोतवाली रूपक शर्मा के मार्गदर्शन व चौकी प्रभारी मानिकपुर प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में मानिकपुर पुलिस ने चोरी किये गए 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और एक नग मोटर साइकिल को जप्त करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि भदरापारा बालको निवासी भूपेश साहू उर्फ राहुल साहू चोरी के साइकिल और मोटर साइकिल को बेचने के लिए मानिकपुर क्षेत्र में ग्राहक तलाश रहा है। उक्त सूचना पर आरोपी भूपेश साहू को रेलवे कॉलोनी में घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये जगहों से 11 नग स्पोर्ट्स साइकिल और एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स क्र. सीजी 12 एएच 4103 को बरामद कर 41(1)(4)/379 दंप्रसं के तहत कार्यवाही किया गया है।

### लेन-देन के विवाद में साथी की हत्या कर फरार हुआ आरोपी पकड़ाया

कोरबा-रजगामार, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। लेन-देन को लेकर हुए विवाद में 7 माह पूर्व अपने साथी को डंडा से मारकर घायल कर देने और बिलासपुर सिम्स में इलाज के दौरान घायल की मौत के बाद फरार हुए आरोपी को आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ धारा 302 भादवि के तहत अपराध दर्ज है।

जानकारी के अनुसार 14 मई 2023 को मृतक बसंत कुमार अपने साथी भिखारी उर्फ राज कंवर के साथ अपने मजदूरी का पैसा लेने कोरबा आया था। कोरबा से दोनों अपने काम का पैसा लेकर शाम करीबन 5-6 बजे ग्राम भुलसीडीह वापस लौटे मृतक के घर के पास गली में दोनों के मध्य पैसे को लेकर विवाद हुआ तब राज कंवर ने बसंत को धक्का देकर जमीन पर गिरा दिया और अपने पास रखे खटिया के पाटी से उसके सिर एवं माथा में मार कर गंभीर चोट पहुंचाया। सिम्स अस्पताल बिलासपुर में ईलाज दौरान 15 मई 2023 को बसंत की मौत हो गई। रजगामार चौकी पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी भिखारी उर्फ राज कंवर पिता स्व. बिरडु कंवर 31 वर्ष निवासी दर्रापारा भुलसीडीह के विरूध्द धारा 302 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। बसंत की मौत और एफआईआर की जानकारी होने के बाद से आरोपी फरार हो गया था। इस बीच वह घर वापस लौटा तब मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त मामले में चौकी प्रभारी एएसआई राकेश सिंह, प्रधान आरक्षक विनोद कुमार सिंह, गुरुवार सिंह, आरक्षक रूप नारायण साहू, सायबर सेल से महिला आरक्षक रेनू टोप्पो, डेमन ओगरे, विरकेश्वर प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### शनमुघा सुंदरम ने एनटीपीसी निदेशक का कार्यभार सम्भाला

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। कोरबा के. शनमुघा सुंदरम (डीआईएन 10347322) ने एनटीपीसी के निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। के. शनमुघा सुंदरम सरकार से 1988 बैच के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग स्नातक हैं। रणनीति और वित्त के क्षेत्र में एमडीआई गुड़गांव से पीजीडीएम के साथ कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर एनटीपीसी लिमिटेड में निदेशक (परियोजनाएं) के रूप में शामिल होने से पहले, वे एनटीपीसी लिमिटेड में ईडी से लेकर सीएमडी तक थे। के. शनमुघा सुंदरम 1988 में एनटीपीसी लिमिटेड में स्नातक इंजीनियर प्रशिक्षु अधिकारी के रूप में शामिल हुए थे और उनके पास परियोजना के साथ-साथ 110, 210, 500, 660 और 800 मेगावाट के बेड़े, ग्रीनफील्ड के साथ-साथ कमीशनिंग चरणों में 35 वर्षों से अधिक का विविध और बहुमुखी अनुभव है। ब्राउनफ़ील्ड, भारत के विभिन्न राज्यों में। उनके पास बिजली स्टेशनों के विशाल बेड़े के संचालन और रखरखाव का भी अनुभव है। श्री सुंदरम सीपत में भारत की पहली सुपरक्रिटिकल बिजली परियोजना के विकास में सक्रिय रूप से शामिल थे। उन्होंने एनटीपीसी दरलीपाली परियोजना में विभिन्न पदों पर काम किया है। उन्हें ऑपरेशन सर्विसेज विभाग में कॉर्पोरेट सेंटर में काम करने का अनुभव है, जहां कंपनी के कार्यों की निगरानी की जाती है और रणनीतिक पहल की जाती है।

## एनटीपीसी ने मनाया जनजातिय गौरव दिवस

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। जनजातिय मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा अपने नैगम सामाजिक दायित्व के अंतर्गत जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया।

बहादुर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करने हेतु बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर 15 से 26 नवंबर तक जनजातिय गौरव दिवस के रूप में यह आयोजन आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में किया गया। एनटीपीसी कोरबा सीएसआर द्वारा एकलव्य विद्यालय छुरीकला एवं गौमुखी सेवा धाम देवपहरी स्कूल में छात्र-छात्राओं के लिए तीरंदाजी, कबड्डी ,फुगड़ी, लोकनृत्य, दौड़, कुर्सी दौड़, इत्यादि प्रतियोगिताएं की गईं। आदिवासियों की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, राष्ट्रीय गौरव ,वीरता तथा आतिथ्य के भारतीय मूल्यों को बढ़ावा देने हेतु कार्यक्रम किये गये जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया जिसमें अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन एनटीपीसी कोरबा प्रभात राम की उपस्थिति रही। उन्होंने बिरसा मुंडा की वीरता, राष्ट्रप्रेम एवं आदिवासियों के लिए किए गये उनके योगदान को याद कर सभी को उनके द्वारा बताए गये आदर्शो का अनुसरण कर राष्ट्रहित में कार्य करने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम में एनटीपीसी सीएसआर के अधिकारीगण, स्कूलों के प्राचार्यगण, शिक्षकगण, सरपंच एवं गावों के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## जेएसएस की छत्तीसगढ़ राज्य काउंसिल कोर ग्रुप का गठन

### रायपुर में हुई बैठक में शामिल हुए 14 जेएसएस निदेशक




**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। कौशल विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रायोजित जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस) की छत्तीसगढ़ राज्य काउन्सिल कोर ग्रुप का गठन किया गया। इस हेतु रायपुर में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य के 14 जेएसएस के निदेशकों ने भाग लिया।

सर्वप्रथम बैठक को सबोधित करते हुए जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के निदेशक एम सिद्दीकी ने सभी निदेशकों का स्वागत कर राज्य स्तरीय समिति के उद्देश्यों को विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि गत माह जेएसएस की एक राष्ट्रीय कोर समिति का गठन नई दिल्ली में किया है और यह छत्तीसगढ़ राज्य के लिए राज्य स्तरीय शाखा रहेगी जो आगे जन शिक्षण संस्थान के उद्देश्यों के प्रगति, विस्तार और लोगों को ज़्यादा से ज्यादा इस योजना का लाभ एकरूपता से मिल सके उस पर कार्य करेगी। कोर की टीम के सदस्यों द्वारा आगे की कारवाई के लिए सभी कार्यवृत्त और संकल्प कोर टीम को प्रस्तुत किए जाएंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वैभव अग्रवाल एनएसडीसी स्टेट ऑफिसर रायपुर के द्वारा की गई जिसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव रखा गया कि जन शिक्षण संस्थान को हो रही सम्सयाओं और कठिनाईयों के साथ संस्थान के विकास पर ध्यान दिया जाए तथा राज्य स्तर पर सम्सयाओं का निदान कर उसे नेशनल कोर समिति के सामने रखा जा सके।

0 काउंसिल कोर ग्ररुप में की गई नियुक्तियां

कार्यक्रम में सभी की सहमति से राज्य काउन्सिल कोर ग्ररुप बनाया गया जिसमें कन्वेनर एम सिद्दीकी जेएसएस सरगुजा के निदेशक, को-कन्वेनर जेएसएस रायपुर के निदेशक अतुल सिंह और ट्रेजरर झालम सिंह जेएसएस राजनांदगांव के निदेशक तथा प्राउड मेंबर सोशल कनेक्ट राजेंद्र जयसवाल जेएसएस कोरबा, प्राउड मेंबर फाईनेंस अशोक जायसवाल जेएसएस बिलासपुर, प्राउड मेंबर डाटा एण्ड मेंबरशिप बी नागेश जेएसएस बस्तर, प्राउड मेंबर डॉक्युमेंटेशन सुकांत पांडे जेएसएस महासमुंद, प्राउड मेंबर विजनरी सपोर्ट विजय उपाध्यक्ष जेएसएस कोरिया, प्राउड मेंबर सोसो इकोनॉमिक अभिषेक अवस्थी जेएसएस बीजापुर, प्राउड मेंबर इवेंट ऑफ मेंबरशिप पुष्पराज आन्नद जेएसएस कोंडागाँव, प्राउड मेंबर टेक्निकल एण्ड डाटा सपोर्ट खुशबु साहु जेएसएस नारायणपुर, कामिनी पटनायक जेएसएस दांतेवाड़ा पदों पर नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का जेएसएस रायपुर के निदेशक अतुल सिंह के द्वारा अभार व्यक्त किया गया।

## एसईसीएल ने दर्ज किया रिकॉर्ड, 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन



**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। एसईसीएल ने नवंबर माह में रिकॉर्ड प्रदर्शन करते हुए 14.76 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। कंपनी की स्थापना के बाद से किसी भी नवंबर माह में किया गया यह अब तक का सर्वाधिक कोयला उत्पादन है। इससे पहले कंपनी ने नवंबर 2022 में 14.61 मिलियन टन कोयला उत्पादन हासिल किया था।

ओवर बर्डन रिमूवल में कंपनी द्वारा स्थापना से किसी भी नवंबर माह का सर्वाधिक 31.33 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया गया है। पिछले वर्ष 2022 के नवंबर माह में कंपनी ने 25.28 मिलियन क्यू.मी. ओबीआर दर्ज किया था। इस प्रकार कंपनी ने गत वर्ष नवंबर माह की तुलना में 6 मिलियन टन के साथ लगभग 24त्न की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

डिस्पैच में भी कंपनी ने नवंबर माह के पिछले सभी आंकड़ों को पीछे छोड़ते हुए 15.02 मिलियन टन कोयला प्रेषण हासिल किया है। पिछले वर्ष नवंबर 2022 में एसईसीएल ने 12.57 मिलियन टन कोयला डिस्पैच किया था। इस तरह से कंपनी ने नवंबर 2023 में 3.12 मिलियन टन के साथ लगभग 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी दर्ज की है।

विदित हो कि कंपनी ने हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष 22-23 में अपने इतिहास का सर्वाधिक 167 मिलियन टन कोयला उत्पादन दर्ज किया है। वित्तीय वर्ष 23-24 के लिए कंपनी को 197 मिलियन टन वार्षिक उत्पादन का लक्ष्य मिला है। इस वित्तीय वर्ष 23-24 में कंपनी अपने इतिहास का सबसे तेज़ 100 मिलियन टन कोयला उत्पादन एवं डिस्पैच के साथ 100 मिलियन क्यू. मी. ओबीआर पहले ही हासिल कर चुकी है।

## एचटीपीएस में औद्योगिक संरक्षा सप्ताह का शुभारंभ




**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। औद्योगिक हादसों के प्रति प्रोएक्टिव एप्रोच के विकास द्वारा शून्य दुघर्टना के ध्येय लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से इस वर्ष के औद्योगिक संरक्षा सप्ताह के कार्यक्रमों का शुभारंभ मुख्य अभियंता सह कारखाना अधिभोगी संजय शर्मा के द्वारा किया गया। संयंत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों को औद्योगिक संरक्षा के प्रति जागरूकता के प्रचार-प्रसार की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि कारखाना प्रबंधक सह अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वय (संचा./संधा.)-एक- पी.के स्वेन, (संचा./संधा)- दो हेमंत सिंह, (टी एंड एस.एस.) एम.के गुप्ता, (नवीनीकरण) पी. भास्कर राव, (एफ.एम.)- सुधीर कुमार पंड्या, वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ ए.के कुरनाल मौजूद थे। मुख्य अभियंता संजय शर्मा ने अध्यक्षीय उद्बोधन में 2 से 3 दिसंबर, 1984 की मध्य रात्रि में भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनाइड गैस के रिसाव में मारे गए लोगों के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए इस प्रकार के हादसों की रोकथाम हेतु कार्यस्थल पर सतर्कता एवं संरक्षा के महत्व को दिन प्रतिदिन के कार्य व्यवहार के अहम हिस्से के रूप में आत्मसात किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। 2 से 8 दिसम्बर के मध्य होने वाले इन कार्यक्रमों की श्रृंखला में हसदेव ताप विद्युत गृह के विभिन्न विभागों में कार्यस्थल पर शून्य क्षति लक्ष्य की प्राप्ति हेतु प्रशिक्षण एवं प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम, नारा प्रतियोगिता, हेजार्ड हंट कार्यक्रम इत्यादि के माध्यम से संयंत्र में नियोजित श्रमिकों एवं कर्मकारों को जागरूक किया जाएगा।

# अगला विधायक कौन ? आज होगा फैसला

### कांटे की टक्कर में प्रत्याशियों से लेकर समर्थकों की बढ़ी है धड़कन

**कोरबा**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के परिणाम की अंतिम घड़ी आ चुकी है। कल मतों की गिनती प्रारंभ होने के साथ ही आंकड़ों का खेल शुरू हो जाएगा। जिले की चार विधानसभा में चुनाव लड़े कुल 51 उम्मीदवारों में से मतदाताओं ने किसे अपना अगला विधायक चुना है, इसका फैसला रविवार को होगा। कांटे की टक्कर में प्रत्याशियों से लेकर उनके समर्थकों और कार्यकर्ताओं की धड़कनें बढ़ी हुई हैं।

कोरबा जिले में वैसे तो चारों विधानसभा क्षेत्र रामपुर, कोरबा, कटघोरा और पाली-तानाखार में मुकाबला काफी रोचक और दिलचस्प है लेकिन निगाहें कोरबा विधानसभा की ओर कुछ ज्यादा ही टिकी हैं। यहां पर छत्तीसगढ़ के राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के विरुद्ध कटघोरा के पूर्व विधायक व कोरबा के पूर्व महापौर लखनलाल देवांगन टक्कर में हैं। रामपुर में विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशी फूलसिंह राठिया का मुकाबला वरिष्ठ आदिवासी नेता पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के साथ है। कटघोरा विधानसभा में विधायक पुरुषोत्तम कंवर के विरुद्ध भाजपा से जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद्र पटेल तो पाली-तानाखार विधानसभा से जनपद अध्यक्ष पाली श्रीमती दुलेश्वरी सिदार और भाजपा के पूर्व विधायक रामदयाल उईके से टक्कर है। कटघोरा और पाली-तानाखार में त्रिकोणीय मुकाबले में वोटों का समीकरण जोगी कांग्रेस के प्रत्याशियों ने जहां बिगाड़ने का काम किया है वहीं तानाखार में गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी का एक बड़ा वोट बैंक है। गोंगपा के उम्मीदवार तुलेश्वर मरकाम इन तीनों को बड़ी टक्कर दिए हुए हैं। मतदान 17 नवंबर को संपन्न होने के बाद से ही अटकलों का सिलसिला चल पड़ा था जो तमाम तरह के गुणा-भाग और वोटों का जोड़-घटाव कल रविवार को थम जाएगा।




### 14 टेबलों पर होगी गिनती

जिले के कुल 18 मतदान केन्द्रों में चारों विधानसभा के लिए क्षेत्र के मतदाताओं ने मतदान किया है। मतगणना कक्ष में 14-14 टेबलों पर गिनती होगी। एक राऊंड में 14-14 व्हीव्हीपैट मशीन खोले जाएंगे। रामपुर विधानसभा में 284, कोरबा में 243, कटघोरा 253 और पाली-तानाखार विधानसभा में सर्वाधिक 3 मतदान केन्द्र हैं। इस तरह मतों की गिनती शुरू होने के साथ ही बूथ वार रूझान आने शुरू हो जाएंगे। कुल पड़े 9 लाख 93 हजार 856 मतों की गिनती के लिए कोरबा विधानसभा में 18 राऊंड, पाली-तानाखार के लिए 22, रामपुर के लिए 21 और कटघोरा विधानसभा के वोटों की गिनती 19 राऊंड में पूरी होगी। इस लिहाज से कोरबा विधानसभा का परिणाम पहले आयेगा।

### ईव्हीएम से पहले डाक मतपत्रों की गणना

सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट/ईटीपीबीएस की गणना प्रारंभ होगी। ईटीपीबीएस अंतर्गत प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना मतगणना से प्रारंभ होने से पूर्व तक स्वीकार किए जाएंगे। शनिवार तक कुल 4421 डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस प्राप्त हुए थे। इस चुनाव में डाक मतपत्रों की कुल संख्या 431 है। नोडल अधिकारी दिनेश कुमार नाग अपर कलेक्टर ने बताया कि निर्वाचन ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के डाक मतपत्र रामपुर विधानसभा 9, कोरबा 139, कटघोरा 922, पाली-तानाखार 9 हैं। जिले में दिव्यांग व 8 वर्ष से अधिक आयु एवं कोविड प्रभावित अंतर्गत मतदाताओं द्वारा घर पर ही वोटिंग की गई और ऐसे मतदाताओं की कुल संख्या 227 है। इनमें रामपुर में 2, कोरबा में 138,कटघोरा में 26 और पाली तानाखार में 43 हैं। जिले में ईटीपीबीएस अंतर्गत 1 दिसंबर तक प्राप्त डाक मतपत्रों की संख्या 163 है जिसमें रामपुर 32,कोरबा 56, कट्घोरा 28 और पाली तानाखार 47 है। मतगणना दिवस में उक्त डाक मतपत्रों तथा निर्धारित तिथि तक प्राप्त ईटीपीबीएस डाक मतपत्रों की गणना सुनिश्चित की जाएगी।

# सार-संक्षेप

## सफलतापूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने किया गया मॉकड्रिल

**अम्बिकापुर** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। 03 दिसम्बर को होने वाली मतगणना के सम्बंध में सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। मतगणना कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराए जाने हेतु सभी विधानसभा क्षेत्रों के समान्य प्रेक्षकों की उपस्थिति में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुनील नायक, नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक कुमार, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

मॉकड्रिल के दौरान सर्वप्रथम प्रवेश गेट में सुरक्षा के मद्देनजर अधिकारी-कर्मचारियों की जांच की गई। मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को विधानभावार मतगणना कक्ष में मतगणना कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर श्री कुंदन ने कहा कि सभी सुबह 6 बजे मतगणना स्थल में उपस्थित हो जाएं। उन्होंने मतगणना कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तनावमुक्त होकर त्रुटिरहित मतगणना सम्पन्न कराने में अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने सम्बन्धित विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारियों को समस्त तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ईवीएम काउंटिंग टेबल व्यवस्था, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग, टेबुलेशन, सीलिंग कार्य, मीडिया सेंटर, मेडिकल इमरजेंसी में लगे अधिकारी कर्मचारियों से ड्राई रन करवाया। वहीं पुलिस बल से सुरक्षा व्यवस्था के सम्बंध में जानकारी ली गई तथा नियमों का कड़ाई से पालन करवाने निर्देशित किया गया, एसपी श्री शर्मा ने कहा कि किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी, इसका ध्यान रखें। पहचान पत्र के साथ ही कोई भी व्यक्ति मतगणना स्थल में प्रवेश कर सकेगा।

## जिले के तीनो विधानसभा क्षेत्रों में अब तक कुल 3181 डाक मतपत्र

**जांजगीर,** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत अब तक जिले के तीनों विधानसभाओं में अब तक कुल 3181 डाक मतपत्र प्राप्त हो चुके हैं। इसमें सुविधा केन्द्रों में डाले गये डाक मतपत्र, विशेष गठित मतदान दल द्वारा घर-घर जाकर कराये गये दिव्यांग, 80.एवं कोविड के डाक मतपत्र एवं ईटीपीबीएस से प्राप्त डाक मतपत्र शामिल है। डाक मतपत्र नोडल अधिकारी ने बताया कि सेवा मतदाताओं को जारी किये गए ईटीपीबीएस प्रत्येक दिवस प्राप्त हो रहे हैं, जिनकी संख्या 01 दिसम्बर तक कुल 245 है, जिसमें अकलतरा विधानसभा में 95, जांजगीर-चांपा विधानसभा में 58 और पामगढ़ विधानसभा में 92 ईटीपीबीएस डाक मतपत्र है। इसी प्रकार निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों के कुल 2815 डाक मतपत्र शामिल है। इसके अंतर्गत अकलतरा विधानसभा में 909, जांजगीर-चांपा विधानसभा में 1139 और पामगढ़ विधानसभा में 767 डाक मतपत्र है। विशेष गठित मतदान दल द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वरिष्ठ मतदाताओं एवं दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर प्राप्त किये गए डाक मतपत्रों की संख्या कुल डाक मतपत्र 121 है। इसके अंतर्गत अकलतरा विधानसभा में 26, जांजगीर-चांपा विधानसभा में 47 और पामगढ़ विधानसभा में 48 डाक मतपत्र है।

## लोकतांत्रिक पर्व में मतगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी से पूरा करें - एन सी सरकार



**कोरिया** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत के लोकतंत्र की मजबूती के लिए सामान्य निर्वाचन का पर्व आयोजित होता है और आप सभी इसके अंतिम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए जिम्मेदार अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। आप सभी यह सुनिश्चित करें कि मतगणना का प्रत्येक चरण लिखित प्रक्रिया के तहत पूरा किया जाए और निष्पक्षता के साथ विधानसभा निर्वाचन के परिणाम प्राप्त हो सकें। उक्ताशय के विचार बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए निर्वाचन आयोग के सामान्य प्रेक्षक श्री नारायण चंद्र सरकार ने मतगणना कार्य के लिए नियोजित सभी अधिकारियों के अंतिम प्रशिक्षण के दौरान व्यक्त किए।प्रेक्षक की उपस्थिति में जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने सभी अधिकारियों को सजगता से मतगणना कार्य पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिन मशीनों में तकनीकी त्रुटि पाई जाएगी उन्हें अंतिम चरण में गिनती के लिए रखा जाएगा परन्तु इनके मतों की गिनती तभी होगी जब इनमें दर्ज मतों के अंतर से अंतिम परिणाम प्रभावित होने की स्थिति है। इस प्रशिक्षण सत्र को जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि मतगणना कार्य में नियोजित प्रत्येक जिम्मेदार को निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया में ही कार्य करना है। इस प्रशिक्षण में सभी अधिकारियों को पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से क्रमबद्ध प्रक्रिया के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इस दौरान कोरिया की उप जिला निर्वाचन अधिकारी नंदिनी साहू, अपर कलेक्टर नीलम टोप्पो सहित सभी मास्टर ट्रेनर और माइक्रो आब्जर्वर सहित सभी गणना अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक ने मीडिया प्रतिनिधियों से की प्रेस कॉन्फ्रेंस

### मतगणना स्थल पर प्रवेश, पार्किंग, मतगणना कक्ष, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में दी गई विस्तृत जानकारी

### शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने पुलिस के अधिकारियों सहित कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ली बैठक




**अम्बिकापुर** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले के तीनों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतगणना की तैयारी के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों को जानकारी दी। इस संबंध में कलेक्टर ने बताया कि मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले के विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा, अम्बिकापुर तथा सीतापुर के लिए मतगणना का कार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित स्ट्रांग रूम में प्रेक्षकों और अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की मौजूदगी में किया जाएगा।

कलेक्टर श्री कुंदन ने प्रेसवार्ता के दौरान विधानभावार कुल मतदाता एवं मतदान की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा हेतु 19 चक्रों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर हेतु 21 चक्रों, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर हेतु 18 चक्रों में मतगणना होगी। प्रात: 06.00 बजे डाक मतपत्र जिला कोषालय के स्पेशल स्ट्रांग रूम में पुलिस सुरक्षा के साथ मतगणना हेतु शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के मतगणना कक्ष में ले जाया जाएगा। शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्थित ईव्हीएम स्ट्रांग रूम अभ्यार्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों एवं प्रेक्षकों की उपस्थिति में प्रात: 6.30 बजे खोला जाएगा। प्रात: 08:00 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी, जिसमें सर्व प्रथम डाकमतों एवं सेवा मतदाताओं द्वारा प्रेषित इटीपीबीएस की प्रीकाउंटिंग शुरू किया जायेगा। जिसके पश्चात प्रात: 08.30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक चक्र के रुझान की घोषणा आरओ द्वारा किया जाएगा। रूझान की जानकारी आम जनता को मिलती रहे इस हेतु पॉलिटेक्निक कॉलेज के बाहर साउन्ड सिस्टम की भी व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना केन्द्र के सभी महत्वपूर्ण स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर श्री कुंदन ने मीडिया प्रतिनिधियों को शांति पूर्वक मतगणना सम्पन्न कराने में जिला एवं पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

कलेक्टर श्री कुंदन ने बताया कि अभ्यर्थियों, चुनाव अभिकर्ताओं, गणना अभिकर्ताओं, मीडियाकर्मियों हेतु मतगणना स्थल में प्रवेश हेतु शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्रवेश द्वार से अन्दर प्रवेश करेंगे, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था ट्रांजिट हॉस्टल के सामने मैदान में की गई है। इसी प्रकार मतगणना ड्यूटी में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी मतगणना केन्द्र में शासकीय पालिटेक्निक कॉलेज के गेट लाइवलीहुड कॉलेज की ओर से प्रवेश करेंगे, वाहनों की पार्किंग व्यवस्था कलाकेन्द्र मैदान में की गई है। उन्होंने बताया कि मतगणना कक्ष में मोबाईल फोन, आईपैड, लैपटाप, स्मार्ट वॉच, कैमरा, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मीडियाकर्मियों के पांच-पांच का ग्रुप में मतगणना कक्ष पर जा सकते है। मतगणना परिसर के बाहर से लाइव रिपोर्टिंग किया जा सकता हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था पर एसपी ने दी जानकारी

पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा ने मतगणना दिवस पर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि पूरे जिले को पांच सेक्टर में बांटा गया है। पांचों सेक्टर्स में एक-एक डीएसपी और हथियार बंद दस्ता की ड्यूटी लगाई गई है, जो सभी विधानसभा क्षेत्र में पेट्रोलिंग करेंगे। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी की ड्यूटी लगाई गई है, कानून व्यवस्था का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि काउंटिंग सेंटर में एएसपी सहित तीन डीएसपी रैंक के अधिकारी तैनात किए गए हैं। पूरे जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगभग 5 पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई है। पार्किंग व्यवस्था के लिए कलाकेंद्र मैदान और पॉलिटेक्निक ग्राउंड में व्यवस्था की गई है। जांच हेतु मुख्य गेट में सीएएफ की टीम लगाई गई है। और पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में प्रवेश के लिए तीन लेयर की जांच होगी जिसमें पहले जिला पुलिस बल दूसरे लेयर में सीएएफ और तीसरे लेयर में सीआरपीएफ बल को तैनात किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने मीडियाकर्मियों से अनुरोध करते हुए कहा कि मतगणना स्थान पर सीआरपीएफ बल की टीम इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस की जांच एचएफएमडी मशीन से करेंगे, इसलिए प्रतिबंधित स्थान पर इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाने से बचें।

### कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ली बैठक

प्रेसवार्ता के बाद कलेक्टर एवं एसपी ने मतगणना दिवस पर जिले और मतगणना स्थल में शांति एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने पुलिस के अधिकारियों सहित कार्यपालिक दंडाधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

## मतगणना सहायकों और माइक्रो आब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन पूर्ण

**अम्बिकापुर** , 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षकों की उपस्थिति में शनिवार को विश्राम गृह के मीटिंग हॉल में मतगणना के लिए माइक्रो ओब्जर्वर, गणना सहायक और गणना सुपरवाइजर का द्वितीय रेंडमाइजेशन सम्पन्न हुआ। विधानसभा क्षेत्र अम्बिकापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री रूपवंत सिंह, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर के सामान्य प्रेक्षक श्री पी कोटेश्वर राव एवं विधानसभा क्षेत्र लुण्ड्रा के सामान्य प्रेक्षक आईएएस श्री बीसी सतीशा की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुंदन कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर श्री सुनील नायक, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नूतन कुमार कंवर, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा के रिटर्निंग ऑफिसर अपर कलेक्टर श्री टेकचंद अग्रवाल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 अम्बिकापुर के रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम अम्बिकापुर श्रीमती पूजा बंसल, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर मौजूद थे। इस दौरान जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी श्री जियाउर रहमान ने तीनों विधानसभा हेतु रिजर्व सहित कुल 66 माइक्रो ओब्जर्वर, 72 गणना सहायक और 60 गणना सुपरवाइजर का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया।

## पूर्ण बहुमत से भाजपा बनायेगी छग में सरकार- विकास केडिया

**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव को लेकर ज्यादातर एग्जिट पोल सत्ताधारी दल कांग्रेस को दोबारा सरकार में आने का दावा कर रहे हैं। इस पर अपनी राजनीतिक प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रायगढ़ भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास केडिया ने कहा कि 3 दिसंबर को जब चुनाव का परिणाम आएगा तो सारे एग्जिट पोल सिरे से गलत साबित होंगे और छत्तीसगढ़ में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनायेगी।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में रायगढ़ के युवा भाजपा नेता श्री केडिया ने कहा कि हमें अपने प्रयासों और जनता पर पूरा भरोसा है। श्री केडिया के मुताबिक उनके गृह विधानसभा सीट रायगढ़ से भाजपा प्रत्याशी ओपी चैधरी बड़ी मार्जिन से जीत हासिल करेंगे, वही राज्य में भाजपा को 47-57 सीट मिलेगी और स्पष्ट बहुमत के साथ उनकी पार्टी भाजपा सरकार बनाएगी।

आगे उन्होंने यह भी कहा कि कई ''एग्जिट पोल दिखा रहे हैं कि भाजपा 15 (2018 में भाजपा द्वारा जीती गई सीट) से 45 सीट तक पहुंच रही है, जो चुनाव में पार्टी के प्रयासों का परिणाम है.. लेकिन मेरा निजी तौर पर मानना है कि भाजपा को 47 से 57 सीट हासिल करेगी और तीन दिसंबर को मतगणना के बाद यह स्पष्ट हो जाएगा। श्श् श्री केडिया ने कहा कि भाजपा अपने घोषणापत्र उल्लेखित महतारी वंदन योजना पर महिला मतदाताओं द्वारा जताये भरोसे तथा युवाओं के समर्थन के कारण बेहतर दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसमें नये जुड़े युवा मतदाताओं की भूमिका निर्णायक साबित होगी।

## निगम के बकायादारों को नोटिस भेजने की प्रकिया हुई शुरू

**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। नगर निगम कमिश्नर सुनील कुमार चंद्रवंशी के निर्देशानुसार नगर निगम रायगढ़ में राजस्व कोष को बढ़ाने निगम क्षेत्र के बड़े बकायादार जिनके द्वारा लगभग 1,15,95,378 रुपए बकाया राशि है को शॉर्टलिस्ट किया गाय है। पहली सूची में 50 करदाताओं के द्वारा संप्पति कर, समेकित कर, जलकर, शिक्षा उपकर, और यूजर चार्ज जमा नही किये जाने पर उन बकायादारों को निगम ने सूचीबद्ध कर नोटिस भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभी निगम के द्वारा केवल पहली सूची जारी हुई है इसके बाद और बकायादारों को भी सूचीबद्ध किया जा रहा है।

## ट्रेलर की चपेट में आने से सुपरवाइजर की मौत



**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय से लगे केलो डेम के पास शुक्रवार की सुबह एक तेजफ्तार ट्रेलर की चपेट में आने से बाईक सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से वाहन चालक फरार हो गया है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मृतक शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए मामले को जांच में ले लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गेरवानी के पास स्थित सुनील इस्पात में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत विजयपुर निवासी सुरेन्द्र सोरेन 26 साल को उसके साथी शुक्रवार की सुबह 10 बजे मोटर सायकल से प्लांट छोड़ने जा रहे थे। बाईक सवार तीनों युवक जब रायगढ़-घरघोड़ा अभिशप्त मार्ग के केलो डेम के पास पहुंचे ही थे कि जर्जर सड़क की वजह से अचानक उनकी गाडी का बैलेंस बिगड़ा और फिर सुरेन्द्र सड़क में गिर गया जिससे पीछे की तरफ से तेज गति से आ रही ट्रेलर की चपेट में आने से सुरेन्द्र सोरेने की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दौरान मृतक के साथियों ने दौडाकर ट्रेलर चालक को पकड़ने का प्रयास किया परंतु इस दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक और तेज गति से वाहन चलाते हुए फरार हो गया।

बहरहाल घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेजते हुए आरोपी वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसकी पतासाजी में जुट गई है।

## चुनाव को शून्य घोषित करने दाखिल हुई याचिका

### निर्दलीय प्रत्याशी राधेश्याम शर्मा ने की है शिकायत



**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ बिलासपुर में मेरे द्वारा छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव को शून्य घोषित करवाने कल दायर किया गया रिट याचिका। जिसमें मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी व भारतीय जनता पार्टी को आदर्श आचार संहिता उलंघन करने के मामले में दोषी करार देकर छत्तीसगढ़ राज्य से दोनों ही प्रमुख कांग्रेस व भाजपा की मान्यता को समाप्त करने के साथ ही अपने पद का दुरुपयोग करने वाले भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार व राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कांगले को उनके पद से पदच्युत करने तथा दांडिक प्रक्रिया में प्रकरण चलाएं जाने की मांग की गई है।

उपरोक्त याचिका में ठोस प्रमाणों को साक्ष्य के रुप में प्रस्तुत कर आदर्श आचार संहिता काल में कांग्रेस पार्टी व भारतीय जनता पार्टा द्वारा घोषणा पत्र जारी कर मतदाताओं को रिझाने आर्थिक लाभ देने जिसमें किसानों की कर्ज माफी, किसानों के उत्पाद की कीमत, बेरोजगारों को रोजगार, महिलाओं को बारह से हजार से पन्द्रह हजार देने व अन्यान्य प्रकार के प्रलोभन देने की बात दोनों ही दलों द्वारा किया गया है। जो कि आदर्श आचार संहिता का घोर उलंघन है।

इस आपराधिक कृत्य को देश के दोनों ही प्रमुख राजनैतिक दलों ने भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त व राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के संरक्षण में किया है। यह याचिका माननीय् उच्च न्यायालय बिलासपुर छत्तीसगढ़ के माननीय् मुख्य न्यायाधीश के न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

## हत्या के आरोपी को मिली आजीवन कारावास की सजा

**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। घरघोड़ा के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमान अच्छे लाल काछी ने हत्या के आरोपी पवन नाग को आजीवन कारावास की सजा सुनाई साथ ही साथ 500 के अर्थ दंड से भी दंडित किया है।

मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए अपर लोक अभियोजक राजेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना लैलूंगा के ग्राम सुकवास निवासी पवन नाग पिता टेने राम नाग को मृतका सुखमति नाग के हत्या का दोषी करार देते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायालय घरघोड़ा ने आजीवन कारावास एवं अर्थ दण्ड से दण्डित करने का दण्डादेश दिया है। 18 जून 2019 को सूचना कर्ता सिरमती नाग ने थाना प्रभारी लैलूंगा को सूचित किया कि मृतिका सुकमति अपने घर में मृत अवस्था में पड़ी है तथा उसके शरीर पर चोट के निशान हैं।

उक्त सूचना पर थाना प्रभारी लैलूंगा ने त्वरित कार्यवाही करते हुए विवेचना प्रारंभ की विवेचना में यह स्पष्ट हुआ कि मृतिका एवं आरोपी एक साथ पति पत्नी के रूप में रहते थे तथा आपस में दोनों के मध्य लड़ाई झगड़ा होता था जिसके परिणाम स्वरूप आरोपी ने डंडे से मार कर मृतिका की हत्या कर दी थी। विवेचना के पश्चात थाना प्रभारी ने आरोपी पवन कुमार नाग के विरुद्ध धारा 302 भारतीय दंड संहिता के तहत अभियोग पत्र तैयार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने संपूर्ण साक्ष्य का परिसीलान कर अभियुक्त को हत्या का दोषी करार दिया ,और धारा 302 के तहत आजीवन कारावास एवं 500 के अर्थ दंड से दंडित किया।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा गृह संपर्क अभियान का शुभारंभ

**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। रायगढ़ वासियों के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है की आज श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से आए अभिमंत्रित अक्षत कलश रायगढ़ आ चुका है। आगे की योजना में 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा है, जिसके शुभ अवसर पर प्रत्येक परिवार में निमंत्रण देने की योजना है। पूरे अभियान में रायगढ़ विभाग की समिति जिसमे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं उनके अनुषांगिक संगठन जैसे विश्व हिन्दू परिषद, विद्या भारती, भाजपा इत्यादि सम्मिलित हैं। दिनाँक 7 दिसम्बर को अक्षत कलश की शोभायात्रा 11 बजे गौरी शंकर मंदिर से प्रारंभ होगी, नगर भ्रमण करते हुए यात्रा का समापन गांधी गंज स्थित राम मंदिर में दोपहर 2 बजे होगा।

# विजय इंग्लिश मीडियम स्कूल में "छात्र जीवन में कानून-व्यवस्था और पुलिस" विषय पर कार्यशाला

**मनेन्द्रगढ़** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के हृदय स्थल में स्थित विद्यालय विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में छात्र जीवन में कानून-व्यवस्था और पुलिस विषय पर कार्यशाला का आयोजन मनेन्द्रगढ़ नगर निरीक्षक सुश्री चन्द्राकर और ए0एस0आई0 श्री विपिन कुमार मिंज के आतिथ्य में किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर व अतिथियों के द्वारा माता सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन से किया गया। इसके पश्चात अतिथियों नगर निरीक्षक सुश्री चन्द्राकर एवं ए0एस0आई0 श्री विपिन कुमार मिंज का स्वागत संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर, संस्था सचिव संजय सेंगर और शिक्षकों की ओर से संस्था की शिक्षिका श्रीमती अरूणिमा सिंह ने किया। संस्था की छात्राओं फातिमा सैफी, पलक मिश्रा, रीत शर्मा, संस्कृति विश्वकर्मा व सहारा पाठक के द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात संस्था प्राचार्य श्रीमती इन्द्रा सेंगर के द्वारा अतिथियों के स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया गया। श्रीमती इन्द्रा सेंगर ने अतिथियों के द्वारा विद्यालय और विद्यार्थियों के लिए अपना अमूल्य समय दान करने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

अगली कड़ी में मनेन्द्रगढ़ नगर निरीक्षक सुश्री चंन्द्राकर ने मंच को सम्हालते हुए विद्यार्थियों को छात्र जीवन में कानून-व्यवस्था और पुलिस की भूमिका पर व्याख्यान दिया गया। उन्होनें विद्यार्थियों से कहा कि कानून-



व्यवस्था सभी के समान होती है और उसको सिर्फ एक ही तरीके से व्यवस्थित रखा जा सकता है वह है अनुशासन का पालन। यदि आप अनुशासित रहते हैं तो न सिर्फ कानून-व्यवस्था को बल्कि अपने जीवन की व्यवस्था को भी सुव्यस्थित रख सकते हैं। इसके बाद उन्होनें ट्रैफिक व्यवस्था पर भी अपनी बात रखी उन्होनें कहा कि किसी एक व्यक्ति के गलत तरीके से वाहन चलाने की वहज से कई प्रकार की समस्याओं का सामना अन्य कई व्यक्तियों को भी करना पड़ता है इसलिए हमें वाहन चलाते समय और सड़क पर चलते समय सही टैऊफिक नियम का पालन करना चाहिए। यह हमारे स्वयं व दूसरों के लिए भी उपयोगी होगा। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम पर भी प्रकाश डाला। उन्होनें कहा कि आज के इस दौर में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग हो रहा है समय के अनुसार उपयोग किया जाना आवश्यक भी है लेकिन इसे सुरक्षित तरीके से उपयोग किया जाना चाहिए। क्योंकि आपकी जरा सी असावधानी और गलत उपयोग के कारण आप कई प्रकार की साइबर अपराधों के शिकार हो जाते हैं। उन्होने अपने जीवन के संघर्ष के दिनों की भी चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होनें बच्चों को बताया कि उनके सामने किस-किस प्रकार की समस्याएं आईं और उन्होने उन समस्याओं से किस प्रकार संघर्ष किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी कानून-व्यवस्था और पुलिस को लेकर अपनी जिज्ञासाएं प्रस्तुत की। कार्यशाला के दौरान मनेन्द्रगढ़ नगर निरीक्षक सुश्री चन्द्राकर ने विद्यार्थियों के द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर देकर उनकी जिज्ञासाओं को शान्त किया। एक विद्यार्थी ने पूछा कि महिलाओं के प्रति होन वाली हिंसाओं या परेशानियों के लिए तो कानून में विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाएं देखने को मिल जाती हैं पर क्या वही व्यवस्थाएं पुरूष के लिए भी होती हैं? इस प्रश्न का उत्तर देते हुए सुश्री चन्द्राकर ने कहा कि जैसे कि शुरू में ही बताया गया कि कानून-व्यवस्थाएं सभी के लिए समान है और समान रूप से बनाए व लागू किए जाते हैं पर यदि वो व्यक्ति चाहे वह महिला हो या पुरूष अपनी समस्या की सूचना हम तक अर्थात पुलिस तक तो पहुंचाए। उन्होने कहा कि पुलिस आपकी सुरक्षा व सेवा के लिए ही है, पर हमें पता तो चले कि आखिर आपकी समस्या क्या और कैसी है? यदि आप किसी भी प्रकार की अमानवीय, आपराधिक या आपत्तिजनक समस्याओं का सामना करते हैं तो इसकी सूचना पुलिस को अवश्य दें। आगे उन्होने विद्यार्थियों से अनुशासन का पालन करने की अपील की उन्होने कहा कि जीवन में अनुशासन का पालन हमको और आपको बहुत ऊँचाई तक पहुंचाता है इसलिए आप सभी अनुशासन का पालन करने चाहे फिर वह आपके विद्यालय या फिर परिवार या समाज या फिर कानून-व्यवस्था का अनुशासन हो। याद रखिए अनुशासन ही जीवन को महान बनाता है।

विद्यालय के सभी विद्यार्थियों की ओर से विद्यालय की छात्राओं फातिमा सैफी, पलक मिश्रा और रीत शर्मा ने सामूहिक रूप से हस्तनिर्मित पुलिस थीम पर आधारित ग्रीटिंग मनेन्द्रगढ़ नगर निरीक्षक सुश्री चन्द्राकर और ए0एस0आई0 श्री विपिन कुमार मिंज को भेंट स्वरूप प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंत में संस्था सचिव संजय सेंगर ने कार्यक्रम में आये अतिथियों को उनके अमूल्य समय के बहुमूल्य योगदान व उनके द्वारा विद्यार्थियों को दिए गये उपयोगी ज्ञान के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच संचालन संस्था शिक्षक राकेश मिश्रा व रामनोहर साह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था की शिक्षिका शारदा बरसैया व कला शिक्षका पूनम सोरेन का सराहनीय योगदान रहा।

## सार-संक्षेप

### राष्ट्रीय सेवा योजना सारंगढ़ द्वारा आयोजित एक दिवसीय दिवा शिविर का आयोजन



**सारंगढ** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय हिंदी माध्यम सारंगढ़ के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विद्यालय परिसर में एक दिवसीय दिवा शिविर का आयोजन किया गया। प्रात: सभी स्वयंसेवक उपस्थित होकर परियोजना कार्य किये जिसमें मुख्य रूप से स्कूल परिसर की साफ-सफाई एवं पौधों की कटाई-छटाई किया गया। प्राचार्य के आदेशानुसार मुख्य गेट से स्कूल तक पौधों की रक्षा के लिए ट्री-गार्ड लगाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने जमीन में गड्ढा खोदकर स्वयं सीमेंट, रेत, गिट्टी से ढाला। दोपहर बौद्धिक चर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि लोकेश्वर पटेल जिला संगठक विशिष्ट अतिथि सहसराम साहू (कार्यक्रम अधिकारी श्रीराम महिला महाविद्यालय सारंगढ़) कार्यक्रम की अध्यक्षता सुदीप्त प्रधान (प्राचार्य सेजेस सारंगढ़) ने किया। साथ ही कार्यक्रम में संस्था के वारे , रवि कुमार पटेल , साहू सर, ठेठवार सर, दोखचंद भारद्वाज सर, राजेश देवांगन सर, राधे सिंह सिदार सर उपस्थित थे। पटेल सर (जिला संगठक) द्वारा स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न गतिविधियों के बारे में अवगत कराया गया। संस्था प्रमुख प्रधान द्वारा आज के कार्यक्रम की प्रशंसा किया गया। साथ ही साहू द्वारा दलनायक को कॉपी -कलम से पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन राजकुमार जांगड़े कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया।

### अशोका पब्लिक स्कूल में वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का हुआ शुभारंभ



**सारंगढ** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। स्थानीय अशोका पब्लिक स्कूल में आज वार्षिक क्रीड़ा उत्सव का शुभारंभ हुआ। माता सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना वजारोहण व शपथ ग्रहण पश्चात विविध खेलों की शुरुआत हुई। विद्यालय के सभी बच्चों को गुलमोहर, हरसिंगार, अमलताश व रजनीगंधा नामक चार समूहों में विभक्त किया गया है। आज प्रथम दिवस चेस,कैरम, बैडमिंटन, स्केटिंग, स्लो साइक्लिंग,दौड़, जलेबी दौड़, मेंढक दौड़, बोरी दौड़, चम्मच दौड़, रस्साकशी आदि विविध खेलों का आयोजन हुआ ।जिसमें कक्षा नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के बच्चों ने अपने अपने पसंदीदा खेलों में भाग लिया। सभी बच्चे काफी उत्साहित मुद्रा में अपने अपने हाउस के लिए अपना दमखम दिखा रहे थे ।रस्साकशी खेल का रोमांच सातवें आसमान पर था ।संस्था के प्राचार्य जे. मिश्रा ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थी जीवन में शिक्षा के साथ साथ खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, एकता, समय का सदुपयोग आदि गुणों का चहुमुखी विकास संभव हो पाता है ।विद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी त्रिलोक मैत्री एवं भरतदेव बंजारे के कुशल नेतृत्व में आज का खेल दिवस हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

### मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक व माइक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन



**जांजगीर**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 प्रयोजनार्थ विधानसभा जांजगीर-चांपा सामान्य प्रेक्षक एस चक्रवर्ती, अकलतरा सामान्य प्रेक्षक सुश्री प्रीति, विधानसभा पामगढ़ सामान्य प्रेक्षक डॉ किरण एच कुलकर्णी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की उपस्थिति में जिले के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 33 अकलतरा, 34 जांजगीर-चांपा एवं 38 पामगढ़ के मतगणना कार्य हेतु मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माईक्रो ऑब्जर्वर का द्वितीय रेंडमाइजेशन कलेक्टोरेट सभाकक्ष में किया गया। तृतीय रेंडमाईजेशन 03 दिसम्बर को मतगणना स्थल शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज जांजगीर में किया जाएगा। इस दौरान अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर, सर्व रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### रावत नाच महोत्सव मस्तूरी में प्रथम बसिया का दल रहा

बिलासपुर 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। यादव समाज मस्तुरी द्वारा प्रतिवर्षानुसार रावत नाच महोत्सव का आयोजन हाई स्कूल मैदान मस्तुरी में कल आयोजित हुआ, महोत्सव की अध्यक्षता डा सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन ने की, मुख्य अतिथि समाजसेवी ढालू अग्रवाल रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य किरण यादव,पूर्व उपाध्यक्ष जनपद विनोद सिंह,अमित यादव, चंद्रप्रकाश सूर्या आदि उपस्थित रहे। महोत्सव के संयोजक दिलीप यादव,अध्यक्ष कन्हैया यादव, मनोज यादव,राहुल यादव आदि समिति के पदाधिकारियों के विशेष सहयोग से रावत नाच महोत्सव का परिणाम घोषित किया गया।

# आज खत्म होगी प्रत्याशी सहित आम लोगों की उत्सुकता

**जांजगीर**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर पखवाड़े भर से प्रत्याशी सहित आम लोगों की उत्सुकता अब कुछ ही घंटो में खत्म होने जा रहा है। 17 नवंबर को हुए मतदान से लेकर आज तक चौक चौराहा पर हर रोज सरकार बनते बिगड़ते रहे हैं, इन सब कयासों पर दोपहर तक विराम लगने के साथ ही कहीं खुशी कहीं गम का नजारा दिखने लगेगा। चुनाव प्रचार को लेकर लगातार पसीना बहाने वाले प्रत्याशी व कार्यकर्ता इस घड़ी के इंतजार में लगे थे,जिनके परिश्रम का परिणाम आज शाम तक आ जायेगा। हालांकि सभी ही प्रमुख राजनीतिक पार्टीयां अपने-अपने जीत का दावा करने से नहीं चूक रहे हैं, बावजूद इसके अप्रत्याशित परिणाम का डर अंदर ही अंदर सताने लगा है।

**अंदर ही अंदर सता रहा है अप्रत्याशित परिणाम का डर**

जिले के तीन विधानसभा सीटों के लिए पिछले 17 नवंबर को हुए मतदान पश्चात मतों की गिनती 3 दिसंबर को सुबह 8 बजे से शुरू होने जा रहा है, इसे लेकर हर किसी की धड़कन बढ़ी हुई है। वजह साफ है कि इस बार तीनों ही सीटों पर मुकाबला कांटे का रहा है जिससे किसी को स्पष्ट जीत का दावा करने से राजनीति के जानकार भी बचने लगे है। प्रत्याशियों को भी अप्रत्याशित परिणाम का डर स्वाभाविक रूप से सताने लगा है। कार्यकर्ता भी हाड़ तोड़ परिश्रम का फल जानने के लिए उत्सुक है। वहीं आम जनता के बीच भी प्रत्याशियों की सफलता व असफलता जानने की जिज्ञासा स्वाभाविक रूप से बनी हुई है। आज दोपहर बाद मतों के रुझान से कार्यकर्ताओं के बीच खुशी अथवा मायूसी दोनों ही देखने को मिलेंगे। इस बार अकलतरा विधानसभा में त्रिकोणीय मुकाबला रहा जहां भाजपा व कांग्रेस के अलावा छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। वही जिला मुख्यालय जांजगीर में प्रमुख रूप से भाजपा व कांग्रेस के अलावा बहुजन समाज पार्टी के बीच मुकाबला रहा है। सुरक्षित सीट पामगढ़ में मुकाबला भाजपा कांग्रेस व बसपा के अलावा छत्तीसगढ़ जनता कांग्रेस जे के बीच देखने को मिला है, ऐसे में हर किसी के मन में परिणाम जानने की उत्सुकता बनी हुई है।

**कहां कितना हुआ था मतदान (प्रतिशत में)**

| विधानसभा | पुरुष | महिला | औसत |
|---|---|---|---|
| अकलतरा | 75.98 | 76.44 | 76.21 |
| जांजगीर चांपा | 74.75 | 75.49 | 75.11 |
| पामगढ | .67.01 | 68.08 | 67.54 |



### कलेक्टर ने प्रेस वार्ता में दी जानकारी

विधानसभा निर्वाचन 2२3 के मतगणना तैयारियों के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल द्वारा मतगणना स्थल के मीडिया सेंटर में प्रेस ब्रीफिंग कर तैयारी संबंधी जानकारी दिया गया।कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने बताया कि मतगणना हॉल में प्रातः 8 बजे से मतगणना होगी।सर्वप्रथम प्रत्येक रिटर्रिंग अधिकारी द्वारा डाक मतपत्र की गणना प्रारंभ की जाएगी। डाक मतपत्रों की गणना के लिए वि स क्षे क्र 33 अकलतरा एवं 38 पामगढ़ में 2-2 एवं 34 जांजगीर-चांपा में 3 टेबल निर्धारित किये गये हैं।डाक मतपत्र की गिनती प्रारंभ होने 3 मिनट उपरांत ईव्हीएम में दर्ज मतों की गिनती प्रारंभ की जाएगी। विधानसभा क्षेत्रों में ईव्हीएम में डाले गये मतों की प्रत्येक चरण में 14 टेबलों पर गणना होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना केन्द्र पर मीडिया सेंटर स्थापित किया गया है, जहां मीडिया प्रतिनिधियों को एस्कॉर्ट करने के लिए सहायक संचालक जनसंपर्क की टीम तैनात रहेगी।समय-समय पर निर्धारित प्रवेश द्वारो से मतगणना हॉल का अवलोकन निश्चित सीमा तक छोटी - छोटी संख्या में मीडिया समूहों को ले जाएंगे। उन्होंने बताया कि मतगणना हॉल में किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, गुटखा, सिगरेट, पानी की बोतल, मोबाईल फोन, ब्लूटूथ, यूएसबी प्रतिबंधित रहेगी।

### मतगणना स्थल में बनायी गयी है 3 लेयर सुरक्षा व्यवस्था-एसपी

पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी देते हुए मतगणना परिसर में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है।जहां प्रत्येक स्तर पर पहचान पत्र की जांच उपरांत ही प्रवेश दिया जाएगा।मतगणना केन्द्र के पहले व बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती होगी जहां से 1े मीटर का क्षेत्र पैदल यात्री क्षेत्र होगा।प्रवेश द्वार की बेरिकेडिंग की गयी है।यहां किसी भी वाहन को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।भारत निर्वाचन आयोग या जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी फोटो आईडी कार्ड धारक को ही प्रवेश की अनुमति मिलेगी।दूसरे स्तर पर राज्य सशस्त्र बल की तैनाती होगी प्रवेश के पूर्व प्रत्येक व्यक्ति के पहचान पत्र के आधार पर जांच व तलाशी की जाएगी ताकि कोई भी मोबाईल व अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं के साथ प्रवेश न कर सके।तीसरे स्तर में मतगणना हॉल के दरवाजे में सीएपीएफ तैनात रहेगी।अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी व आवश्यक निर्देश दिये गये।

# पत्नी ने पति को उतारा मौत के घाट घर के आंगन में पड़ा मिला शव

**डभरा**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। घरेलू वाद विवाद से उपजा विवाद इतना बढ़ा कि पत्नी ने अपने पति पर डंडे एवं धारदार कील ठोकने वाली हथौड़ी से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

सूचना पर पहुची पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस ने बताया कि डभरा क्षेत्र के ग्राम बासीन के भाठापारा मोहल्ले में रहने वाले बजरंग जाटवर शराब पीने का आदि था जो अमूमन शराब पीकर झगड़ा करता था। हाल ही मे उसने खेत बिक्री किया था और नशे के दौरान दोनों पति पत्नी में आपसी झगड़ा होता था, मृतक शराब पीकर पत्नी से मारपीट भी करता था। 1 दिसंबर की रात्रि में पत्नी से झगड़ा इतना अधिक हुआ कि पत्नी उर्मिला जाटवर ने अपने पति बजरंग जाटवर पर डंडे एवं धारदार कील ठोकने वाली हथौड़ी से सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक का शव घर के आंगन में खून से लथपथ पड़ा हुआ मिला।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात्रि 1 दिसम्बर को करीब 8 बजे की घटना बताया जा रहा है। जहां घरेलू विवाद में बीती रात्रि 1 नवम्बर को रात्रि 8 बजे के करीब पति एवं पत्नी में आपसी झगड़ा होने से पत्नी उर्मिला जाटवर उम्र 36 साल द्वारा पति मृतक बजरंग जाटवर पिता बोधाईराम जाटवर उम्र,39 साल को धारदार हथियार कील ठोकने वाली हथौड़ी एवं धार दार हथियार से सिर में ताबड़तोड़ हमला कर मौत के घाट उतार दिया। मृतक का शव घर के आंगन में खून से लथपथ पड़ा हुआ था। मृतक बजरंग जाटवर का तीन बेटी एवं एक लड़का 12 साल की है। एक लड़की की शादी हो चुकी है। पुलिस ने आरोपी पत्नी उर्मिला जाटवर को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी महिला के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डभरा भेजा गया। जहां से पोस्टमार्टम शव कर परिजनों को सौंप दिया गया है। इस मामले की डभरा पुलिस जांच कर रही है। इस सम्बंध में टी आई नरेंद्र यादव ने कहा कि पति की हत्या करने वाले आरोपी पत्नी उर्मिला जाटवर को हत्या के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया है आरोपी को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## दूधमुंहे बच्चे को अस्पताल ले गई मां, पिता ने वहीं जमीन पर पटका,हुई मौत

**जांजगीर**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। दूधमुंहे मासूम बच्चे को इलाज के लिए अस्पताल ले गई मां के सामने ही पिता ने जमीन पर पटक-पटक कर गंभीर चोट पहुंचाई जिसे आनंन-फानन में रायगढ़ ले जाया गया जहां मासूम ने दम तोड़ दिया। इस घटना को लेकर परिजन सकते में है, वही घटना के दौरान डॉक्टर के क्लीनिक में मौजूद अन्य परिजनों ने हत्यारे पिता की जमकर धुनाई भी की है। बहरहाल मामले की सूचना समाचार लिखे जाने तक डभरा पुलिस तक नहीं पहुंची है।

**परिजनों ने नहीं कराया मामला दर्ज, जांच में जुटी पुलिस**

मामला थाना डभरा क्षेत्र के ग्राम खोंधर का है जहां पिता द्वारा अपने दूध मुहे बच्चे को डाक्टर मिश्रा अस्पताल डभरा में पटक कर मारने का मामला सामने आया है। बता दें कि ग्राम खोंधर निवासी रोहित सिदार पिता कार्तिकराम सिदार उम्र 27 साल द्वारा अपने पत्नी मंजू सिदार उम 22 साल के साथ बच्चे को लेकर 2 दिसम्बर को इलाज के लिए डाक्टर मिश्रा डभरा अस्पताल लाया था, जहां 6 माह मासूम बच्चे को पिता रोहित सिदार ने आवेश में आकर जमीन पर पटककर मारने का प्रयास किया। पटकने से मासूम बच्चे की गंभीर हालत को देखते हुए एंबुलेस से तत्काल उपचार के लिए रायगढ़ अस्पताल भेजा गया। बताया जा रहा है कि बच्चे का ईलाज को दौरान मौत हो गई है। वही पुलिस द्वारा रोहित सिदार से पूछताछ कर रही हैं। अभी तक इसकी सूचना परिजनों द्वारा थाने में रिपोर्ट दर्ज नही कराया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## प्रेक्षक, कलेक्टर, एसपी ने मतगणना स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा



### मतगणना संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण

**जांजगीर**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी एवं पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने मतगणना स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मतगणना के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था पूरी कर ली गई है। सामान्य प्रेक्षक, कलेक्टर एवं एसपी ने प्रत्येक विधानसभा के गणना कक्षों में जाकर मतगणना के लिए किये गये प्रबंधों और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम से ईव्हीएम गणना कक्षों में लाये जाने के रास्ते, अभिकर्ताओं और एजेंटों के प्रवेश और गणना कक्षों में पहुंचने वाले प्रवेश मार्ग एवं सुरक्षा का अवलोकन किया। उन्होंने मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर का भी अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिल सोनी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी, रिटर्निंग अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, रिटर्निंग अधिकारी नीरनिधि नंदेहा, रिटर्निंग अधिकारी आर के तंबोली, डिप्टी कलेक्टर संदीप ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# सूने मकान से नगदी सहित ढाई लाख के गहने पार

**अकलतरा**, 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। नगर के गोपिया पारा स्थित मकान में किराए में रहने वाले सुपरवाइजर के घर एवं अलमारी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों नेनगद सहित अलमारी में रखे ढाई लाख रुपए के सोने चांदी के आभूषण को पार कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर पतासाजी कर रही है ।जानकारी के अनुसार मुलमुला थाना के ग्राम खपरीटांड़ निवासी चंद्रकांत पटेल पिता श्याम कुमार पटेल लटिया रोड अकलतरा स्थित एस एस इंटरप्राइजेज लिमिटेड में सुपरवाइजर का कार्य करता है।

नगर के वार्ड क्रमांक 18 गोपिया पारा में स्थित गोपाल जयसवाल के मकान में अपने परिवार के साथ किराए से रहता है। 28 नवंबर को चंद्रकांत पटेल अपने परिवार को लेकर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने गृह ग्राम खपरीटांड़ गया था। 30 नवंबर को चंद्रकांत पटेल के पड़ोसियों ने मोबाइल के माध्यम से सूचना दी कि उसके मकान का ताला टूटा हुआ है। घटना की सूचना पर चंद्रकांत पटेल गोपिया पारा स्थित अपने मकान पहुंचा। जहां किराए के मकान का मुख्य गेट का ताला टूटा था। अंदर जाने पर अलमारी का ताला भी टूटा हुआ मिला । सामान बिखरे हुए थे।



चंद्रकांत जायसवाल ने बताया कि अलमारी में रखे 3500 रुपए नगद एवं सोने की हार 2.5 तोले का, मंगलसूत्र 7 ग्राम, झुमका एवं ईयर रिंग 3 नग सोने का, पायल छोटा 4 नग, चांदी 18 तोला , पायल बडा 1 नग चांदी 15 तोला, करधन 2 नग चांदी 15 तोला, कटोरी 1 नग चांदी की 2 तोला, हाथफूल, बिछिया मिलाकर 2 लाख 30 हजार रूपए के आभूषण एवं नगद को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया । चंद्रकांत पटेल की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया। साइबर सेल की टीम के द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर दरवाजे एवं अलमारी के ताले को तोड़ने में प्रयुक्त लोहे के राड को जप्त किया गया है।

# कलेक्टर-एसपी ने प्रेस वार्ता में मतगणना की तैयारियों के संबंध में दी जानकारी

**सारंगढ़** 02 दिसम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मतगणना के पूर्व तैयारियों के संबंध में प्रेस को जानकारी दी है कि 03 दिसम्बर 2023 रविवार को सुबह 8 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी।




मतगणना तिथि को कोषालय सारंगढ़ स्थित स्ट्रांग रूम से दोनों विधानसभा की मतपेटियां अभ्यर्थियों और उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूरी सुरक्षा के साथ प्रात: 8 बजे के पूर्व में मतगणना स्थल तक लाया जाएगा। सारंगढ़ विधानसभा-17 में डाकमत का 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का टेबल 21 टेबल है, जिसका मतगणना 17 राउंड में संपन्न होगा। इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में 3 टेबल और सीयू (ईवीएम) का 21 टेबल है, जिसका मतगणना 18 राउंड में संपन्न होगा। पोस्टल बैलेट के लिए 3 टेबल में गणना किया जाएगा। जिले में अब तक विधानसभा सारंगढ़ में 1170 और बिलाईगढ़ में 1547 पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए हैं, उन्हें जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखा गया है, जिसे 3 दिसंबर को सुबह 6.30 बजे निकालकर वीडियोग्राफी करते हुए मतगणना स्थल लाया जाएगा। कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना स्थल पर किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रिटर्निंग अधिकारी को इसकी लिखित शिकायत कर निराकरण कर सकते हैं। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने बताया कि प्रत्येक राउंड पूर्ण होने के बाद माईक के द्वारा परिणाम की घोषणा किया जाएगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने मतदान के बारे में बताया कि 17 नवंबर 2023 को सारंगढ़ विधानसभा के 345 मतदान केन्द्रों में 79.50 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदाताओं की संख्या 263526 है, जिसमें 209512 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 103483 पुरूष मतदाता और 106029 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर मतदाता नहीं है। वहीं बिलाईगढ़ विधानसभा के 376 मतदान केन्द्रों में 70.92 प्रतिशत मतदान हुआ है। यहां मतदाताओं की संख्या 301648 है। 213929 मतदाताओं ने मतदान किया। इनमें 106311 पुरूष मतदाता और 107617 महिला मतदाता हैं। थर्ड जेंडर मतदाता 1 है। पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह ने प्रेस को जानकारी दी है कि मतगणना स्थल में प्रवेश द्वार से लेकर मतगणना स्थल तक तीन स्तर पर सुरक्षा जांच किया जाएगा। इसके साथ ही मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी किया जाएगा। मतगणना स्थल पर मोबाइल, पेन, घड़ी सहित अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, बीडी सिगरेट गुटका आदि ले जाना प्रतिबंधित है। मतगणना दिवस के दिन शहर में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना, सहायक सूचना अधिकारी जनसंपर्क देवराम यादव उपस्थित थे।

# देश विदेश

## नेपाल से चीन के लिए नई उड़ान सेवा शुरू

**काठमांडू।** चीन के हिमालय एयरलाइंस ने शनिवार को नेपाल की राजधानी काठमांडू से चीन के आर्थिक केंद्र शंघाई के लिए उड़ान सेवा शुरू की। एयरलाइंस का ए320 विमान प्रत्येक शनिवार को काठमांडू से शंघाई के लिए उडान भरेगा। जबकि 20 दिसंबर से 27 जनवरी, 2024 के बीच प्रति सप्ताह इसकी दो उड़ानें निर्धारित की गई हैं। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए नेपाल में चीनी दूतावास के परामर्शदाता झी यू ने विश्वास व्यक्त किया कि नयी उड़ान सेवा के शुरू होने से पूर्वी चीन से और अधिक पर्यटक नेपाल घूमने आएंगे।

### इजरायल रक्षा बलों ने दी जानकारी

# गाजा पट्टी में 4 से अधिक ठिकानों पर हमला किया गया



**यरूशलम**, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। इजरायल ने गाजा पट्टी में हथियार भंडारण सुविधाओं और बुनियादी ढांचे सहित फिलिस्तीनी आंदोलन चरमपंथी हमास से जुड़े 400 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शनिवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर कहा, पिछले दिनों आईडीएफ ने पूरे गाजा पट्टी में 400 से अधिक आतंकी हमास के ठिकानों पर हमला किया।

सेना ने कहा कि उसने हथियार भंडारण परिसर, हमास के बुनियादी ढांचे और इस्लामिक जिहाद द्वारा एक ऑपरेशनल कमांड सेंटर के रूप में इस्तेमाल की जाने वाली मस्जिद पर हमला किया था। आईडीएफ ने कहा कि वायु सेना ने रात भर में एन्क्लेव के दक्षिण में खान यूनिस के क्षेत्र में 50 ठिकानों पर हमला किया। आईडीएफ ने शुक्रवार की सुबह कहा कि हमास ने इज़रायल और उसके बीच 24 नवंबर से लागू हुए संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है। जिससे इसके बाद इजरायली सेना ने एन्क्लेव में फिर से जंग छेड़ दी है। उल्लेखनीय है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया तथा 240 लोगों की बंधक बनाया था। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा की पूरी नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी। गत 27 अक्टूबर को इज़रायल ने हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्य के साथ गाजा पट्टी में जमीनी घुसपैठ शुरू की थी।

## गाजा में युद्ध का फिर से शुरू होना नकारात्मक : एर्दोगन



**अंकारा।** तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैय्यप एर्दोगन ने दुबई में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ बातचीत में गाजा में युद्ध का फिर से आरंभ को नकारात्मक बताया। इज़राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को कहा कि फिलिस्तीनी समूह हमास ने शत्रुता में विराम तोड़ दिया और इजरायली क्षेत्र पर गोलीबारी की और इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनी आंदोलन के खिलाफ शत्रुता फिर से शुरू कर दी। बैठक के दौरान इजरायल द्वारा गाजा पट्टी पर किए गए हमलों का फिर से शुरु होना, तुर्की को मानवीय सहायता और शांति के नाम पर उठाए गए कदमों तथा तुर्की एवं यूएई के बीच संबंधों पर भी चर्चा की गई। राष्ट्रपति एर्दोगन ने कहा कि तुर्की गाजा में इजरायली नरसंहार को रोकने के लिए हर संभव कोशिश कर रहा है।

## इजरायल ने राफा क्रॉसिंग से गाजा में मानवीय सहायता पर प्रतिबंध लगाया



**गाजा।** फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने कहा कि इजराइल ने मिस्र के साथ लगी सीमा राफा क्रॉसिंग के माध्यम से गाजा पट्टी में मानवीय सहायता के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है। संगठन ने शुक्रवार को एक्स पर कहा, आज, इजरायली बलों ने राफा सीमा क्रॉसिंग पर काम करने वाले सभी संगठनों और संस्थाओं को सूचित किया कि मिस्र की ओर से गाजा पट्टी में सहायता ट्रकों का प्रवेश निषिद्ध है, जो आज से शुरू होकर अगली सूचना तक जारी रहेगी। पीआरसीएस ने कहा कि इस कदम ने गाजा पट्टी में नागरिकों की समस्याओं को बढ़ा दिया है और मानवीय संगठनों के काम को जटिल बना दिया है। शुक्रवार सुबह, इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने इजरायल और हमास के बीच संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है जो 24 नवंबर से प्रभावी था। परिणामस्वरुप, इजरायली सेना ने गाजा पट्टी में लड़ाई फिर से शुरू कर दी।गौरतलब है कि 07 अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। इजरायल ने जवाबी हमला शुरू किया और गाजा की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, जिससे वहां पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति बंद हो गई।

# सुडोकू 6394


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 3 | | | | | |
| 7 | | | | 1 | 4 | | 8 | |
| 6 | | | | | | | | |
| 1 | 8 | | | 4 | | | 5 | |
| 2 | | | 1 | | 5 | | | 6 |
| | 9 | | | 8 | | | 2 | 3 |
| | | | | | | | | 2 |
| | 1 | | 4 | 5 | | | | 9 |
| | | | | | 7 | | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# वर्ग पहेली 6394



**बायें से दायें:-**

१. अकेले रहने या विचरने वाला, एकाकी
३. सज्जित, विभूषित
५. सेना या काफिले का मार्ग में कहीं रुकना, ऐसी रुकने की जगह
६. शुद्ध, पाक
७. पतला संकीर्ण मार्ग
९. आराम, चैन (उर्दू)
१०. स्वेच्छाचारिता
१२. आसान, स्वभाव, आसानी से मिलने वाला
१३. असमंजस, द्वैधीभाव
१४. युद्ध संबंधी
१६. गिरवी रखना
१८. दासी, सेविका (उर्दू)
२०. बहाया हुआ, बहता हुआ
२१. राजा (उर्दू)
२३. जो लेनदेन में खरा न हो (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पगडंडी, एक चरण या एक पद वाला
२. बदचलन
३. जाना हुआ, विदित
४. मेहरबानी करके
५. राजा की सबसे बड़ी रानी
८. राजाओं का राष्ट्र प्रमुखों के रहने की जगह
१०. धीमा मंद
११. एक प्रकार का बहुमूल्य रत्न
१२. मरम्मत, दोष या खराबी के दूर होने का भाव
१३. बैर, शत्रुता
१४. शाबासी देना
१५. घूस
१७. सदैव
१८. एकदम, नितांत, पक्का (उर्दू)
१९. जिव्हा, भाषा (उर्दू)
२२. ज़िद

## वर्ग पहेली-6393

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ गि | द्ध | २ दृ | ष्टि | ■ | ■ | ३ उ | प | ४ रो | क्त |
| रि | ■ | ढ़ | ■ | ५ व | णि | ज | ■ | ध | ■ |
| ६ ध | र्म | सं | क | ट | ■ | ७ र | त्ना | क | ८ र |
| र | ■ | क | ■ | ९ वृ | त्तां | त | ■ | ■ | ज |
| ■ | १० क | ल्प | ११ वृ | क्ष | ■ | ■ | १२ ज | न | नी |
| ■ | सै | ■ | श्चि | ■ | १३ वं | च | ना | ■ | गं |
| १४ क | ला | १५ प | क | ■ | श | ■ | १६ ब | १७ हु | धा |
| लं | ■ | रि | ■ | १८ अ | ज | १९ र | ■ | लि | ■ |
| २० कि | ष्किं | धा | ■ | पा | ■ | २१ ज | ल | या | २२ न |
| त | ■ | २३ न | ग | र | ज | न | ■ | ■ | दी |

युसूफ कुरेशी, मो. 8109948408

## सुडोकू 6394 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 3 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 7 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 2 | 8 | 5 |
| 6 | 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 7 |
| 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 8 | 4 | 6 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 8 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 9 | 6 | 4 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 2 |
| 8 | 1 | 7 | 4 | 5 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 |

# दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 3 दिसम्बर, 2023 अगहन कृष्ण पक्ष 6**

## राशिफल

मेष - आपकी आत्मीयता अधिक संवेदनशील बनेगी। किसी की वाणी या बर्ताव से आपके मन को चोट पहुंचेगी। मानसिक भय और शारीरिक अस्वस्थता से आप बेचैन रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

वृषभ - चिंता के बोझ से राहत मिलने से स्फूर्ति और उत्साह का अनुभव करेंगे। भावुकता के प्रवाह में ज्यादातर समय कल्पना में रहेंगे। परिजनों की तरफ विशेष ध्यान देंगे। मित्रों के साथ प्रवास का आयोजन होगा।

मिथुन - आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। इसमें थोड़ा विलंब होगा, लेकिन उस संबंध में प्रयास जारी रखने से उन्हें पूरा कर सकेंगे। आर्थिक आयोजनों में दिक्कत हो सकती है। नौकरी-धंधे में सहकर्मियों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा।

कर्क - शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मित्रों और स्वजनों के साथ आज का दिन खूब आनंद और उल्लास से व्यतीत होगा। आपका मन प्रसन्न रहेगा। जीवनसाथी के प्रति विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे।

सिंह - चिंता के कारण स्वास्थ्य को हानि पहुंचेगी। उग्र दलीलों या वाद-विवाद से किसी के साथ संघर्ष होगा। कोर्ट-कचहरी के कामों में सावधानीपूर्वक कदम उठाएं।

कन्या - तन-मन की स्वस्थता के साथ आज का दिन खुशहाल साबित होगा। व्यापारियों और नौकरीपेशा लोगों को आर्थिक लाभ होगा। अधिकारी के खुश रहने से पदोन्नति की संभावना बढ़ेगी।

तुला - आज आपके कार्य सरलतापूर्वक पूरे होंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। ऑफिस में उच्च पदाधिकारियों की तरफ से प्रोत्साहन मिलने पर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। व्यापारियों को व्यापार में तथा आय में वृद्धि होगा।

वृश्चिक - थकान, आलस और चिंता के कारण काम का उत्साह मंद पड़ा हुआ प्रतीत होगा। विशेष रूप से संतान के कारण चिंता होगी। कार्यक्षेत्र में भी अधिकारी का नकारात्मक व्यवहार आपके अंदर हताशा पैदा करेगा।

धनु - अनिच्छनीय घटनाएं, बीमारी, क्रोधावेश से आपका मानसिक व्यवहार हताशपूर्ण रहेगा। अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। सरकार विरोधी प्रवृत्तियों से दूर रहें। किसी कारण समय पर भोजन नहीं मिलेगा। अत्यधिक खर्च पर अंकुश लगाएं।

मकर - कार्यभार और मानसिक तनाव से राहत पाकर आज का दिन मित्रों, सगे-संबंधियों के साथ खुशी से व्यतीत करेंगे। किसी नए व्यक्ति के प्रति आकर्षण अनुभव करेंगे। उत्तम वैवाहिक सुख प्राप्त होगा।

कुंभ - आपको आज कार्यभार में सफलता के साथ यश भी मिलेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ प्रेमपूर्ण व्यवहार रहेगा। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता रहेगी। नौकरी धंधे में सहकर्मियों से सहयोग मिलेगा।

मीन - आज आपकी कल्पनाशक्ति पूरे निखार पर होगी। आज का दिन साहित्य सृजन के लिए उत्तम है। विद्यार्थी अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। आपके स्वभाव में भावुकता और कामुकता अधिक रहेगी। पेट दर्द की संभावना है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## दक्षिणी फिलीपींस में सैनिकों के साथ झड़प में 11 आतंकवादी ढेर

**मनीला,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। दक्षिणी फिलीपींस में सैनिकों के साथ हुई झड़प में इस्लामिक आतंकवादी समूह दौला इस्लामिया के 11 आतंकवादी मारे गए। यह जानकारी सेना के प्रवक्ता ने शनिवार को दी। फिलीपीन सेना के छठी इन्फैंट्री डिवीजन के लेफ्टिनेंट कर्नल डेनिस अल्मोराटो ने कहा कि सैनिकों ने मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत के एक शहर दातु होफ़र अम्पाटुआन में शुक्रवार अपराह्न इस्लामिक आतंकवादी समूह के 11 संदिग्ध चरमपंथियों को मार गिराया।

लेफ्टिनेंट अल्मोराटो ने संवाददाताओं से कहा कि सेना ने आतंकवादी समूह पर हमला करने के लिए दो एफए-50 लड़ाकू जेट और तोपखाने का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा कि हमने इलाके में अनुमानित 15 दौला इस्लामी आतंकवादियों के खिलाफ हवाई हमला किया। उन्होंने कहा कि सैनिकों ने मौके से आठ हथियार बरामद किए। उन्होंने कहा कि झड़प में कोई जवान हताहत नहीं हुआ है।

# गौहर खान पाकिस्तान तहरीक ए-इंसाफ के नए अध्यक्ष



पार्टी के नए चेयरमैन के रूप में निर्विरोध से चुना गया

**पेशावर,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। वकील गोहर अली खान को शनिवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नए चेयरमैन के रूप में निर्विरोध चुना गया। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गौहर खान को अपने उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया है। इमरान खान तोशखाना मामले में अयोग्य होने के कारण चुनाव लड़ने में असमर्थ हैं। पार्टी के मुख्य चुनाव आयुक्त नियाजुल्लाह नियाजी ने पेशावर में घोषणा करते हुए कहा कि उमर अयूब खान को भी पार्टी का निर्विरोध केंद्रीय महासचिव चुना गया। उन्होंने साझा किया कि अली अमीन गंडापुर और यास्मीन राशिद को क्रमशः खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब में पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। द न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पीटीआई के अंदर चुनाव अगले साल फरवरी में होने वाले आम चुनाव में अपने चुनाव चिन्ह बल्ला को सुरक्षित करने के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के आदेशों के अनुरूप आयोजित किए गए थे। पेशावर में पत्रकारों से बात करते हुए गौहर खान ने कहा कि वह इमरान खान के प्रतिनिधि के तौर पर चेयरमैन की जिम्मेदारी संभालेंगे। उन्होंने कहा, हम देश को आगे ले जाएंगे लेकिन जब तक मैं यहां हूं, मैं इमरान खान के प्रतिनिधि के रूप में काम करूंगा, जो अपने सैद्धांतिक संघर्ष के कारण जेल में हैं।

## अल अजीजिया मामले में नवाज की याचिका पर सात को सुनवाई

**इस्लामाबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय (आईएचसी) अल-अजीजिया स्टील मिल्स मामले में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) नेता एवं पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की याचिका पर आगामी सात दिसंबर को सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश आमेर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की पीठ संबंधित मामले की सुनवाई करेगी। आईएचसी के रजिस्ट्रार कार्यालय ने कॉज लिस्ट जारी कर दी है। पाकिस्तान की राष्ट्रीय जवाबदेही अदालत ने अल-अजीजिया स्टील मिल्स मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को जुर्माने के साथ सात साल की सजा का एलान किया था।

# 'चीन में किसी नई संक्रामक बीमारी की सूचना नहीं'

स्वास्थ्य अधिकारी ने निगरानी परिणामों का दिया हवाला

**बीजिंग,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन में वर्तमान में दर्ज की गई तीव्र श्वसन संबंधी सभी बीमारियां ज्ञात रोगजनकों के कारण होती हैं, और नए वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाली किसी भी नई संक्रामक बीमारी की पहचान नहीं की गई है। एक स्वास्थ्य अधिकारी ने शनिवार को निगरानी परिणामों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के प्रवक्ता मी फेंग ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, चीनी स्वास्थ्य अधिकारी सक्रिय रूप से शीतकालीन श्वसन रोगों की निगरानी और मूल्यांकन कर रहे हैं, चिकित्सा संसाधन आवंटन को अनुकूलित करने, चिकित्सा उपचार प्रक्रियाओं में सुधार करने और पारंपरिक चीनी चिकित्सा (टीसीएम) की भूमिका बढ़ाने के प्रयास चल रहे हैं।उन्होंने कहा कि चीन लोगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए टीसीएम अस्पतालों और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संस्थानों सहित चिकित्सा संस्थानों के सभी स्तरों पर चिकित्सा सेवाओं, विशेष रूप से बाल चिकित्सा बाह्य रोगी सेवाओं की आपूर्ति बढ़ाएगा।उन्होंने इस विस्तार में रोगी संख्या के आधार पर दोपहर के भोजन, शाम और सप्ताहांत के दौरान बाह्य रोगी सेवा घंटों का विस्तार करना, साथ ही अस्पताल की बिस्तर क्षमता बढ़ाना और चिकित्सा देखभाल तक सार्वजनिक पहुंच में सुधार के लिए पंजीकरण, परीक्षा और भुगतान प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना शामिल होगा। उन्होंने चिकित्सा आपूर्ति की गारंटी पर भी जोर दिया।श्री फेंग ने कहा कि सर्दियों में आम श्वसन रोगों की रोकथाम और उपचार को बढ़ाने के लिए टीसीएम के उपयोग और चीनी और पश्चिमी चिकित्सा दृष्टिकोण के एकीकरण की वकालत की जा रही है।

## संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना बैठक में हिस्सा लेंगे अजय भट्ट



**नई दिल्ली**, 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट दो दिन की संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक में हिस्सा लेने के लिए घाना की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। यह बैठक पांच और छह दिसम्बर को घाना की राजधानी अकरा में होगी। संयुक्त राष्ट्र का शांति अभियान विभाग और घाना इस बैठक की मेजबानी कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मंत्रिस्तरीय बैठक का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र शांतिरक्षकों के सामने आने वाली सुरक्षा तथा संचालन चुनौतियों का समाधान करना और दुनिया भर में तैनात इन मिशनों के लिए समर्थन हासिल करना है। संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न शांति मिशनों में अधिकतम संख्या में सैनिक और उपकरण भेजने में भारत हमेशा सबसे आगे रहा है। बैठक से इतर रक्षा राज्य मंत्री सदस्य देशों के मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे और परस्पर प्रतिबद्धताओं को अधिक मजबूत बनाने के लिए रक्षा सहयोग के मामलों पर चर्चा करेंगे। वह अकरा में भारतीय समुदाय के साथ भी बातचीत करेंगे।

## आज का इतिहास

1790 – लॉर्ड कार्नवालिस ने आपराधिक मामले मुर्शीदाबाद के नवाब से छीनकर अपने हाथ में ले लिए।
1796 – बाजीराव द्वितीय को मरठा साम्राज्य का पेशवा बनाया गया। वह मराठा साम्राज्य के अंतिम पेशवा थे।
1828 – एंड्रयू जैक्सन अमेरिका के सातवें राष्ट्रपति चुने गए।
1829 – वायसराय लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारत में सती प्रथा पर रोक लगायी।
1882 – प्रसिद्ध चित्रकार एवं संविधान की मूल कृति के डिजाइनर नन्दलाल बोस का जन्म।
1884 – भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जन्म।
1889 – खुदीराम बोस का जन्म।
1910 – फ्रांसीसी भौतिकशास्त्री जॉर्जेज क्लाउड द्वारा विकसित विश्व के पहले नियोन लैम्प का पहली बार पेरिस के मोटर शो में प्रदर्शन।
1912 – तुर्की, बुल्गारिया, सर्बिया, यूनान और मोंटेगरो ने युद्धविराम समझौता किया।
1937 – भारतीय भाषाविद् विनोद बिहारी वर्मा का जन्म।
1948 – पूर्वी चीन सागर में चीनी शरणार्थी को ले जा रहे जहाज कियांग्या में विस्फोट होने से 1,100 लोगों की मौत।
1967 – भारत के पहले रॉकेट (रोहिणी आर एच 75) का थुम्बा से प्रक्षेपण किया गया।
1971 – भारत और पाकिस्तान में युद्ध शुरू होने के बाद देश में आपातकाल लागू हुआ।
1979 – हॉकी के जादूगर ध्यानचंद का निधन।
1982 – भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज का जन्म।
1984 – भोपाल में यूनियन कार्बाइड संयंत्र से जहरीली गैस के रिसाव

**आयोजन** विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर काम करने की घोषणा

# 12 से अधिक देशों ने जलवायु व स्वास्थ्य घोषणा का समर्थन किया

**दुबई,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। 12 से अधिक देशों ने शनिवार को जलवायु और स्वास्थ्य पर सीओपी28 यूएई घोषणा का समर्थन किया, जिससे जलवायु वार्ता में स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण आया।

सीओपी28 प्रेसीडेंसी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर लोगों के स्वास्थ्य को बढ़ते जलवायु प्रभावों से बचाने के लिए कार्यों में तेजी लाने की घोषणा की। घोषणा की घोषणा विश्व जलवायु कार्रवाई शिखर सम्मेलन में की गई,जहां विश्व नेता दुबई में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की शुरुआत के लिए एकत्र हुए हैं।

123 देशों द्वारा हस्ताक्षरित घोषणा सीओपी में पहले स्वास्थ्य दिवस से एक दिन पहले की गई है और यह सरकारों द्वारा समुदायों की रक्षा करने और चरम गर्मी, वायु प्रदूषण और संक्रामक रोग जैसे जलवायु-संबंधी स्वास्थ्य प्रभावों से निपटने के लिए स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों को तैयार करने की जरूरत को स्वीकार करने में दुनिया का पहला स्थान है। यह घोषणा ब्राज़ील, मलावी, यूके, यूएस, नीदरलैंड, केन्या, फिजी, भारत, मिस्र, सिएरा लियोन और जर्मनी सहित कई %देश चैंपियन% के समर्थन से विकसित की गई थी। यह संयुक्त कार्रवाई ऐसे समय में की गई है, जब प्रदूषित हवा से हर साल लगभग नौ मिलियन मौतें होती हैं और 189 मिलियन लोग हर साल चरम मौसम संबंधी घटनाओं के संपर्क में आते हैं।



■ स्वास्थ्य को बढ़ते जलवायु प्रभावों से बचाने की दिशा में कोशिश

सीओपी 28 के अध्यक्ष सुल्तान अल जाबेर ने कहा, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पहले से ही हमारे दरवाजे पर हैं। वे 21वीं सदी में मानव स्वास्थ्य के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक बन गए हैं। सरकारों ने अब स्वास्थ्य को जलवायु कार्रवाई के एक महत्वपूर्ण तत्व के रूप में मान्यता दी है। उन्होंने आगे कहा, घोषणा एक मजबूत संकेत भेजती है कि हमें वैश्विक उत्सर्जन को कम करना चाहिए और अपनी स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। विश?व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनोम घेब्रेयसस ने कहा, जलवायु संकट एक स्वास्थ्य संकट है, लेकिन बहुत लंबे समय से, स्वास्थ्य जलवायु चर्चाओं में एक फुटनोट रहा है। उन्होंने कहा, डब्ल्यूएचओ अपने सीओपी28 प्रेसीडेंसी में स्वास्थ्य को एक प्रमुख प्राथमिकता बनाने के लिए यूएई को धन्यवाद देता है और इस घोषणा का स्वागत करता है, जो ग्रह और लोगों दोनों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए जलवायु-लचीला और कम कार्बन वाले स्वास्थ्य प्रणालियों के निर्माण की जरूरत पर जोर देता है। घोषणा का समर्थन करने वाले पहले देशों में से एक मलावी के राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने कहा, जलवायु परिवर्तन हमारे समुदायों के स्वास्थ्य और कल्याण पर तेजी से प्रभाव डाल रहा है। हमारे हजारों नागरिक संक्रामक

## दुनिया को जानें


# चीन के वसंत महोत्सव गाला 'ड्रैगन' थीम व लोगो का अनावरण

**बीजिंग,** 2 दिसम्बर (एजेंसियां)। चीन के सबसे बड़े मीडिया संस्थान चाइना मीडिया ग्रुप ने फरवरी 2024 में आने वाले ड्रैगन वर्ष से पहले शनिवार को 2024 वसंत महोत्सव गाला के लिए आधिकारिक थीम और लोगो का अनावरण किया। इस वसंत महोत्सव गाला का लोगो मुख्य दृश्य प्रतीक के रूप में (ता) चीनी अक्षर का उपयोग करता है, जिसका अर्थ है ड्रेगन का उड़ना। दरअसल, यह चीनी अक्षर 140 करोड़ चीनी जनता को चित्रित करने के लिए एक रूपक है, क्योंकि ड्रैगन हजारों वर्षों से चीनी लोगों के लिए एक आध्यात्मिक प्रतीक और पवित्र देव के रूप में विकसित हुआ है। यह चीनी अक्षर प्राचीन चीनी सील लिपि शैली से प्रेरित है, और उसका डिज़ाइन विधिपूर्ण, संतुलित, सीधा और सममित है, जो भव्य और जोरदार सांस्कृतिक माहौल को उजागर करता है। यह लोगो चीन के चंद्र अन्वेषण कार्यक्रम और ग्रह अन्वेषण परियोजना के लोगो डिजाइनर कू योंगच्यांग द्वारा डिजाइन किया गया है। इस गाला का सील लोगो एक धातु, सुनहरी चमक के साथ डिज़ाइन किया गया है, जो एक चिप जैसा दिखता है।

# खेल जगत

## रोड्रिग्ज का साओ पाउलो छोड़ने पर संशय बरकरार

रियो डि जेनेरो, 2 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका, मैक्सिको और अर्जेंटीना के क्लबों से जुड़ने की अटकलों के बीच कोलंबिया के फुटबालर जेम्स रोड्रिग्ज ने ब्राजील के अगले घरेलू फुटबॉल सत्र से पहले साओ पाउलो छोड़ने के संशय को बरकरार रखा है। कोलंबियाई 32 वर्षीय फुटबॉल खिलाड़ी जुलाई में दो साल के अनुबंध पर साओ पाउलो में शामिल होने के बाद से चोटों और खराब फॉर्म से जूझ रहा है। ब्राज़ीलियाई सीरी ए क्लब के लिए 14 मैचों में उन्होंने केवल एक गोल किया है। रियल मेड्रिड के पूर्व खिलाड़ी ने ग्लोबो एस्पोर्टे से कहा, मैं नहीं जानता कि 224 में क्या होने वाला है। फुटबॉल में सब कुछ बहुत तेज़ी से बदलता है।



# भारत की निगाहें ऑस्ट्रेलिया से अंतिम टी-20 भी जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित करने पर

- रिंकू सिंह ने खुद को भारत का बेहतरीन फिनिशर साबित किया
- ऑस्ट्रेलिया के बेहरनडर्फ से भारत को चौकस रहना होगा

**सत्येन्द्र पाल सिंह**

**नई दिल्ली,** 2 दिसंबर (देशबन्धु)। यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़ और इशान किशन जैसे नौजवान सलामी बल्लेबाजों की बेखौफ बल्लेबाजी , रिंकू सिंह के मैदान पर उतरते ही दे दना तथा बड़े दिल वाले लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने सही वक्त पर विकेट चटकाने की क्षमता दिखा भारत को अनुभवी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज में अंतिम मैच के बाकी रहते 3-1 की निर्णायक बढ़त के साथ सीरीज जिता अपना 2024 के मध्य में होने वाले टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए टीम में स्थान पाने का अपना दावा मजबूत किया है। रिंकू सिंह ने दिखाया कि वह बेशक दे दनादन में यकीन करते हैं लेकिन उनके पास साथ ही पिच पर जरूरत के मुताबिक ठहरने के साथ सही वक्त पर गियर बदल कर दिखाया वह अब भारत के बेहतरीन फिनिशर हैं। भारत की निगाहें अब मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बेंगलुरू बेंगलुरू में पांचवां व अंतिम भी जीत पूरी तरह अपनी श्रेष्ठता साबित करने पर लगी है। रिंकू सिंह ने रायपुर में सीरीज के चौथे मैच में सही वक्त पर 49 रन की तेज पारी खेल कर खुद को भारत का बेहतरीन फिनिशर और इस टी-20 क्रिकेट सीरीज की बड़ी खोज साबित कर आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी-20 के साथ वन डे सीरीज के लिए भी भारतीय टीम में जगह बनाई। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिर के खिलाफ आखिर के दो ओवर में रिंकू सिंह (46) और जीतेश शर्मा(35) की पांचवें विकेट की 56 रन की भागीदारी के बाद अंतिम दो ओवर में सात रन के भीतर पांच विकेट खोए थे और इससे भारत को इसका बेहतर इस्तेमाल




करने की जरूरत है।

मौजूदा टी-20 सीरीज के शुरू के तीनों में रनों का अंबार लगा लेकिन रायपुर की पिच खासतौर पर भारतीय स्पिनरो को रास आई। अब बेंगलुरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच के बल्लेबाजों के माकूल रहने की उम्मीद के कारण एक बार फिर दोनों टीम बड़े स्कोर की आस कर सकती हैं। ऑस्ट्रेलिया को भारत को बड़ा स्कोर खड़ा करने से रोकना है तो फिर खासतौर सीरीज में दो अर्द्धशतक जडने् वाले यशस्वी जायसवाल को पहले पॉवरप्ले में रिंकू सिंह को आखिरी मारधाड़ वाले ओवर में रोकना होगा। भारतीय बल्लेबाजों को ऑस्ट्रेलिया के लिए चार विकेट चटकाने के साथ किफायती गेंदबाजी करने वाले तेज गेंदबाज जेसन बेहरडर्फ से चौकस रहने की जरूरत है।

सूर्य कुमार यादव के बतौर कप्तान अनुकरणीय खेल के नौजवानों से सजी भारतीय टीम ने बेखौफ खेल दिखाकर खेल का फॉर्मेट बदलने के साथ शुरू के चार टी-20 मैचों में तीन मैच जीत सीरीज अपनी मुट्ठी में कर लगातार दस मैच जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया से बस फाइनल की इकलौती हार के साथ फाइनल में छह विकेट से हार से तीसरी बार आईसीसी वन डे खिताब जीतने की हसरत टूटने के गम को बहुत हद तक खत्म कर दिया। भारत की नौजवानों सज्जित इस टीम की टी-20 सीरीज में यह जीत इसलिए बेहद अहम है कि उसने ऑस्ट्रेलिया की जिस टीम का हराया उसमें आधे दर्जन से ज्यादा वन डे विश्व कप विजेता टीम के खिलाडि़यों के खिलाफ हासिल की। भारत अब दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाने से पहले पांचवें व अंतिम टी-20 मैच में अपने कई खिलाडि़यों को आराम देकर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दीपक चाहर को फिर और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को मौका सकता है। ऑस्ट्रेलिया को टी20 सीरीज के चार मैचों मे तीसरे में जीत उसे वन डे विश्व कप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले ग्लेन मैक्सवेल के तूफानी अविजित शतक की बदौलत मिली।

ऑस्ट्रेलिया की कोशिश अंतिम टी-20 मैच जीत स्वदेश लौटने की होगी और ऐसे में रविवार को रोचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। ऑस्ट्रेलिया ने मौजूदा टी-20 सीरीज में भारत के खिलाफ वन डे विश्व कप के रिजर्व खिलाड़ी रहे भारतीय मूल के लेग स्पिनर तनवीर सांगा व मैथ्यू शॉट सहित डेढ़ दर्जन से अधिक खिलाडि़यों को आजमाया है। ऑस्ट्रेलिया की मौजूदा सीरीज में दिक्कत यह रही है कि उसने रायपुर में जिन नए खिलाडि़यों को आजमया वे कसौटी पर खरे नहीं उतरे। खासतौर पर रायपुर में चौथे टी-20 मे बाएं हाथ के स्पिनर अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन के सामने उसके यह खिलाड़ी नाचते नजर आए। भारत मौजूदा टी-20 सीरीज में अपने तेज गेंदबाज संयोजन खासतौर पर प्रसिद्ध कृष्णा और अर्शदीप सिंह की धुनाई को लेकर सही संयोजन से जूझता दिखा। चोट के बाद फिट होकर टीम में वापसी करने वाल दीपक चाहर नेअपने बाद के ओवर में अच्छी वापसी की। भारत के सीरीज के अंतिम मैच में बतौर तेज गेंदबाज दीपक चाहर, मुकेश कुमार और आवेश खान के साथ ही उतरने की उम्मीद है।

## हरमनप्रीत कप्तान, 3 इंग्लैंड टी2, दो टेस्ट के लिए मजबूत टीमों की घोषणा

**मुंबई,** 2 दिसंबर (एजेंसियां) राष्ट्रीय चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ अगले सप्ताह से शुरू होने वाले टी-20 और उसके बाद इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के लिए एक पूर्ण महिला टीम की घोषणा की है, क्योंकि शीर्ष सितारे दो घरेलू श्रृंखलाओं के लिए एक्शन में लौट आए हैं।



2014 के बाद पहली बार भारत के महिला घरेलू सत्र में टेस्ट क्रिकेट शामिल होगा। भारतीय टीम ने 2021 में इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ, दोनों विदेशी मुकाबलों में केवल दो टेस्ट खेले हैं। टीम ने दोनों मैचों में अच्छा प्रदर्शन किया और सम्मान बचाने में सफल रही।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में जानकारी देते हुए कहा, महिला चयन समिति ने इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टी20 श्रृंखला के साथ-साथ इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट मैचों के लिए टीम इंडिया (सीनियर महिला) टीम का चयन किया है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सफेद गेंद की श्रृंखला के लिए टीम बाद में चुनी जायेगी। टी20 और टेस्ट दोनों टीमों में हरमनप्रीत कौर कप्तान होंगी और स्मृति मंधाना उनकी डिप्टी होंगी। जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, पूजा वस्त्रकर और रेणुका सिंह ठाकुर जैसे शीर्ष सितारे दोनों टीमों का हिस्सा हैं।

भारत का 2023-24 घरेलू क्रिकेट सीज़न मैचों की एक रोमांचक श्रृंखला के साथ शुरू होने वाला है, जिसमें इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो घरेलू टेस्ट शामिल हैं। कार्रवाई की शुरुआत इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से होगी, जो 6 से 10 दिसंबर तक मुंबई के प्रतिष्ठित वानखेड़े स्टेडियम में होने वाली है। यह सीरीज दो मजबूत टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला होने का वादा करती है।

टी20 के बाद, टीमें 14 दिसंबर से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट के लिए तैयार होंगी। इसके अतिरिक्त, 21 दिसंबर से वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक टेस्ट मैच निर्धारित है।

इंग्लैंड के खिलाफ 3 टी20 मैचों के लिए भारत की टीम : हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, श्रेयंका पाटिल, मन्नत कश्यप, सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, पूजा वस्त्रकर, कनिका आहूजा, मिन्नू मणि।

**इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट के लिए भारत की टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), जेमिमा रोड्रिग्स, शैफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), स्नेह राणा, शुभा सतीश, हरलीन देयोल , सैका इशाक, रेणुका सिंह ठाकुर, तितास साधु, मेघना सिंह, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकर।

## जूनियर वर्ल्ड बॉक्सिंग : 12 भारतीय मुक्केबाज फाइनल में



**नई दिल्ली,** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के जूनियर मुक्केबाजों ने आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा और येरेवन, आर्मेनिया में शानदार प्रदर्शन के बाद उनमें से 12 मुक्केबाजों ने फाइनल में प्रवेश किया। अमीषा (54 किग्रा) और पायल (48 किग्रा) ने रोमानिया की ट्रिगोस बुकुर रोशियो और कजाकिस्तान की बिबोलसिंकीज़ी सिला के खिलाफ टीम इंडिया के लिए दिन की विजयी शुरुआत की। दोनों ने सर्वसम्मति से 5-0 से मुकाबला जीता। प्राची टोकस (80+किग्रा) ने रूस की ओसिपोवा मारिया पर प्रभावशाली प्रदर्शन किया, जिससे रेफरी को जीत हासिल करने के लिए पहले दौर में ही मुकाबला रोकना। दूसरी ओर, मेघा (80 किग्रा) ने ताकत और शक्ति का समान प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की त्सेंग एन ची के खिलाफ जीत हासिल की। रेफरी ने तीसरे राउंड में मुकाबला रोक दिया।

विनी (57 किग्रा) आकांशा (70 किग्रा) और सृष्टि (63 किग्रा) ने अपने विरोधियों से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 5-0 से सर्वसम्मत निर्णय से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। विनी का मुकाबला ग्रीस की कांतजारी ओरियाना से था, जबकि आकांशा और सृष्टि का मुकाबला क्रमशः आयरलैंड की मैकडोनाग मैरी और कजाकिस्तान की के अलीना से था। निशा (52 किग्रा) ने पहले दौर में शुरुआती प्रभुत्व के बाद संघर्ष किया, लेकिन जल्द ही रूस की सिक्सटस डायना पर 4-1 से प्रभावशाली जीत दर्ज की। लड़कों ने दमदार प्रदर्शन किया और पांच में से चार मुक्केबाजों ने जीत हासिल की।

## स्थिति की परवाह किए बिना सभी ने अपना खेल खेला : सूर्यकुमार

**रायपुर,** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। चौथे टी20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 20 रन से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त लेने के बाद, भारत के कार्यवाहक कप्तान सूर्यकुमार यादव इस बात की प्रशंसा कर रहे हैं कि कैसे उनकी टीम ने बिना किसी परवाह के मैच में अपना प्रदर्शन दिखाया। जितेश शर्मा और रिंकू सिंह ने भारत के लिए पर्याप्त फिनिशिंग टच प्रदान किया, जिसे ऑस्ट्रेलिया की कुछ स्पॉट-ऑन गेंदबाजी ने 174/9 तक सीमित कर दिया। रक्षा में, रवि बिश्नोई और अक्षर पटेल ने आठ ओवरों में 4/33 के कुल आंकड़े के साथ वापसी की और ऑस्ट्रेलिया को 154/7 पर रोक दिया।

टॉस के अलावा सब कुछ हमारे हिसाब से हुआ (हँसते हुए)। जीतना बड़ा उत्साहवर्धक था, खासकर जिस तरह से लड़कों ने चरित्र दिखाया। स्थिति की परवाह किए बिना सभी ने खुद को व्यक्त किया और यही मैंने उनसे कहाः निडर रहें, अपना खेल खेलें और हम देखेंगे कि क्या होता है। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल समाप्त होने के बाद सूर्यकुमार ने कहा, योजना बहुत स्पष्ट थी, स्टंप्स पर यॉर्कर फेंकने की और हम इसे वहां से लेंगे। अगर यह काम नहीं करता है, तो हम देखेंगे कि क्या होता है।



बिश्नोई, जो श्रृंखला के लिए विकेट चार्ट में सबसे आगे हैं, ने गेंद से सफल होने में पर्याप्त समर्थन देने के लिए सूर्यकुमार और गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले को श्रेय दिया। जब स्काई ने मुझे गेंद दी तो मैं गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं पूरी सीरीज में अपनी गेंदबाजी से बहुत खुश हूं। इस ड्रेसिंग रूम का माहौल बहुत अच्छा है, हम सभी एक ही उम्र के हैं और हमने एक साथ बहुत खेला है। साईराज बहुतुले (गेंदबाजी कोच) हमारी ताकत का समर्थन करते हैं और हमें 100त्न समर्थन देते हैं, वह कहते हैं कि नई चीजों को आजमाने के लिए स्वतंत्र महसूस करें जिनके बारे में आप निश्चित हैं।

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मैथ्यू वेड भी बिश्नोई और अक्षर के गेंदबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे थे। उनके स्पिनरों ने वास्तव में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। उन्होंने हमें बांधे रखा और हम वास्तव में उस मध्य अवधि में आगे नहीं बढ़ सके। हम बीच में स्पिन को बहुत अच्छी तरह से नहीं खेल पाए और बहुत सारे विकेट खो दिए जिससे टिम डेविड के पास करने को बहुत कुछ रह गया। तो यह शायद खेल में सबसे बड़ा अंतर था। जाहिर है, बिश्नोई ने चारों मैचों में शानदार प्रदर्शन किया है। उन पर पकड़ बनाना काफी कठिन रहा है। कम अनुभव वाले हमारे कुछ खिलाड़ी उनका सामना करने से बहुत कुछ सीखेंगे। पटेल एक क्लास खिलाड़ी हैं, वह बहुत लंबे समय से एक क्लास गेंदबाज रहे हैं। आने वाले गेंदबाजों ने बहुत अच्छा काम किया, डवारशुइस ने बहुत अच्छा काम किया, वे वास्तव में खड़े हुए। हम स्थापित खिलाड़ियों के तहत खिलाड़ियों के बारे में सीखना जारी रखना चाहते हैं क्योंकि विश्व कप नजदीक है, इसलिए टीम के चारों ओर गहराई महत्वपूर्ण होगी।

## सार संक्षेप

### रामकुमार लगातार दूसरे खिताब की कतार में, जापानी जोड़ी ने युगल खिताब जीता

**कालाबुरागी।** रामकुमार रामनाथन ने शनिवार को जापान के रयोतारो तागुची के खिलाफ लगभग त्रुटिहीन जीत के साथ कर्नाटक के कालाबुरागी में आईटीएफ कालाबुरागी ओपन के फाइनल में पहुंचकर लगातार पुरुष दूसरे खिताब की ओर कदम बढ़ाया। यहां चन्द्रशेखर पाटिल स्टेडियम कोर्ट में खेले गए सेमीफाइनल में, इस दुबले-पतले खिलाड़ी ने केवल 65 मिनट में मेहमान की चुनौती को पार करते हुए 6-2, 6-1 से जीत दर्ज की। खिताबी मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त ऑस्ट्रिया के डेविड पिचलर से होगा, जिन्होंने मामूली उलटफेर में जापान के दूसरी वरीयता प्राप्त मात्सुडा रयुकी के खिलाफ 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। इस बीच, रयुकी और तागुची ने एक साथ जोड़ी बनाई और युगल का ताज अपने नाम किया।

### महिला प्रीमियर लीग 224 खिलाड़ी नीलामी सूची की घोषणा

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग खिलाड़ी नीलामी सूची का दूसरा संस्करण यहां 9 दिसंबर, 223 को कुल 165 क्रिकेटरों के लिए नीलामी के लिए तैयार है। 165 खिलाड़ियों में से 14 भारतीय और 61 विदेशी खिलाड़ी हैं जिनमें से 15 खिलाड़ी एसोसिएट देशों से हैं। कुल कैप्ड खिलाड़ी 56 हैं, अनकैप्ड खिलाड़ी 19 हैं। पांच टीमों के पास अधिकतम 3 स्लॉट उपलब्ध हैं, जिसमें 9 स्थान विदेशी खिलाड़ियों के लिए हैं। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा, 5 लाख रुपये उच्चतम आरक्षित मूल्य है, जिसमें दो खिलाड़ियों - डींड्रा डॉटिन और किम गार्थ - ने शीर्ष ब्रैकेट में जगह बनाना चुना है। चार खिलाड़ी 4 लाख रुपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी सूची में हैं।

### विजय मर्चेंट ट्रॉफी : बंगाल ने हैदराबाद के खिलाफ हासिल की बढ़त

**कोलकाता।** अवरादीप बिस्वास (34 रन पर पांच विकेट) के पंजे की मदद से बंगाल की अंडर 16 टीम ने विजय मर्चेंट ट्राफी के मुकाबले में शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ पहली पारी में 48 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। सूरत में खेले गये मैच में बंगाल ने पहले खेलते हुये 186 रन बनाये जिसके जवाब में हैदराबाद की पूरी टीम 138 रन ही बना सकी। हैदराबाद को कम स्कोर पर समेटने में बंगाल के गेंदबाजों की भूमिका अहम रही। विस्वास के अलावा अनिर्बान सरमा (2-21), धनविन निमावत (2-3) और शिवम भारती (1-19) ने गेंद से शानदार प्रदर्शन किया। जवाब में, बंगाल ने अपनी दूसरी पारी में दूसरे दिन स्टंप्स तक दो विकेट पर 65 रन बना लिए हैं।

## रिंकू सिंह के 1 मीटर लंबे छक्के का राज, अच्छा खाना, जिम में वजन उठाना

**रायपुर,** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। फॉर्म में चल रहे मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह ने कहा कि शुक्रवार रात रायपुर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टी20 मैच के दौरान उनके 100 मीटर लंबे छक्के के पीछे का राज अच्छा खाना और जिम में भारी वजन उठाना है।

शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में, रिंकू ने 29 गेंदों में 46 रनों की पारी खेली और जितेश शर्मा के साथ पांचवें विकेट के लिए 56 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिन्होंने 19 गेंदों में 35 रनों की तेज पारी खेली। भारत ने 20 ओवर में 174/9 रन बनाए, जो 20 रन से जीत के लिए काफी था। रिंकू ने बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में जितेश शर्मा से कहा, आपको पता ही है आपके साथ जिम ही करता हूं (आप जानते हैं, मैं आपके साथ जिम में ट्रेनिंग करता हूं)। मैं अच्छा खाना खाता हूं और मुझे जिम में वजन उठाना पसंद है और इससे मुझे स्वाभाविक



रूप से (शॉट्स के लिए) शक्ति उत्पन्न करने में मदद मिलती है। मैं पांच-छह साल से आईपीएल में खेल रहा हूं. मैं आत्मविश्वास रखते हुए और खुद का समर्थन करते हुए खुद को शांत रखने की कोशिश करता हूं।

दूसरी ओर, जितेश ने स्वीकार किया कि वह बल्लेबाजी करते समय थोड़ा घबराया हुआ था क्योंकि वह पहली बार भारत में कोई अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहा था और उन्होंने महत्वपूर्ण साझेदारी के दौरान उसे शांत रखने के लिए रिंकू को धन्यवाद दिया। मैंने भारत के लिए अपना आखिरी मैच एशियाई खेलों के दौरान चीन में खेला था और वह अफगानिस्तान के खिलाफ था। भारत में खेलना और वह भी घरेलू मैदान पर इतनी बड़ी भीड़ के सामने खेलना वाकई अच्छा लगा। इस खेल की सबसे अच्छी बात आपके साथ मेरी साझेदारी थी, जिसका मैंने भरपूर आनंद लिया। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, मैं दबाव में था, लेकिन आप काफी शांत दिख रहे थे। मुझे शांत रखने के लिए भी मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। आप मुझसे कहते रहे कि हमें टिके रहने और साझेदारी बनाने की जरूरत है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त बना ली है और रविवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में पांचवां और अंतिम मैच खेला जाएगा।

## चोट के कारण विश्व कप नहीं खेल पाने के बारे में सोच रहा था : अक्षर पटेल

**रायपुर,** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल ने स्वीकार किया है कि वह बाएं क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण घरेलू धरती पर 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने से चूकने के बारे में सोच रहे थे। 29 वर्षीय अक्षर को एशिया कप में चोट लगने के कारण विश्व कप टीम से देर से बाहर किया गया और उनके स्थान पर रविचंद्रन अश्विन को टीम में शामिल किया गया। तुम्हें (निराश) होना ही है। वर्ल्ड कप भारत में था, लेकिन वो चोट लग गई. पहले कुछ दिनों तक मैं इसके बारे में सोच रहा था कि चोट के कारण नहीं खेल पाऊंगा, खासकर जब टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही थी। उन्होंने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, 5-10 दिनों के बाद, मैं प्रशिक्षण पर वापस आ गया था और अपना पुनर्वास कर रहा था। लेकिन जब आप चोट के कारण बाहर होते हैं और उन 5-10 दिनों तक कुछ नहीं कर पाते हैं, तो आपको थोड़ा बुरा लगता है। उसके बाद, मैं नियमित जीवन में लौट आया। मैं परेशान था, लेकिन चोट के कारण ऐसा हुआ; यह किसी के हाथ में नहीं है. यह खेल का अभिन्न अंग है। अक्षर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चल रही टी20 श्रृंखला के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की, शुक्रवार रात रायपुर में चौथे मैच में मेजबान टीम की 20 रन की जीत के लिए 3-16 के अपने शानदार स्पैल के साथ आधार तैयार किया। उन्होंने इस बात को लेकर चिंतित होना स्वीकार किया कि उनका बायां क्वाड्रिसेप्स अंतरराष्ट्रीय खेल की कठिनाइयों से कैसे निपटेगा।

## वर्ल्ड कप में श्रीलंका का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा, ऐसी उम्मीद नहीं थी : मुरलीधरन

**नई दिल्ली,** 2 दिसंबर (एजेंसियां)। श्रीलंका के स्पिन-गेंदबाजी के दिग्गज मुथैया मुरलीधरन ने कहा है कि 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में टीम का प्रदर्शन बहुत निराशाजनक था और उन्हें टीम के इस तरह से सामने आने की उम्मीद नहीं थी। टूर्नामेंट में, 1996 के चैंपियन, श्रीलंका ने केवल दो मैच जीते, जबकि सात गेम हारकर भारत में अपना अभियान नौवें स्थान पर समाप्त किया, जबकि कप्तान दासुन शनाका सहित विभिन्न कर्मियों की चोटों से भी जूझना पड़ा।वे 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालीफिकेशन से भी चूक गए क्योंकि वे अंक तालिका में शीर्ष आठ टीमों से बाहर हो गए।

जियोसिनेमा पर अपनी बायोपिक 800 के ओटीटी लॉन्च के मौके पर मुरलीधरन ने शनिवार को आईएएनएस से बातचीत में कहा, जहां तक श्रीलंका टीम का सवाल है, उनके पास प्रतिभा है, लेकिन बात यह है कि उनमें प्रतिबद्धता और अनुशासन की थोड़ी कमी है। यदि वे कड़ी मेहनत और प्रयास करते हैं, तो वे निश्चित रूप से एक मजबूत टीम बन सकते हैं।

उन्होंने 2022 एशिया कप जीतकर इसकी कुछ झलक दिखाई, और वे भारत, पाकिस्तान और अन्य अच्छी टीमों को हराने में सक्षम हैं। लेकिन इस साल के विश्व कप में, यह बहुत निराशाजनक और बहुत ही खराब प्रदर्शन था, और मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। इसके अलावा, विश्व कप अभियान समाप्त होने के 24 घंटे बाद, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) बोर्ड ने प्रशासन में सरकारी हस्तक्षेप के कारण श्रीलंका क्रिकेट की सदस्यता को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया, हालांकि वे अभी भी अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल सकते हैं।

मैदान के बाहर की दुखद घटनाओं से मुरलीधरन भी दुखी थे। इसके अलावा, घर पर भी बहुत सारी समस्याएं हो रही हैं। इस क्रिकेट बोर्ड और देश ने मुझे इस पद तक आने में मदद की है। मैं कहूंगा, इस समय यह गड़बड़ है और



सभी चीजों को ठीक करने के लिए किसी को आना होगा। व्यापक रूप से इस खेल के महानतम स्पिन गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले, 1996 वनडे विश्व कप विजेता टीम के सदस्य मुरलीधरन 800 टेस्ट विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज हैं, जबकि उन्होंने वनडे में 534 विकेट लिए हैं।

अपने खेल करियर के बाद, मुरलीधरन 2015 से आईपीएल फ्रेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच रहे हैं, इसके अलावा वह बंगाल की घरेलू टीम और ऑस्ट्रेलिया के लिए स्पिन गेंदबाजी सलाहकार भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि हैदराबाद, जो पिछले साल के आईपीएल में अंक तालिका में सबसे नीचे रही, 2024 सीज़न में बेहतर प्रदर्शन कर सकती है। मैंने ऑस्ट्रेलिया के लिए (2014 और 2016 में) थोड़ी कोचिंग की। तब सौरव गांगुली ने मुझे आकर बंगाल क्रिकेट की मदद करने के लिए कहा, जो मैंने पांच साल तक किया। मैंने कोलकाता में इसका भरपूर आनंद लिया, जहां उस समय वीवीएस लक्ष्मण भी वहां मौजूद थे, जिन्होंने वहां युवा बंगाली क्रिकेटरों को अपना ज्ञान विकसित किया और उन्हें दिया।

सनराइजर्स हैदराबाद के मालिक एक परिवार की तरह हैं इसलिए उन्होंने मुझे आने के लिए कहा और जैसे ही मैंने आईपीएल से संन्यास लिया, मैं उनके साथ जुड़ गया। हमने वहां बहुत अच्छे पल बिताए और युवा क्रिकेटरों के साथ ज्ञान साझा किया, साथ ही यह भी समझा कि अनुभवी क्रिकेटर कहां रहना चाहते हैं। आईपीएल में कोचिंग के लिए, आप कोई तकनीक या ऐसा कुछ नहीं कर सकते, यह रणनीति और मानसिकता पर अधिक निर्भर है। मैं उस भूमिका का आनंद लेता हूं क्योंकि मैं टीम के साथ दो महीने बिताता हूं और इसके अलावा, हम अन्य कोचों, सीईओ और मालिकों के साथ-साथ टीम बनाने के बारे में बात करते हैं। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, इसलिए हम इतने लंबे समय तक सफल रहे हैं, लेकिन पिछले तीन साल हमारे रास्ते में नहीं रहे। इसलिए, कुछ बदलाव किए गए और सब कुछ हुआ, लेकिन मुझे लगता है कि हम निश्चित रूप से वापस आएंगे। हम कुछ बदलाव करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम आईपीएल (आगामी सीज़न) में एक मजबूत टीम बनें।

# साहित्य

कहानी

# नई जंग

■ ख्वाजा अहमद अब्बास

जिस दिन सूबेदार राजिन्दर सिंह की पेंशन मुक़र्रर हुई तो वो बहुत परेशान थे। ऐसा लगता था कि ज़िंदगी का सबसे बड़ा सहारा ही जाता रहा। सूबेदार ने अपनी सारी उम्र फ़ौज में काटी थी। न जाने कितनी जंगों में जान पर खेल कर आधे दर्जन तमगे हासिल किए थे। कितनी ही छावनियों की ख़ाक छानी थी। अपनी बहादुरी और मुस्तैदी से न जाने कितने अफ़सरों की ख़ुशनूदी हासिल की थी। मामूली सिपाही से जमादार और जमादार से सूबेदार मुक़र्रर हुए थे। फ़ौज का कोई ऐसा काम नहीं था जिसमें उन्होंने अपना सिक्का न बिठाया हो। निशाने बाज़ी में हमेशा नंबर अव्वल। चाहे छावनी में चाँद मारी हो या फ़्रंट पर दुश्मन के ख़िलाफ़ लड़ाई। सूबेदार राजिन्दर सिंह का निशाना कभी ख़ता नहीं हुआ था। अपने सिपाहियों को परेड कराते तो एक साथ काम करने वाली मशीनें बना देते। उनका अपने रंगरूटों और सिपाहियों से हमेशा यही कहना होता था। एक साथ क़दम उठाओ। जवानो एक साथ काँधे से काँधा मिलाओ, सीना तानो ऐसे जैसे फ़ौलाद की दीवार। लेफ़्ट राइट... लेफ़्ट राइट...?

पहली जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर सिंह बिलकुल जवान था। जवानी के जोश में ऐसे लड़ता था जैसे मस्त हाथी। इराक़, अरब, जर्मनी, फ्रांस। जंग के कितने ही मैदानों में उसने अपनी बहादुरी के झंडे गाड़े थे उसे कितने ही मैडल मिले थे। उसके अंग्रेज़ अफ़सरों ने उसकी पीठ ठोंकी थी। जब वो वापस आया था तो उसको कहा गया कि वो चाहे तो फ़ौज छोड़कर अपने गाँव में खेती बाड़ी कर सकता है। उसकी जंगी ख़िदमात के ईनाम में उसको ज़मीन भी अलॉट हुई थी। नौजवान जमादार ने अपने कैप्टन से कहा था। अभी तो यही इरादा है साहब कि गाँव जा कर पहले शादी करूँ और फिर खेती बाड़ी में अपने बाप का हाथ बटाऊँ। मगर कैप्टन ने कहा, वेल जमादार अभी तुम्हारा तीन महीने का छुट्टी बाक़ी है। तुम घर जा सकता है। तीन महीने के अंदर हमको बोलेगा कि आर्मी छोड़ना माँगता है तो हम छोड़ देगा। नहीं तो तुम इधर वापस आ सकता है। हम तुमको अपनी रेजिमेंट में रखेगा जो फ़रंटियर जाने वाली है।

ये सुनकर नौजवान जमादार सिर्फ़ मुस्कुरा दिया था। उसने सोचा था हमारे साहब को क्या मालूम कुलवंत कौर क्या चीज़ है। भला कोई ऐसी लड़की से ब्याह करने के बाद घर छोड़कर फ़ौज में जा सकता है ?कुलवंत उनके ही गाँव के पेंशनर सूबेदार रणजीत सिंह की बेटी थी। कुलवंत जिसकी राइफ़ल की नाली जैसी काली-काली आँखें थीं और जिसके बाज़ू ऐसे गदराए हुए थे जैसे आर्मी की डबल-रोटी और जिसकी ज़बान ऐसे चलती थी जैसे मशीन गन और जिसकी याद हर फ़्रंट की हर ट्रेंच में राजिन्दर सिंह के साथ-साथ ऐसे चलती थी जैसे हर रेजिमेंट के साथ सीपरज़ाएंड माईनरज़ का दस्ता चलता है।

> पहली जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर सिंह बिलकुल जवान था। जवानी के जोश में ऐसे लड़ता था जैसे मस्त ?हाथी। इराक़, अरब, जर्मनी, फ़्राँस। जंग के कितने ही मैदानों में उसने अपनी बहादुरी के झंडे गाड़े थे उसे ?कितने ही मैडल मिले थे। उसके अंग्रेज़ अफ़सरों ने उसकी पीठ ठोंकी थी। जब वो वापस आया था तो ?उसको कहा गया कि वो चाहे तो फ़ौज छोड़कर अपने गाँव में खेती बाड़ी कर सकता है। उसकी जंगी ?ख़िदमात के ईनाम में उसको ज़मीन भी अलॉट हुई थी। नौजवान जमादार ने अपने कैप्टन से कहा

मगर छः बरस के बाद जब वो अपने गाँव पहुँचा और उसके सब रिश्तेदार और दोस्त उससे मिलने, जंग के हालात सुनने और उसके माँ-बाप को उसकी ख़ैरियत से वापसी पर मुबारकबाद देने, राजिन्दर सिंह के घर आए। मगर उसकी आँखें कुलवंत को ढूंढती रहीं। जब सब अपने-अपने घर चले गए तो उसने अपनी माँ से पूछा, माँ। कुलवंत नज़र नहीं आई। और तब उसकी माँ ने उसे वो सब कुछ बता दिया जो तीन बरसों से उससे छुपाते आए थे और जिसके बारे में उसके माँ बाप ने जान-बूझ कर किसी ख़त में ज़िक्र नहीं किया था कि ये ख़बर पढ़ कर न जाने वहाँ मैदान-ए-जंग में बेटा क्या कर बैठे और राजिन्दर को मालूम हुआ कि कुलवंत के ब्याह को तो तीन बरस हो चुके हैं। उसकी शादी क़रीब के गाँव में एक नौजवान ठेकेदार बख़्तावर सिंह से हो गई है और अब तो उसकी गोद में एक बच्चा खेलता है।

ये सुनकर राजिन्दर कुछ नहीं बोला। उसे ऐसा महसूस हुआ कि शादी की शहनाइयाँ जो बरसों से उसके कानों में गूंज रही थीं अब दूर होती जा रही हैं... यहाँ तक का वो याद के धुँदलके में खो गईं और उनकी बजाय बिगुल की आहनी चीख़ दूर से पुकारती हुई क़रीब आती गई और उसके शऊर में हज़ारों बम ब-यक-वक्त फट पड़े।

और अगले रोज़ सुबह सवेरे ही वो वर्दी पहन कर वापस जाने को तैयार हो गया। माँ-बाप ने घबराकर सबब पूछा तो उसने सिर्फ़ इतना कहा, बस दो दिन ही की छुट्टी मिली थी। कल हमारी रेजिमेंट फ़रंटियर के लिए रवाना हो रही है।

फ़रंटेकर रज़बक, जमरूद और दर्रा-ए-ख़ैबर की छावनियाँ। कितने ही बरस उसने कोशिश की किसी पठान की गोली उसका सीना चीर कर इस कमबख़्त जान-लेवा याद का गला घोंट दे जो अब तक उसके दिल को नर्ग़े में लिए हुए है। पर न जाने क्यों हर गोली उससे कतरा के निकल गई।

आसाम, बर्मा की सरहद, जंगल, मलेरिया, उसके कितने ही साथी जो गोलों और गोलियों से न मरे थे मामूली बुख़ार का शिकार हो गए। मगर राजिन्दर को मौत न आई।

दूसरी जंग-ए-अज़ीम में राजिन्दर ने कहाँ-कहाँ मौत को तलाश नहीं किया मिस्र और लीबिया के लक़्क़-ओ-दक़ रेगिस्तान कोहिमा और बर्मा की पहाड़ियाँ। मिलाया के जंगल और दलदल। उसके सीने पर तमगे़ लगते रहे। जमादार से वो सूबेदार हो गया। उसकी दाढ़ी में सफ़ेद बाल चमकने लगे। मगर जितने भी ज़ख़्म उसे लगे उनमें कोई भी कारी न साबित हुआ। और एक याद का घाव अंदर ही अंदर सताता रहा यहाँ तक कि दूसरी जंग-ए-अज़ीम भी ख़त्म हो गई। हिन्दोस्तान आज़ाद हो गया। मुल्क की तक़सीम हो गई और राजिन्दर सिंह को पेंशन दे दी गई।

छावनी में ये उसका आख़िरी दिन था। वो ह.ष्ट.ह.स के मेस में अकेला बैठा बे-तवज्जुही से रेडियो सुन रहा था पर एक जानी बूझी आवाज़ हिंदुस्तानियों को एक नई जंग के लिए ललकार रही थी।

ये जंग किसी बैरूनी दुश्मन के ख़िलाफ़ नहीं है बल्कि अंदरूनी दुश्मनों के ख़िलाफ़ है...

राजिन्दर सिंह के फ़ौलादी हाथ की पकड़ अपनी राइफ़ल पर और भी मज़बूत हो गई।

ये जंग है जहालत के ख़िलाफ़...

ये जंग है मुफ़लिसी और बेकारी के ख़िलाफ़...

ये जंग है बीमारी के ख़िलाफ़ ...

इस जंग में ख़ंदक़ें नहीं खोदी जाएँगी। कुएँ खोदे जाऐंगे।

इस जंग में अपनी हिफ़ाज़त के लिए संगीन फ़सीलें नहीं बनाई जाएँगी, स्कूलों और हस्पतालों की दीवारें खड़ी की जाएँगी।

ये जंग बंदूक़ों और तलवारों, मशीन गनों और बमों से नहीं, हलों और कुदालों और ट्रैक्टरों और बुल्डोज़रों से लड़ी जाएगी।

राजिन्दर सिंह की समझ में कुछ आया और कुछ नहीं आया। उसे ऐसा महसूस हुआ कि उसके लिए ये नई जंग भी ऐसी ही है जैसी और आम जंगें जो उसने अब तक लड़ी थीं।

वो अरबों से, तुर्कों से, जर्मनों और इतालवियों से और फिर जापानियों से लड़ा था। हालाँकि उसको उनसे कोई दुश्मनी नहीं थी। सिर्फ़ इसलिए लड़ा था कि ये उसके अफ़सरों का हुक्म था और आज उसका सबसे बड़ा अफ़सर उसे इस नई जंग के लिए ललकार रहा था। मगर अब भी सूबेदार राजिन्दर सिंह को ये यक़ीन नहीं था कि ये जंग उसकी अपनी जंग है और उसके अपने दुश्मनों के ख़िलाफ़ है।

उसके दिमाग़ में और उसके दिल में एक अजीब तन्हाई का, एक अजीब अंधेरे का एहसास था। जैसे काली रात में कोई सिपाही जंगल में रास्ता भूल जाए और उसे ये न मालूम हो कि दुश्मन की फ़ौज किधर है। आज उसे अपनी रेजिमेंट से छुट्टी मिल जाएगी। इसके बाद वो कहाँ जाएगा, क्यों जाएगा, कहाँ रहेगा, क्या करेगा। माँ, बाप दोनों मुद्दत के मर चुके थे अब गाँव में उसका कौन है। जिसके पास वो जाए।

इतने में उसे किसी के नए फ़ौजी जूतों की खट-खट सुनाई दी। सूबेदार ने देखा कि एक नौजवान रंगरूट जिसके नर्म-नर्म सर के बाल पगड़ी से बाहर निकले हुए थे और जिसके चेहरे पर दाढ़ी की जगह अभी सिर्फ़ सुनहरी रुआँ ही उगा है। जो पहली बार वर्दी पहन कर अजीब-अजीब लग रहा है और जिसकी निगाहें इधर-उधर किसी को ढूंढ रही हैं। और न जाने उसे कैसे ये महसूस हुआ कि उसने इस लड़के को कहीं देखा है।

सूबेदार राजिन्दर सिंह आप ही हैं

हाँ मैं ही हूँ। तुम कौन हो... बेटा और न जाने उस नौजवान को बेटा कहना राजिन्दर सिंह को क्यों अच्छा लगा।

जी मेरा नाम अमर सिंह है।

तुम्हारे पिता का नाम

बख़्तावर सिंह।

क्या काम करते हैं

जी वो ठेकेदारी करते थे। पर कई बरस हुए उनका देहांत हो गया।

और तुम ठेकेदार के बेटे हो कर फ़ौज में भर्ती होने आए हो। क्यों

मेरी माँ ने कहा। मुझे फ़ौज में भर्ती होना चाहिए। देश की हिफ़ाज़त करने के लिए।

बड़ी बहादुर माँ है तुम्हारी। मगर मेरा नाम तुम्हें किसने बताया

माँ ने। वो कहती थीं सूबेदार साहब के पास जाना वो तुम्हें फ़ौज के बारे में सब बता देंगे।

और कुछ भी कहा था

कहा था सूबेदार साहब से कहना उनके गाँव की हालत बहुत ख़राब है।

कहाँ रहती है तुम्हारी माँ।

अपने बाबा के गाँव। सिंघपुर में। तो आप जाऐंगे ना

हाँ बेटा ज़रूर जाऊँगा। बल्कि आज ही, अभी। वहीं जा रहा हूँ। चलो मैं तुम्हें अपने कमांडर साहब से मिला दूँ। तुम्हें फ़ौज में सिंघपुर के बहादुर नौजवानों का नाम अमर रखना है।

वो दोनों एक बूढ़ा और एक जवान। एक पेंशनर और एक रंगरूट क़दम से क़दम मिलाए कैप्टन के ऑफ़िस की तरफ़ चले और उनके बूटों की आवाज़ दूर तक बरामदे में गूँजती रही।

और इस शाम को जब सूबेदार ने अपने गाँव की सरहद में क़दम रखा और तालाब पर मच्छर भिन-भिनाते देखा और मलेरिया के मारे किसानों को देखा और उनके टूटे-फूटे झोंपड़े देखे और हड्डियाँ निकले हुए बैलों को देखा और सूखे के मारे बच्चों को चीथड़े पहने गाँव की गंदी गलियों में खेलते देखा तो उसे दूर जंगी बिगुल बजने की आवाज़ सुनाई दी... ये ऐलान-ए-जंग था लेकिन किसी इन्सानी दुश्मन के ख़िलाफ़ नहीं बल्कि इन्सान के दुश्मनों के ख़िलाफ़। ग़ुर्बत के ख़िलाफ़। गंदगी के ख़िलाफ़... बीमारियों के ख़िलाफ़।

और एक-बार फिर राजिन्दर सिंह का सीना अज़्म से तन गया।

उसे अब नई जंग लड़नी थी।



# मैं जोहिला : जोहिला के बहाने नर्मदा की कथा

■ अजय चन्द्रवंशी

आदिम मनुष्य की जिज्ञासा वृति और सहज वृत्ति अपने भौगोलिक परिवेश के अनुरूप मिथकों और लोक कथाओं को जन्म देती रही है। तत्कालीन ज्ञान की सीमाओं के चलते भी मनुष्य की द्वंद्व से मुक्ति की सहज वृति भी इन लोक कथाओं की उत्पत्ति का एक कारण रही है। प्रकृति का मानवीकरण भौतिक वस्तुओं पर चेतना का आरोपण सार्वभौम है, और इसने कई दिलचस्प लोक कथाओं को जन्म दिया है।

लोककथाओं/ विश्वासों में निंदा या सम्मान में चूक की संभावना अपेक्षाकृत कम होती है। इसलिए यदि लोकविश्वास नर्मदा के पक्ष में है और जोहिला और शोणभद्र को लांछित करता है तो मानना चाहिए नर्मदा के पक्ष में यह सहानुभूति अकारण नहीं है।

नर्मदा-शोण(सोन)- जोहिला की भौगोलिक स्थिति की विलक्षणता लोकमानस में इस प्रेम त्रिकोण की कथा को विकसित होने के लिए अनुकूल परिस्थिति पैदा करती है। एक ही जगह(अमरकंटक पहाड़ी क्षेत्र) से निकलकर नर्मदा (पश्चिम) और सोन(पूर्व) का विपरीत दिशा में प्रवाह जन मानस में दोनो में अलगाव की कथा सृजित होने के लिए उपयुक्त था। उस पर जोहिला और शोण का संगम ने प्रेम त्रिकोण का रूप लिया।

उपन्यासकार ने इस लोककथा को औपन्यासिक स्वरूप दिया है। वे उस परिवेश से जुड़े हैं और नर्मदा की लोक महत्ता से परिचित और प्रभावित हैं इसलिए उपन्यास का शीर्षक भले %मैं जोहिला% है मगर कहानी मुख्यत: नर्मदा की है। ऐसा प्रतीत होता है जोहिला और शोण इस कथा के उपादान मात्र हैं और केन्द्रीयता नर्मदा की त्रासदी को व्यक्त करना है। यों लोककथा की सीमितता भी अधिक कहने का अवसर नहीं देती बावजूद लेखक ने अपेक्षित विस्तार का प्रयास किया है।

नर्मदा और जोहिला बचपन से सखी हैं। नर्मदा राजसी कन्या है और जोहिला सामान्य नागरिक की पुत्री फिर भी दोनो में गहरी मित्रता है। नर्मदा के व्यवहार से कहीं परिलक्षित नहीं होता कि वह ख़ुद को उससे या अन्य सखियों से उच्च मानती है। जोहिला भी कभी नर्मदा को गैर नहीं समझती या उसके राजसी कन्या होने से मित्रता में कभी असहज महसूस करती है। अवश्य युवावस्था की नैसर्गिक आकांक्षा जोहिला मे नर्मदा की अपेक्षा अधिक प्रकट होती है।यों जोहिला भी संयमित है मगर उसके अंदर नर्मदा के प्रति एक सहज मानवीय प्रतिस्पर्धा का भाव है जो अनायास प्रकट होते रहता है। वह कई बार महसूस करती है कि वह नर्मदा से अधिक रूपवती है मगर उसके अनुरूप उसे प्रतिष्ठा नहीं मिलती। जाहिर है इसका एक कारण सामाजिक स्थिति का अंतर भी है। मगर नर्मदा के अंदर कहीं पर श्रेष्ठताबोध अथवा जोहिला के प्रति प्रतिस्पर्धा भाव प्रकट नहीं हुआ है। लेखक ने कथा का माध्यम जोहिला को बनाया है मगर हम कह चुके हैं पूरे उपन्यास में नर्मदा व्याप्त है। घटनाक्रम की नाटकीयता और प्रेम का द्वंद जो उपन्यास के आखिरी हिस्से में है वह सहज नहीं जान पड़ता।

जोहिला का शोण को देखकर उसके मनुहार पर पिघलते जाना और आंतरिक रजामंदी कहीं गहरे उसके नर्मदा के प्रति अव्यक्त प्रतिस्पर्धा का प्रकटीकरण लगता है जिसकी झलक कई बार उसके अपने रुपाकर्षण के प्रकटीकरण से मिलती है। अवश्य उसमें हल्का सा द्वंद्व और अपराधबोध दिखता है मगर वह उसके शोण के प्रेम निवेदन के आगे कुछ भी नहीं है। इससे विचित्र स्थिति शोण की है। वह कोमोमण्डल का राजकुमार है। अवश्य जागीर छोटी है, मगर है तो जागीर। वह रूपवान योग्य युवक है। नर्मदा के स्वयंवर की शर्त बकावली पादप लाने को कठिन परिस्थितियों में वह पूरा करता है। पूरी विवाह की तैयारी हो जाती है बरात नर्मदा के घर तक आ जाती है। शोण के मन मे कहीं कोई असमंजस या द्वंद्व नहीं दिखाई देता, जिससे लगे कि इस विवाह में उसके लिए कहीं कुछ गलत भी है। मगर जैसे ही वह जोहिला को देखता है। उसके रूप सौंदर्य पर मोहित होता है और तब नर्मदा के प्रति उसके बहुत से असमंजस प्रकट होने लगते हैं।

शोण जिसे प्रेम कहता है वह सामंती अभिरुचि से गंभीर रूप से ग्रस्त है। वह प्रथमत: जोहिला को नर्मदा के साथ भी पाने को तैयार है, उसके लिए यहां कोई दुविधा नहीं है। शोण अपने नर्मदा के प्रति असहजता के लिए जो तर्क गढ़ता है, वह बेहद लचर है। ये सारे तर्क जोहिला को.पाने के भ्रान्त तर्क प्रतीत होते हैं। वह कहता है नर्मदा के परिवेश और व्यक्तित्व और उसके परिवेश में काफी अंतर है जिसका कारण वह नर्मदा और उसके पिता के साम्राज्य की विशालता और अभिजात्य परिवेश को बताता है और स्वयं उससे कमतर मानता है। फिर आगे अपनी कद-काठी को नर्मदा की अपेक्षा कम जानकर हीनता महसूस करता है। आश्चर्य है उसे ये बातें पहले ध्यान नहीं आती! फिर क्या दाम्पत्य में छोटी-मोटी असमानताएं नही होती? फिर यह बात शोण स्वयंवर जीतने के बाद स्पष्ट कर सकता था जिससे नर्मदा को इस तरह विवाह मंडप में आहत नहीं होना पड़ता। इस सम्बंध में शोण का तर्क कि जब मैं बकावली लाने के लिए निकला, तब तक मैंने इस सम्बंध में कुछ भी स्पष्ट रूप से नहीं सोचा था! बाद में जब जब इस ओर गया, तब तक बहुत विलंब हो चुका था। दूसरे के जीवन से खिलवाड़ की कीमत पर यह असमंजसता कमाल का है!

शोण के इस तर्कजाल का अगला तर्क यह है; वह जोहिला से कहता है आप ही मेरे व देवी नर्मदा के मध्य आजीवन सेतु का कार्य कर सकती हैं। नर्मदा से दूर भी रहना है और नर्मदा जैसी स्त्री(जोहिला) की चाह भी है! आगे वह जोहिला से कहता है क्या यह सत्य नहीं कि मेरी भांति आप भी मूलत: जनकन्या हैं? एक छोटा सामंत भी अपने को आमजन कह सकता है! इसमे बुराई नहीं लेकिन आगे का तर्क क्या यह भी सत्य नहीं कि हमारी जोड़ी भी आदर्श होगी, क्योंकि मैं आपसे तनिक लंबा हूँ कमाल का तर्क है दाम्पत्य के लिए पुरूष का स्त्री से कद में लंबा होना जरूरी (आदर्श)है! कहाँ प्रेम का उदात्त रूप जहां वर्ण, जाति, शारीरिकता, खत्म हो जाता है, और कहाँ यह शारीरिक नाप-जोख!

इस तर्कजाल में जोहिला का भी बराबर सहयोग है। कहती है अपनी दुर्दशा के लिए नर्मदा परोक्षत: स्वयं दायी थी। मैंने उसे कितना समझाया था कि विवाह जैसे नितांत व्यक्तिगत मसले को लोक कल्याण का उत्स न बनाये।....अब उसे आघात लगा तो वह उसका कारण खोजने के लिए स्वयं के अंतर में झांकने के बदले मुझे कोस रही थी...सोन के जीवन मे मैं नहीं आती तो कोई अन्य आता। इन सब बातों का ध्यान जोहिला को सोन से मिलने के पहले नही आया! माना विवाह व्यक्तिगत मसला है, मगर नर्मदा इसे जनकल्याण से जोड़कर कभी द्वंद्व में नहीं रही थी। वह अपना नायक जननायक चाही तो इसमे बुराई क्या है फिर जिसने स्वयम्वर जीता उसे उसने सहज स्वीकारा। कहीं कोई दुविधा नहीं।न ही यह कोई बनावटी उपक्रम था। इसे बनावटी बताने का उपक्रम शोण और जोहिला कर रहे हैं। आगे एक स्थल पर जोहिला कहती है यह यह ठीक था कि उसने(नर्मदा) अपने ही द्वारा पैदा की परिस्थिति का सामना ना कर उससे पलायन किया था, किंतु यह पलायन तो उसके जुझारू व्यक्तित्व के अनुरूप न था। गजब का तर्क है अपने कार्य के औचित्य को सिद्ध करने के लिए दूसरे पर दोषरोपण कर दो!

त्रासदी होनी थी, हो गई। जोहिला और शोण मिल गए। आहत नर्मदा उनसे दूर चली गई।जोहिला स्वीकारती भी है वह चाहती तो दोनों को नुकसान पहुंचा सकती थी, मगर उसने ऐसा नहीं किया, बल्कि एक तरह से उनके रास्ते से हट गई। उसके व्यक्तित्व की उदात्तता कहीं क्षीण नहीं होती। केवल एक जगह दोनो को अंतरंग सम्बन्ध में बंधे देखकर कर आवेशित होती है और अपशब्द कहती है, जो परिस्थितिवश बहुत असामान्य नहीं है। हमने ऊपर शोण और जोहिला के 'सहज प्रेम' के दावा को प्रश्नांकित करने का प्रयास किया है और 'प्रकृतवाद' से प्रभावित कहा है तो सम्भव है किसी को हमारे विवेचन में 'नैतिकतावाद' हावी दिखाई दे। इस सम्बंध में हमारा कहना है कि अवश्य प्रेम नैसर्गिक होता है, वह कहीं भी किसी से हो सकता है, मगर हर तात्कालिक आकर्षण जरूरी नहीं की प्रेम भी हो, उसमे ठहराव भी जरूरी है।

आमुख में अनामिका जी ने लिखा है पूर्णता का आदर हो सकता है पर उससे प्रेम पाना आसान नहीं, न ही उसके प्रेम का पात्र हो पाना आसान है। कहीं तो कुछ अधूरा हो तभी तो समर्पण की आस जगे। दो अर्धगोले ही मिलकर प्रेम का ग्लोब पूरा करते हैं-जैसे शोण और जोहिला ने किया। इससे हमारी सहमति है मगर उपन्यास में नर्मदा का चरित्र उदात्त होकर भी मानवीय है और वह मानवीय आकांक्षाओं से भरी हुई है।अवश्य उसमे एक गरिमामय गोपन है। मगर विवाह के समय उसकी उत्सुकता उसकी मानवीयता को ही उजागर करती है।उसके व्यक्तित्व में ऐसी 'पूर्णता' नहीं है जिसमे कुछ भरा ही न जा सके और वह मानवीय आकांक्षाओं से परे हो।

लेखक ने संक्षिप्त कथा को औपन्यासिक रूप देने का बेहतर प्रयास किया है और उसमे सफल भी है। नर्मदा के चरित्र में उदात्तता है मगर उसका चित्रण मानवीय है। सिर्फ एक जगह भविष्यवक्ता साधु के संदर्भ में इसके दैवीय रूप की झलक मिलती है जो हमारी समझ मे कथा-प्रवाह के लिए सहज नहीं है। इस तरह नर्मदा के दैवीय रूप दिखाने से आगे की उसकी त्रासदी 'लीलामात्र' प्रतीत हो सकती है क्योंकि इससे वह भूत-भविष्य की जानकर प्रतीत होने लगती है।

बहरहाल लेखक लोकमान्यता की सीमाओं से बंधा है, उसे उपन्यास का विस्तार उस दायरे में ही करना है, बावजूद इसके उसने कथानक का विस्तार बेहतर ढंग से करने का प्रयास किया है।पाठकों का संवेदनात्मक जुड़ाव भिन्न-भिन्न अभिरुचि, व्यक्तित्व और संस्कार के अनुरूप भिन्न-भिन्न पात्रों से हो सकता है।

**कृति- मैं जोहिला( उपन्यास )**
**लेखक-प्रतिभू बनर्जी**
**प्रकाशन- नमन प्रकाशन, नई दिल्ली**

## कविता : युद्ध करता है अनथक मेहनत

ईराकी कविता- दुन्या मिखाइल

■ अंग्रेज़ी से रुपांतर-ललित सुरजन



देखो, सचमुच कितना
भव्य है युद्ध!
कितना तत्पर और
कितना कुशल!
अलस्सुबह वह
साइरनों को जगाता है और
एंबुलेंस भेज देता है
दूर-दराज़ तक,
हवा में उछाल देता है
शवों को और
घायलों के लिए
बिछा देता है स्ट्रेचर.
वह माताओं की आँखों से
बुलाता है बरसात को,
और धरती में गहरे तक धँस जाता है
कितना कुछ तितर-बितर कर,
उधर खंडहरों में,
कुछ एकदम मुर्दा और चमकदार
कुछ मुरझाए हुए लेकिन
अब भी धड़कते हुए
वह बच्चों के मष्तिष्क में
उपजाता है हज़ारों सवाल,
और आकाश में
राकेट व मिसाइलों की आतिशबाजी कर
देवताओं का दिल बहलाता है,
खेतों में वह बोता है
लैंडमाइन और फिर उनसे
लेता है जख़्मों व नासूरों की फसल,
बह परिवारों को बेघर-विस्थापित
हो जाने के लिए करता है तैयार,
पंडों-पुरोहितों के साथ होता है खड़ा
जब वे शैतान पर लानत
फेंक रहे होते हों
(बेचारा शैतान,उसे हर घड़ी देनी होती है
अग्नि परीक्षा)
युद्ध काम करता है निरन्तर
क्या दिन और क्या रात,
वह तानाशाहों को
लंबे भाषण देने के लिए
प्रेरित करता है,
सेनापतियों को देता है मैडल
और कवियों को विषय,
वह कृत्रिम अंग बनाने के कारखानों को
करता है कितनी मदद,
मक्खियों तथा कीड़ों के लिए
जुटाता है भोजन,
इतिहास की पुस्तकों में
जोड़ता है पन्ने व अध्याय,
मरने और मारने वालों के बीच
दिखाता है बराबरी,
प्रेमियों को सिखाता है पत्र लिखना
व जवाँ औरतों को इंतज़ार,
अखबारों को भर देता है
लेखों व फोटो से,
अनाथों के लिए बनाता है नए घर,
कफन बनाने वालों की कर देता है चाँदी
कब्र खोदने वालों को देता है शाबासी,
और नेता के चेहरे पर
चिपकाता है मुस्कान,
युद्ध अनथक मेहनत करता है बेजोड़,
फिर भी क्या बात है कि
कोई उसकी तारीफ में
एक शब्द भी नहीं कहता।

जुलाई 2009

# आज होगा प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला



## 8 बजे से शुरू होगी गिनती 9 बजे तक पहले राऊंड का परिणाम आ जाएंगा

## बिलासपुर,तखतपुर और बेलतरा हाईप्रोफाइल सीट पर सबकी निगाहें

## शैलेष और अमर में जीत किसकी शहर में हो रही चर्चा

## साव,अटल,विजय ,सुशांत जीते तो पहली बार पहुंचेगे सदन

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव के नतीजे कल घोषित होंगे सभी राजनीतिक दलों को कल दोपहर 2-00 बजे का इंतजार है। वोटो की मतगणना के दौरान दोपहर 2-00 बजे तक सरकार किसकी बन रही है पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। बिलासपुर जिले की 6 सीटों में तथा मुंगेली क्षेत्र की दो सीटों में जीत का सेहरा किसके सिर पर होगा कल पता चलेगा। भाजपा कांग्रेस के उम्मीदवार भगवान की शरण में है। कोई तिरुपति बालाजी पहुंचा है तो कोई महामाया देवी में पूजा अर्चना कर रहा है। अटल श्रीवास्तव तो मरही माता के मंदिर पहुंच गए। दिलीप लहरिया भी पूजा पाठ में लगे हुए हैं। धरमलाल कौशिक तिरुपति बालाजी में दर्शन करके आ गए हैं। वहीं विजय केसरवानी भी जम्मू पहुंचकर मंदिर में पूजा अर्चना कर आज ही वापस आए हैं। कल सुबह 8 बजे से वोटो की गिनती शुरू होगी और दोपहर तक चुनाव नतीजे की तस्वीर साफ हो जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 58 से 60 सीट के से अधिक कांग्रेस के विधायक जीतने का दावा किया है। वही प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव भी पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनने का दावा कर रहे हैं। कल सुबह 8 बजे वोटो की शुरू होगी सभी उम्मीदवारों ने सभी छह विधानसभा में 14 टेबल में वोटो की गिनती के लिए एजेंट नियुक्त कर दिए हैं। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गणना होगी। उसके बाद बैलेट कंट्रोल यूनिट से वोटो की गिनती प्रारंभ होगी। पहले राउंड के वोटो की गिनती का परिणाम 9-00 बजे तक आने की संभावना है। बिलासपुर जिले के 6 विधानसभा सीट में 1502 बूथ में फोटो की गिनती होना है। जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है सभी विधानसभा में टेबल बार वोटो की गिनती होगी। जिसमें बिलासपुर तखतपुर बिलहा मस्तूरी, कोटा, बेलतरा विधानसभा के नतीजे कल शाम 5 बजे तक घोषित हो जाएंगे और दोपहर 200 तक किसकी जीत होगी, तक जीत हार का रुझान भी सामने आ जाएगा। कोनी आईटी भवन में इंजीनियरिंग कॉलेज में सुबह 6-00 ही अधिकारी कर्मचारियों के साथ मतगणना एजेंटो को भी बुलाया गया है।आज भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवार अपने-अपने मतगणना अभिकर्ताओं को गिनती के दौरान सावधानी बरतने की जानकारी भी दे रहे हैं, की मशीन से वोटो की गिनती की जानकारी कैसे रखना है। मतगणना स्थल कोनी में सुरक्षा की पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिलासपुर जिले में चार विधानसभा सीट में बिल्हा एवं मस्तूरी विधानसभा के वोटो की गिनती एवं चुनाव परिणाम में देरी हो सकती है। सबसे पहले कोटा एवं बिलासपुर विधानसभा के नतीजे घोषित होंगे पिछली दफा तखतपुर विधानसभा के चुनाव नतीजे रात 12-00 के बाद घोषित किए गए थे। सुबह 3-00 बज गए थे। विधानसभा में वोटो की गिनती के दौरान अभिकर्ता यदि आपत्ति दर्ज करते हैं तो उसे टेबल में वोटो की गिनती में देरी हो सकती है। आज जिला प्रशासन के अधिकारी कोनी इंजीनियरिंग कॉलेज पहुंचे और मतगणना के लिए पूरी होते ही हो रही तैयारी का जायजा लिया। बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र में सीधा मुकाबला अमर अग्रवाल और शैलेश पांडे के बीच है। विधायक शैलेश पांडे जहां अपनी जीत को लेकर आस्वस्त हैं वहीं दूसरी ओर अमर अग्रवाल भी प्रदेश में भाजपा सरकार बनने का दावा करने के साथ ही शहर में फिर से अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। वही बिलहा विधानसभा में भी पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक तथा पूर्व विधायक सियाराम कौशिक के बीच कांटे की टक्कर है। दोनों में से जीत किसकी होगी इसे लेकर भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवार के जीत का दावा कर रहे हैं। तखतपुर विधानसभा क्षेत्र में भी रश्मि सिंह और धरमलाल कौशिक के बीच कांटे की टक्कर है। धर्मजीत सिंह लोरमी से विधायक रहे और तखतपुर से चुनाव लड़ रहे हैं और रश्मि सिंह तखतपुर की वर्तमान विधायक है और दोनों पार्टी के कार्यकर्ता अपनी अपनी जीत का दावा कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया जा रहा है।

# 71 वर्षीय विधवा महिला की अवमानना याचिका में अधिकारियों को उपस्थित होने का आदेश

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। टाटीबंध, रायपुर निवासी 71 वर्षीय महिला श्रीमती उषा मिश्रा के पति स्व. रामकिशन मिश्रा नगरपालिक निगम, बिलासपुर में असिस्टेंट इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे। सेवाकाल के दौरान 12.08.2010 को उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु के 12 वर्ष पश्चात् भी उनकी विधवा उषा मिश्रा को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान ना किये जाने से क्षुब्ध होकर उषा मिश्रा द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष रिट याचिका दायर किये जाने पर हाईकोर्ट द्वारा दो माह के भीतर याचिकाकर्ता की ग्रेच्युटी राशि के भुगतान हेतु अभ्यावेदन का निराकरण करने का निर्देश दिया गया परंतु तय समय सीमा में आदेश का पालन ना किये जाने से क्षुब्ध होकर 71 वर्षीय वृद्ध (विधवा) महिला द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर के अवमानना याचिका दायर की गई।

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं गीता देबनाथ द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तक प्रस्तुत किया गया कि चूंकि याचिकाकर्ता के पति स्व. रामकिशन मिश्रा नगरपालिक निगम बिलासपुर में असिस्टेन्ट इंजीनियर के पद पर पदस्थ थे एवं उनकी मृत्यु या रिटायरमेंट के पश्चात् उनकी वैध हकदार याचिकाकर्ता ग्रेच्युटी राशि जो कि मृत व्यक्ति की चल संपत्ति मानी जाती है उसकी वैध हकदार याचिकाकर्ता है। हाईकोर्ट बिलासपुर द्वारा याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश पारित किये जाने के पश्चात अवमाननाकर्ताओं द्वारा आज दिनांक तक याचिकाकर्ता को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान नहीं किया गया है। नगर निगम के अधिकारियों द्वारा पारित आदेशों का समयसीमा में पालन ना किये जाने से हाईकोर्ट के समक्ष अवमानना याचिकाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है एवं हाईकोर्ट का अत्यंत कीमती एवं महत्वपूर्ण समय अवमानना याचिकाओं की सुनवाई में व्यर्थ हो जाता है। उच्च न्यायालय बिलासपुर द्वारा उक्त अवमानना याचिका की सुनवाई के दौरान मामले को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए एवं मामले में नाराजगी जाहिर करते हुए यह आदेशित किया गया कि यदि दो सप्ताह के भीतर चन्द्रवंशी (उपसंचालक-पेंशन), कुणाल दुदावत (कमिश्नर-नगर निगम बिलासपुर) एवं सतिकुमार यादव (डिप्टी कमिश्नर-नगर निगम बिलासपुर) हाईकोर्ट के समक्ष दिनांक 11 दिसम्बर 2023 को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होवें।

## हाईकोर्ट ने बिलासपुर निगम कमिश्नर को तलब किया

आदेश के बावजूद मृत कमर्चारी की बेवा को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान नहीं करने पर हाई कोर्ट ने उपसंचालक पेंशन आलोक चंद्रवंशी, बिलासपुर नगर निगमायुक्त को तलब किया है। रायपुर निवासी श्रीमती उषा मिश्रा का पति राम किशन मिश्रा बिलासपुर नगर निगम में सहायक अभियंता के पद में पदस्थ थे। सेवा काल के दौरान उनका 12 अगस्त 2010 को निधन हो गया। कर्मचारी के निधन होने के 12 वर्ष बाद भी उनकी बेवा को ग्रेच्युटी राशि का भुगतान नहीं किया गया। इस पर उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक पांडेय व गीता देवनाथ के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका पेश की। हाई कोर्ट ने मामले में दो माह के अंदर याचिकाकर्ता के देयक का भुगतान करने का आदेश दिया। तय समय में भुगतान नहीं होने पर उन्होंने उपसंचालक पेन्शन आलोक चंद्रवंशी, बिलासपुर निगमायुक्त कुणाल दुदावत के विरुद्ध अवमानना याचिका पेश की। जस्टिस अरविंद सिंह चन्देल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को तलब किया है। 11 दिसम्बर को मामले में सुनवाई होगी।

# चाकू दिखाकर मारपीट करने वाला युवक पकड़ाया

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। चाकू दिखाकर मारपीट करने वाले आरोपी को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी सावन कुमार गुप्ता पिता अशोक कुमार गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी पुराना बस स्टैण्ड करबला रोड थाना सिटीकोतवाली का थाना उपस्थित आकर एक लिखित आवेदन पेश किया है कि दिनाँक 060023 के रात्रि 10 बजे अनिल पांडेय कबाड़ी के यहां काम करने वाला ही बोटली धुर एवं उसके दो अन्य साथी शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे । नहीं देने पर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार जान से मारने की धमकी देते हुये दुकान में तोडफोड करते हुये अपने हाथ में रखे चाकू से वार करने की कोशिश कर रहा था स्टाफ के साथ और मेरे साथ मारपीट किये थे आवेदन पर से अपराध 164/23 धारा 294,506,323,427,327,34 भादवि 25.27 आसे एक्ट कर पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। हीरालाल उर्फ खोटली ध्रुव आज पुराना बस स्टैण्ड के पास चाकू रखकर लोगों का भयभीत कर रहा था।



थाना प्रभारी तारबाहर के नेतृत्व में टीम गठीत कर हीरालाल उर्फ खोटली ध्रुव को घेराबंदी कर पकडा गया जो अपराध करना स्वीकार किया है आरोपी के कब्जे से 1 नग स्टील का चाकू जप्त कर विधिवत अभिरक्षा में लिया गया। जिसे रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना तारबहार के थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौधरी, उनि श्रवण टण्डन, आर0-अरविंद, संदीप, रूपलाल चंद्रा, मुरली का योगदान रहा ।

# सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच खुलेंगे बैलेट बाक्स,मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं

## कलेक्टर ने मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**बिलासपुर**, 2 दिसंबर (देशबन्धु)। रविवार को प्रदेश समेत बिलासपुर में भी सुबह मतगणना का काम आठ बजे से शुरू होगा। पहले डाकमत पत्रों की गिनती होगी। इसके बाद सभी विधानसभा के मतपत्रों की गणना होगी। कलेक्टर अवनीश शरण, निगम कमिश्नर कुणाल दुदावत, पुलिस कप्तान संतोष सिंह ने रविवार को एक बार फिर कोनी स्थित इंजीनियरिंग कालेज मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान पत्रकारों और प्रत्याशियों के अलावा प्रत्याशी प्रतिनिधियों को अधिकारियों ने विधानसभा वार मतगणना स्थल का निरीक्षण कराया। साथ ही व्यवस्था को लेकर एक एक जानकारी को साझा भी किया। कलेक्टर ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि कहां से प्रत्याशी, एजेन्ट और पत्रकार अन्दर प्रवेश करेंगे। कलेक्टर और कमिश्नर ने मीडिया सेन्टर पहुंचकर सुविधाओं से अवगत कराया। अधिकारियों ने बताया कि मीडिया सेन्टर में वाई फाई दो एलईडी की सुविधा होगी।आम जन के लिए भी बड़ा स्क्रीन लगाया गया है। सभी लोग पल पल की गतिविधियों से रूबरू होंगे। इस दौरान तखतपुर विधानसभा के भाजपा प्रत्याशी धरमजीत सिंह समेत जिले के सभी 6 विधानसभा के प्रत्याशी प्रतिनिधि भी मौजूद थे। कल 3 तारीख को होने वाली वोटो की गिनती के लिए चाकचोबंद व्यवस्था कर ली गई है निर्वाचन अधिकारी बिलासपुर अवनीश शरण ने पत्रकारों से बात करते हुए तमाम जानकारी दी। साथ ही निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करने को भी कहा गया विशेष बात देखने को यह है कि कल प्रत्याशियों के प्रतिनिधि मंडल को कैलकुलेटर उपलब्ध कराए जाएंगे ऐसे किसी इलेक्ट्रॉनिक सामान को अंदर ले जाने की अनुमति नहीं है जिसमें की वाई-फाई की सुविधा हो पत्रकारों को भी यह हिदायत दी गई है कि मोबाइल फोन का इस्तेमाल वह नहीं कर पाएंगे। साथ ही निर्वाचन आयोग ने वाई-फाई की व्यवस्था मतगणना स्थल पर उपलब्ध कराई है बिलासपुर एसपी संतोष सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बताया कि थ्री लेयर कड़ी व्यवस्था की गई है साथ ही किसी संदिग्ध व्यक्ति को परिसर में आने की अनुमति नहीं है मीडिया कर्मी को भी बिना पास के अनुमति नहीं दी जाएगी साथ ही प्रत्येक प्रत्याशियों को भी इन सभी गैजेट्स का उपयोग ना करने की सख्त हिदायत दी गई है । सुबह 8 बजे सर्वप्रथम पोस्टल बैलेट की गिनती शुरू की जाएगी 8 से ईवीएम मशीन द्वारा वोटो की गिनती चालू रहेगी प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के व्यवस्था के अनुसार टेबल एवं काउंटर की व्यवस्था की गई है।



# ग्राम्य भारती कॉलेज में रक्तदान शिविर आयोजित



**कोरबा-हरदीबाजार**, 02 दिसंबर (देशबन्धु)। ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार में एड्स दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय जायसवाल शामिल हुए। उन्होंने सभी रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए प्रमाण पत्र प्रदान किए। अजय जायसवाल ग्राम्य भारती कॉलेज हरदीबाजार के पूर्व छात्र हैं व उन्होंने अपने कॉलेज पहुंच कर पूर्व के अपने छात्र जीवन और अनुभव को साझा किया। उन्होंने अपने शिक्षकों सहित कॉलेज परिवार का हाल जाना। इस दौरान खुशाल चौहान, युग नारायण यादव, कमलेश प्रजापति, संजय यादव सहित कॉलेज के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपास्थित रहे।

# कक्षा दसवीं की इंग्लिश बुक में पढ़ा रहे विकलांगों की सेवा करने की शिक्षा

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। विकलांग लोगों की सेवा करने की शिक्षा के लिहाज से कक्षा दसवीं की इंग्लिश बुक में इंक्लूडिंग माय फ्रेंड्स नाम की एक बहुत ही सुंदर कविता है। यह कविता राज्य के सभी स्टेट बोर्ड वाले स्कूलों में पढ़ाई जा रही है। सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक संस्कार श्रीवास्तव ने इस मार्मिक कविता के बारे में बताया कि कविता में भेदभाव की गलत नीति को दोषी ठहराते हुए विकलांग और सामान्य बच्चों को एक साथ रहने का संदेश दिया गया है। विकलांग बच्चों की भी अपनी भावनाएं होती हैं। उनकी भावनाओं का सम्मान होना चाहिए या संदेश स्कूली बच्चों को दिया गया है। कविता में विकलांग बच्चों को परेशान करने वाले लड़कों को गलत बताया गया है। असामाजिक तत्व अपने से अलग बच्चों के लिए बुरे शब्दों का प्रयोग करते हैं। वे दूसरे बच्चों के बालों और त्वचा के बारे में अच्छी बातें नहीं करते। चूँकि वे किसी भी चीज़ के बारे में अच्छी बात नहीं करते इसलिए उन्हें %बुरे लोग% कहा जाता है। उत्पाती स्वभाव के बच्चे विकलांग उन बच्चों को परेशान और अपमानित करते हैं। उन्हें चोट पहुंचाते हैं। वे बच्चों के बालों और त्वचा के बारे में गलत बातें करते हैं। वे उनके बात करने या खेलने के तरीके के बारे में भी अनुचित शब्दों का प्रयोग करते हैं। विकलांग बच्चों के साथ गलत व्यवहार करते हैं। अपमानित विकलांग बच्चे कहते हैं कि यदि हर कोई अपने तरीके से खास है। अगर हम दिल और दिमाग से सोचना शुरू करें तो जितना हम देख सकते हैं उससे कहीं ज्यादा है। हम चीजों को आंखों से देखते हैं। लेकिन इसमें और भी बहुत कुछ है। यदि हम दूसरों के बारे में गहराई से सोचते हैं तो हम पाते हैं कि हर किसी में विशेष गुण होते हैं। हर कोई अलग है। परे देखने के लिए हमें अपना नजरिया बदलना होगा, हम जो देखते हैं उससे कहीं ज्यादा एक इंसान है । अंग्रेजी की इस पोयम के माध्यम से शिक्षक बच्चों को बता रहे हैं कि गलत संगति के बच्चों का अनुचित व्यवहार विकलांग बच्चों के मन पर गहरा प्रभाव डालता है। उन्हें ठेस पहुंचाती हैं। शब्द शक्तिशाली होते हैं। यदि गलत तरीके से इस्तेमाल किया जाए तो किसी को भी ठेस पहुंच सकती है।

# एड्स से बचाव के प्रति जागरुकता लाने जोबी कॉलेज ने निकाली रैली

## विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण कर दिया लोगों को सुरक्षा संदेश

**रायगढ़** 02 दिसंबर (देशबन्धु)। शहीद वीर नारायण सिंह शासकीय महाविद्यालय जोबी-बर्रा में शुक्रवार 01 दिसम्बर को विद्यार्थी अपने-अपने मेन्टोर यानी सहायक प्राध्यापकों के साथ रैली पर निकले। एड्स से बचाव और स्वस्थ एवं सुरक्षित समाज निर्माण का लक्ष्य लिए ग्राम भ्रमण रैली निकाल कर जागरूकता संदेश प्रेषित किया।

प्राचार्य रविन्द्र कुमार थवाईत के निर्देशानुसार आयोजित इस एक दिवसीय जागरूकता रैली की शुरूआत महाविद्यालय में जानकारी प्रसार कार्यशाला से हुई। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना ओर यूथ रेडक्रॉस ईकाई इन दोनों कार्यक्रमों के तहत विष्व एड्स दिवस पर विद्यार्थियों को एड्स की बीमारी और एच.आई.बी. संक्रमण के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। सहायक प्राध्यापक एवं एन.एस.एस. अधिकारी सुरेन्द्र पाल दर्शन ने विद्यार्थियों के समक्ष इस बीमारी के पनपने के कारण बतलाते हुए भारत में संक्रमित रोगियों की संख्या, बीमारी के युवाओं में तेजी से बढ़ते संक्रमण, लैंगिक आधार पर बीमारी की वर्तमान स्थिति और जागरूकता का अभाव आदि बिन्दुओं पर अपने विचार रखे। उन्होंने इससे बचाव के कारगर तरीके बतलाते हुए सुरक्षा पहुलओं पर ध्यान देने और उपचार लेने में देर न करने जैसे आवश्यक टिप्स दिए। बढ़ते क्रम में विद्याथीगण सहायक प्राध्यापक एवं रेडक्रॉस अधिकारी योगेन्द्र कुमार राठिया के साथ ग्राम भ्रमण पर निकले, जिसने रैली का आकार लिए हाथों में बैनर व पोस्टरों के साथ स्थानीय आमजन का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। इस दौरान प्रेरक नारों के रूप मे जागरूकता और बचाव संबंधी गुंज निरन्तर बनी रही। विद्यार्थियों के समक्ष जो भी आए उनसे उन्होंने इस संबंध में खुल कर बात की और अपने-अपने विचार एक-दूसरे से साझा किए। उल्लेखनीय है कि इस जागरूकता कार्यशाला संग रैली में महाविद्यालय के बीए, बीकॉम और बीएससी तीनों संकाय के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र एवं छात्राओं दोनों ने अपने-अपने सहायक प्राध्यापकों व अतिथी व्याख्याताओं की अगुआई में स्वस्फूर्त होकर भाग लिया। सहायक प्राध्यापक वासुदेव प्रसाद पटेल, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रमती ज्ञानमणी एक्का, सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीमती श्वेता कुम्भज उपस्थित रहे।

# लूट के केस में चोरी का मामला दर्ज कर की खानापूर्ति

## टीआई और दो एसआई के खिलाफ आईजी ने दिए जांच के आदेश

## लूट के केस की एफआईआर और जांच में लापरवाही बरतने पर लिया एक्शन

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। बिलासपुर में महिला से हुई लूट के मामले में पुलिस ने चोरी की धारा लगाकर खानापूर्ति कर ली। यहां तक कि न तो घटना की सीसीटीवी फुटेज की जांच की और न ही तकनीकी साक्ष्य जुटाने के लिए मोबाइल की जांच ही कराई। इस लापरवाही से नाराज आईजी अजय यादव ने टीआई और दो एएसआई के खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए जांच अधिकारी आईपीएस पूजा कुमार को बनाया गया है। पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना बीते 22 नवंबर को हुई थी। शाम को तेलीपारा आरके बूट हाउस गली नंबर 3 निवासी अलका गुप्ता पिता चन्द्रप्रकाश गुप्ता (47) ट्यूशन पढ़ाने कश्यप कॉलोनी गई थी। वहां से वो पैदल घर वापस आ रही थी। गली नंबर 03 के पास शाम करीब 5.45 बजे एक्टिवा पर सवार 3 लोग मिले। उनमें से एक ने महिला के कंधे पर रखे पर्स छीन लिया और तीनों फरार हो गए। बैग में मोबाइल, पर्स, चश्मा, 9 हजार रुपए, डायरी, अलमारी की चाबी थी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली थाने में जाकर दर्ज कराई। पुलिस ने लूट का केस होने के बाद भी इस मामले में चोरी की धारा 379, 34 के तहत कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली।



### आईजी ने टीआई से मांगा था स्पष्टीकरण

इस मामले में आईजी अजय यादव ने संज्ञान लेते हुए टीआई को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा। इसके साथ ही केस डायरी तलब कर बारीकी से परीक्षण किया। एक हफ्ते के बाद सिटी कोतवाली पुलिस ने इस मामले में गलत कार्रवाई के बाद भी तथ्यहीन जवाब दिया। जिस पर आईजी अजय यादव भड़क गए। उन्होंने केस डायरी का परीक्षण किया, तब पुलिस की कई लापरवाही सामने आई, जिसके बाद उन्होंने अब इस मामले में सिटी कोतवाली टीआई उत्तम साहू, कायमीकर्ता अधिकारी एएसआई विजय राठौर और विवेचना अधिकारी एएसआई भानू पात्रे के खिलाफ प्राथमिक जांच के निर्देश दिए हैं। कोतवाली सीएसपी आईपीएस पूजा कुमार को जांच अधिकारी बनाया गया है।

## आधी-अधूरी डायरी पेश ही गई, प्रारंभिक जांच भी नहीं

आईजी अजय यादव ने इस मामले की डायरी मंगाई, तब पता चला कि डायरी आधी-अधूरी बनाई गई है। इसमें न तो प्रार्थिया का बयान दर्ज किया गया और न ही मौके पर जाकर किसी का बयान दर्ज किया गया है। 27 नवंबर को मोबाइल की तकनीकी जांच की बात कही गई है, लेकिन जांच का प्रतिवेदन ही साइबर सेल नहीं भेजा गया है।

इसके साथ ही पुलिस ने आरोपियों की पहचान करने के लिए घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच नहीं की गई है और न ही संदेहियों की जानकारी जुटाकर पूछताछ की गई है।

# गुरूद्वारा में शब्द कीर्तन व अरदास

**बिलासपुर**, 2 दिसम्बर (देशबन्धु)। श्री गुरु नानक देव जी गुरु पर्व की खुशी में श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा दयालबंद जी की अगवाई में पंजाबी मानव सेवा समिति द्वारा समाज के सहयोग से श्री गुरु नानक देव जी चौक मैं सौंदर्य कारण किया है। 2 दिसंबर दिन शनिवार शाम 4 बजे से कीर्तन श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी का प्रकाश समाप्ति और उपरांत प्रसाद.ज्ञानी बलबीर सिंह जी पुणे वालों द्वारा शब्द कीर्तन किया गया ।ज्ञानी मान सिंह जी द्वारा अरदास की गई श्री गुरु सिंह गुरुद्वारा बिलासपुर के प्रधान नरेंद्र पाल सिंह जी गांधी जी पंजाबी सामानों से समिति के अध्यक्ष मनजीत सिंह अरोड़ा संरक्षक सुरेंद्र गुम्बर कोषाध्यक्ष अनिल सुलूजा सचिन प्रिंस भाटिया प्रितपाल सिंह गंभीर पवन अजमानी जसपाल सेठी मिंटू अरोड़ा असित पाल सिंह जुनेजा नितिन छाबड़ा इंद्रजीत सलूजा आदर्श पंजाबी महिला समिति अध्यक्ष पम्मी गुंबद शशि आहूजा श्रधा खंडूजा नाश्ता श्री सुखमणि सर्कल गलवंड दिलजीत कौर सलूजा पंथ प्रचार समिति नानक सिंह गांधी किरण चावला अमोलक सिंह टुटेजा राजू भाटिया प्रीतम सिंह सलूजा मंगल छाबड़ा गुरमीत सिंह अरोड़ा अशोक टुटेजा परमजीत सिंह उपेजा रणजीत सिंह खनूजा नेवी गंभीर परमजीत बग्गा साथ ही खालसा सेवा समिति पंजाबी. सेवा समिति गुरमत ज्ञान समिति.सब सेवा मे लगे हैं ।



***ÚUæßÌ**

| 03.12.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 525 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 540 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रू.
CSPFA

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188